सच, सिर्फ सच ** 
# वॉयस ऑफ लखनऊ
शनिवार, 19 सितम्बर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 71, पेज 12, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



**निफ्टी 76 अंक चढ़ा, सेंसेक्स टूटा**

शेयरों में कमजोर रुख के कारण मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी 76 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। } 10

**पंजाब के हर कोने तक पहुंचे नशारोधी मुहिम**

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि पंजाब को नशे के अभिशाप से मुक्त करना होगा और नशा विरोधी अभियान को राज्य के हर कोने तक पहुंचाया जाना चाहिए। } 12

## और मजबूत होंगे भारत-यूएई के रिश्ते

### राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने पीएम मोदी से फोन पर की वार्ता

एजेंसी



नयी दिल्ली। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों और द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी प्रगाढ़ करने के तरीकों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी और यूएई के राष्ट्रपति नाहयान ने क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने के प्रयासों में लगातार सहयोग और समन्वय बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के नये उपायों पर भी चर्चा की, जिसमें ऊर्जा, रक्षा, प्रौद्योगिकी, निवेश और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्र शामिल हैं। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा मुझे फोन करने और जन्म दिन की शुभकामनाएं देने के लिए, मैं अपने भाई, यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का आभारी हूं। हमने द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की तथा क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने के प्रयासों पर विचारों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## युद्ध की बदलती प्रकृति को देखते हुए स्वदेशी टेक्नोलॉजी आवश्यक : राजनाथ

### एचएएल ने एलसीए तेजस प्रशिक्षक विमान, एचटीटी-40 और ध्रुव एनजी हेलीकॉप्टर सौंपे

एजेंसी




बेंगलुरु। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि देश में ऐसा तंत्र विकसित किया जाना चाहिए, जो असैन्य और सैन्य विमानन दोनों क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा कर सके।

उन्होंने कहा कि युद्ध की बदलती प्रकृति को देखते हुए स्वदेश में विकसित प्रौद्योगिकियां आवश्यक हैं। सिंह रक्षा क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एयरॉनोटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के कार्यक्रम में वायुसेना को हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस- दो-सीट वाले प्रशिक्षु और एचटीटी-40 बेसिक प्रशिक्षु विमान तथा पवन हंस लिमिटेड को अगली पीढ़ी के ध्रुव हेलीकॉप्टर सौंपे जाने के मौके पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा हमें ऐसा तंत्र विकसित करने की जरूरत है, जो असैन्य और सैन्य विमानन दोनों क्षेत्रों की जरूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा कर सके। रक्षा मंत्री ने कहा कि युद्ध की प्रकृति तेजी से बदल रही है, ऐसे में भारत के लिए स्वदेशी रूप से प्रौद्योगिकियों को विकसित करना समय की जरूरत है। सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों को प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक संगठनों के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों को प्रतिद्वंद्वी के रूप में नहीं देखना चाहिए। अत्याधुनिक नवाचार की आवश्यकता पर जोर देते हुए सिंह ने वैज्ञानिकों और अभियंताओं से भविष्य की रक्षा जरूरतों को पूरा करने वाली प्रौद्योगिकियां विकसित करने का आग्रह किया। सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने शुक्रवार को भारतीय वायुसेना को दो सीट वाला एलसीए तेजस एफओसी प्रशिक्षक विमान और एचटीटी-40 बुनियादी प्रशिक्षण विमान तथा पवन हंस को ध्रुव नेक्स्ट जेनरेशन हेलीकॉप्टर सौंपे। एचएएल द्वारा इन विमानों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### निठारी कांड में आरोपी रहे सुरेंद्र कोली का मिला शव



हरिद्वार। हरिद्वार के सप्त सरोवर क्षेत्र में स्थित चाय की एक दुकान से शुक्रवार को निठारी नरकंकाल बरामदगी मामले में मुख्य आरोपी रहे सुरेंद्र कोली का शव बरामद हुआ। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच के दौरान ऐसा प्रतीत हुआ है कि कोली ने अपनी दुकान में कथित रूप से फंदा लगाकर आत्महत्या की। हरिद्वार के पुलिस नगर उपाधीक्षक शिशुपाल सिंह नेगी ने बताया कि सप्तऋषि इलाके में स्थित दुकान में एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को कोली के गले में रस्सी का फंदा बंधा हुआ मिला जबकि छत पर लगे पंखे से भी रस्सी का एक टुकड़ा बंधा हुआ था।

### मराठी फिल्म गोंधल ऑस्कर के लिए नामित

मुंबई। मराठी फिल्म गोंधल को ऑस्कर पुरस्कार 2027 के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर चुना गया है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया (एफएफआई) ने शुक्रवार को यह घोषणा की। संतोष डावखर द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म ग्रामीण महाराष्ट्र की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसकी कहानी एक नवविवाहित जोड़े से जुड़ी पारंपरिक रस्म वाली एक रात के इर्द-गिर्द घूमती है। चयन समिति के अध्यक्ष पी. शेषाद्रि ने कहा कि 33 फिल्मों की सूची में से इस फिल्म को 99वें एकेडमी पुरस्कारों की सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना गया है।

# एनसीआर की हवा शुद्ध बनाने के लिए यूपी का बड़ा प्लान

### मुख्यमंत्री योगी के साथ बैठक में शामिल हुए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन को लेकर उच्चस्तरीय बैठक की। इसमें उत्तर प्रदेश के एनसीआर से जुड़े नोएडा, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, बुलंदशहर समेत आठ जिलों में वायु प्रदूषण की रोकथाम के उपायों और कार्ययोजना की समीक्षा की गई। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया कि वाहन प्रदूषण के तहत पुराने वाहनों, नई ईवी नीति, इलेक्ट्रिक बसों, प्रदूषण प्रमाणपत्र की अनिवार्यता और एग्रीगेटर वाहनों से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। औद्योगिक प्रदूषण की समीक्षा में करीब 80 प्रतिशत उद्योगों में ओसीईएमएस (ऑनलाइन सतत उत्सर्जन निगरानी प्रणाली) और एयर पॉल्यूशन डिवाइस लगाए जाने की जानकारी दी गई। शेष उद्योगों में भी इन्हें लागू करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि बैठक में धूल प्रदूषण पर मैकेनाइज्ड और डीप क्लीनिंग की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट तथा कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए विभिन्न विभागों और हितधारकों के साथ कंसल्टेशन कार्यक्रम चलाने पर भी सहमति बनी है। एनसीएपी के तहत देश के 130 शहरों के स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में लखनऊ ने प्रथम स्थान हासिल किया है। आगरा समेत प्रदेश के अन्य शहरों का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा है। केंद्रीय मंत्री ने ह्यएक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लक्ष्य से अधिक पौधरोपण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी। उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बैठक हुई है। अब राजस्थान और पंजाब के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## भूजल स्रोतों की जांच में यूपी अव्वल

### उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय औसत से 44 प्रतिशत आगे

विशेष संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेशवासियों के लिए जल संरक्षण, भूजल स्तर में सुधार और हर घर तक स्वच्छ व सुरक्षित जल पहुंचाने में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में भूजल स्रोतों की गुणवत्ता और स्थिति की निगरानी को लेकर किए जा रहे परीक्षण कार्य में प्रदेश ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। जांच के अंतर्गत राज्य व जिले स्तर की प्रयोगशालाओं से प्रदेशभर में भूजल स्रोत, भूमिगत व ओवरहेड टंकी समेत पानी के अन्य स्रोतों की पड़ताल की गई है।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में 48,055 भूजल स्रोतों के परीक्षण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके मुकाबले 45,361 स्रोतों की जांच पूरी कर ली गई है। यह कुल लक्ष्य का 94.39 प्रतिशत है। 15 सितंबर 2026 तक के आंकड़ों के आधार पर उत्तर ...शेष पृष्ठ 10 पर

### साइबर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 23 लोग गिरफ्तार

नयी दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली में अमेरिका, कनाडा और यूरोपीय देशों के नागरिकों से तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के नाम पर ठगी करने वाले एक संगठित साइबर अपराध गिरोह का भंडाफोड़ कर 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) हरेश्वर वी. स्वामी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बृहस्पतिवार रात साइबर पुलिस और विशेष स्टाफ ने तीन स्थानों पर छापेमारी की और हरि नगर तथा कीर्ति नगर में तीन कॉल सेंटरों का भंडाफोड़ किया। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान परिसर में अवैध अंतरराष्ट्रीय कॉल-सेंटर संचालित होते मिले, जहां आरोपी ऐप्पल, आईओएस और माइक्रोसॉफ्ट के तकनीकी-सहायता व ग्राहक सेवा कर्मी बनकर इंटरनेट-आधारित कॉलिंग एप्लिकेशन के माध्यम से विदेशी नागरिकों से संपर्क करते थे। स्वामी ने बताया कि पुलिस ने कॉल सेंटर के कथित मालिकों, प्रबंधकों, बैंकरों और ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पाक की मस्जिद में आत्मघाती विस्फोट, 16 लोगों की मौत



एजेंसी

पेशावर। पाकिस्तान के कोहाट जिले में पुलिस लाइन के निकट स्थित एक मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान शुक्रवार को हुए आत्मघाती विस्फोट में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट खैबर पख्तूनख्वा की राजधानी पेशावर से लगभग 60 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में कोहाट जिले में स्थित पुरानी पुलिस लाइन के निकट बनी मस्जिद में हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एक हमलावर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## युवा शक्ति में है प्रतिभा व ऊर्जा : धामी

### चयनित 140 छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री से साझा किया विकास का विजन

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखण्ड की युवा शक्ति में प्रतिभा, ऊर्जा और नवाचार की क्षमता है। सही अवसर और दिशा मिलने पर युवा राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उक्त उद्गार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री युवा विद्यार्थी मंथन अभियान के तहत चयनित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। बता दें कि प्रदेश के 2 लाख 67 हजार 744 विद्यार्थियों ने अपने विचार और सुझाव साझा किये। इनमें से चयनित 140 छात्र-छात्राओं ने मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ सीधे संवाद कर अपने विजन को सामने रखा। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों की बात सुनी और राज्य के भविष्य को लेकर उनकी प्राथमिकताओं को समझा। उन्होंने कहा कि युवाओं के सुझावों को महज किसी प्रतियोगिता का हिस्सा मानकर समाप्त नहीं किया जाएगा। उपयोगी और व्यावहारिक विचारों को योजनाओं एवं नीति-निर्धारण की प्रक्रिया से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। मंथन के दौरान विद्यार्थियों ने राज्य की वर्तमान चुनौतियों के साथ उनके समाधान को लेकर भी विचार रखे। शिक्षा एवं रोजगार, कौशल विकास, पलायन, पर्यटन, स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरण और वन संरक्षण, आपदा प्रबंधन, सड़क एवं संपर्क व्यवस्था, तकनीक, सुशासन, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## भारत में धर्म की अवधारणा पश्चिमी रिलिजन से अलग : मोहन भागवत

एजेंसी



उज्जैन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत में धर्म की अवधारणा पश्चिमी देशों में प्रचलित रिलिजन की धारणा से अलग है और देश ने विभिन्न मत-पंथों के बीच कभी भेदभाव नहीं किया। भागवत यहां करीब 1,700 जेन जी प्रतिभागियों को युवा धर्म संसद में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि ऐसे समय में युवा धर्म पर चर्चा कर रहे हैं, जब कुछ लोग इसे बुजुर्गों का विषय मानते हैं। भागवत ने कहा कि धर्म त्याग और दान से फलता-फूलता है। उन्होंने भौतिक तथा आध्यात्मिक जीवन में संतुष्टि के लिए त्याग के महत्व को रेखांकित किया। भागवत ने कहा कि धन कमाने पर कोई रोक नहीं है, लेकिन व्यक्ति को अपने लिए उतना ही रखना चाहिए जितनी आवश्यकता है और बाकी दूसरों के साथ साझा करना चाहिए। उन्होंने कहा आपका जीवन इस तरह आगे बढ़ना चाहिए कि दूसरों का जीवन भी ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** बीबीडी परिसर से जयकारों के बीच निकली भगवान गणेश की भव्य विसर्जन यात्रा, झूलेलाल पार्क स्थित गोमती नदी में हुआ गणेश प्रतिमा का विसर्जन

# गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ...










फोटो : समीर भटनागर

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी कैम्पस में हो रहे चार दिवसीय गणेश महोत्सव 2026 के समापन समारोह के बाद हजारों की उपस्थिति में शुक्रवार को झूलेलाल पार्क स्थित गोमती तट पर गणेश प्रतिमा का विसर्जन हुआ। सुबह श्री सिद्धि गणेश मंदिर के पंडाल में विराजमान भगवान गणपति की पूजा-अर्चना वाराणसी के प्रख्यात आचार्य राजीव नयन उपाध्याय ने की। इसके बाद गणपति की भव्य प्रतिमा को वाहन पर सवार कर विसर्जन के लिए हजारों लोगों ने गाड़ियों के काफिले के साथ यात्रा शुरू की। पूरे रास्ते गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए, अबीर, गुलाल से सराबोर लोग विघ्नहर्ता की भक्ति में डूबे हुए थे। रास्ते में सभी बाजारों व चौराहों पर लोगों ने गणपति के दर्शन किये और खील एवं लड्डू का प्रसाद ग्रहण किये। यह शोभा यात्रा बीबीडी कैम्पस से शुरू होकर मटियारी चौराहा, चिनहट तिराहा, पॉलीटेक्निक चौराहा, निशातगंज, हनुमान सेतु होते हुए झूलेलाल पार्क स्थित गोमती नदी में प्रतिमा का विसर्जन किया। इस गणेश विसर्जन में बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास, वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती देवांशी दास एवं सुश्री सोनाक्षी दास, बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के मुख्य अधिशाषी निदेशक आरके अग्रवाल सहित शहर के तमाम गणमान्य लोग सम्मिलित रहे।

# सीएम आज 818 अभ्यर्थियों को देंगे नौकरी की सौगात

## एक्सरे-टेक्नीशियन के 357 और होम्योपैथिक समेत विभिन्न पदों पर 404 अभ्यर्थियों को मिलेगा नियुक्ति पत्र

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार और सरकारी सेवाओं से जोड़ने की दिशा में शनिवार को एक और महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लोकभवन सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में चयनित 21 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे जबकि शेष 797 अभ्यर्थियों को विभाग द्वारा नियुक्ति पत्र दिया जाएगा, कुल 818 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

19 सितंबर को आयोजित होने वाले नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश उद्योग निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं एवं आयुष विभाग से जुड़े विभागों के अभ्यर्थी शामिल होंगे।

नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यर्थियों में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के तहत विभिन्न ट्रेडों के अनुदेशक भी शामिल हैं। इस श्रेणी में कुल 48 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इनमें मैकेनिक (ट्रैक्टर), पेंटर (सामान्य), सर्वेयर, मैकेनिकल मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स, लेदर गुड्स मेकर, वायरमैन और प्लंबर जैसे पद शामिल हैं। प्लंबर के पद पर चयनित अभ्यर्थियों की संख्या 31 है, जबकि मैकेनिक (ट्रैक्टर) के छह, वायरमैन के चार और पेंटर (सामान्य) के चार अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। इसके अलावा सर्वेयर, मैकेनिकल मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स, लेदर गुड्स मेकर के एक-एक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। इन नियुक्तियों से विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों में तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण से जुड़ी गतिविधियों को मजबूती मिलेगी।

वहीं अलग-अलग ट्रेडों में अनुदेशकों की नियुक्ति से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को संबंधित क्षेत्रों में बेहतर मार्गदर्शन मिलेगा।

कार्यक्रम में उद्योग विभाग के भी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश उद्योग निदेशालय, कानपुर के तहत सहायक सांख्यिकीय अधिकारी के नौ पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इन सहायक सांख्यिकीय अधिकारियों की नियुक्ति से विभागीय स्तर पर आंकड़ों के संकलन, विश्लेषण और विभिन्न औद्योगिक गतिविधियों से संबंधित सांख्यिकीय कार्यों को गति मिलेगी। इसके साथ ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के 357 एक्सरे-टेक्नीशियन के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। इसके अलावा आयुष विभाग में होम्योपैथिक फार्मासिस्ट के 361, होम्योपैथिक प्रोफेसर के चार, आयुर्वेद प्रोफेसर के पांच, आयुर्वेद रीडर के 22, यूनानी प्रोफेसर के एक, यूनानी रीडर के एक और यूनानी लेक्चरर के 10 पदों पर चयनित कुल 404 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

# दिव्यांगजनों को घर के नजदीक मिलेंगी सुविधाएं

- 10 अक्टूबर तक शिविर पूरा करने का लक्ष्य

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करने जा रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में सहायक उपकरण योजना के तहत पात्र दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दिव्यांग कल्याण शिविर लगाए जाएंगे, जिन्हें 10 अक्टूबर 2026 तक पूरा कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

योगी सरकार की इस पहल का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिव्यांगजनों तक उनके निकटतम क्षेत्र में पहुंचाना है, ताकि उन्हें आवश्यक सुविधाओं के लिए सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। शिविरों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं की जानकारी, आवेदन, पात्रता सत्यापन और लाभ उपलब्ध कराने की सुविधा मिलेगी। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से आयोजित होने वाले इन शिविरों में पात्र दिव्यांगजनों का चिन्हांकन और पंजीकरण किया जाएगा। सहायक उपकरणों के लिए आवेदन लेने के साथ आवश्यक अभिलेखों एवं पात्रता का सत्यापन भी होगा। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पात्र लाभार्थियों को कृत्रिम अंग और उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा विभिन्न विभागों की दिव्यांगजन हितैषी योजनाओं की जानकारी भी एक ही स्थान पर दी जाएगी। जरूरत के अनुसार लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के साथ आवेदन प्रक्रिया के संबंध में मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। शासनादेश के अनुसार शिविरों के प्रभावी आयोजन के लिए जिला स्तर पर जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाएगा। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से अधिकारियों को अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक शिविरों की सूचना पहुंचाने और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। लाभार्थियों को उनके नजदीकी क्षेत्र में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने से सरकारी योजनाओं तक उनकी पहुंच आसान होगी। यह अभियान डबल इंजन सरकार की योजनाओं का लाभ लाभार्थी के द्वार तक पहुंचाने के संकल्प को आगे बढ़ाने के साथ दिव्यांगजनों के सम्मानजनक और सुगम जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# भारतीय राष्ट्रीय लोकतांत्रिक जनता पार्टी ने घोषित की प्रदेश कमेटी

विशेष संवाददाता (vol)

- आदित्य विक्रम सिंह ने प्रदेश कार्यकारिणी में 51 पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी
- राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय से विचार-विमर्श के बाद जारी हुई कमेटी

**लखनऊ।** भारतीय राष्ट्रीय लोकतांत्रिक जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह ने अपनी प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय से विचार-विमर्श के बाद जारी प्रदेश कमेटी में कुल 51 पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जारी कमेटी में जितेंद्र राय, रजनीश चौहान, राज प्रताप त्रिपाठी, रवि कांत मिश्रा, सुनील त्यागी, एहसान सिद्दीकी, अल्पना देवी, राजकुमार उपाध्याय और संजय मौर्य को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, प्रदेश संगठन को मजबूती देने के लिए राम रतन सिंह बौद्ध, अयूब, अनिल त्रिपाठी, सुरेश प्रसाद शाही, मो. मैनुद्दीन, सत्यव्रत शुक्ला, सुरेंद्र सिंह, आशीष चतुर्वेदी, देवेंद्र नाथ राय, राजेश गोयल, निवास राय, लक्ष्मीनायक, पूनम तोमर, सुनील शुक्ला, विनोद यादव और अनुज त्यागी को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। प्रदेश कार्यकारिणी में विभिन्न नेताओं को प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। इसके साथ ही जयप्रकाश जयसवाल को कोषाध्यक्ष, राज कुमार शुक्ला को मीडिया प्रभारी तथा किशन राय को आईटी सेल की जिम्मेदारी दी गई है।

पार्टी के विभिन्न मोर्चों में रोशन सिंह तोमर को युवा जनता मोर्चा, डॉ. गरम मिश्रा को महिला जनता मोर्चा, कन्हैया लाल गौतम को अनुसूचित जनता मोर्चा, मो. हसीब अहमद निजामी को अल्पसंख्यक जनता मोर्चा तथा करुणेश राय को किसान जनता मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह की ओर से जारी इस प्रदेश कार्यकारिणी में कुल 51 पदाधिकारियों को संगठनात्मक जिम्मेदारियां दी गई हैं। पार्टी ने हाल में उत्तर प्रदेश में संगठन विस्तार और मंडल स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलनों की योजना की बात भी सार्वजनिक रूप से कही है।

# 26 लाख बेटियों को एचपीवी टीकाकरण का शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव की दिशा में ऐतिहासिक पहल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने अपनी बेटियों के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। ह्यूमन पैपिलोमावायरस टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 26 लाख से अधिक बालिकाओं को सुरक्षा कवच प्रदान करते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है। यह उपलब्धि प्रदेश में किशोरियों के सुरक्षित कल स्वास्थ्य संरक्षण और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के प्रति प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत 14 वर्ष की पात्र बालिकाओं को माता-पिता की सहमति से राजकीय स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क एकल-खुराक एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अंतर्गत प्रत्येक उस बालिका को यह जीवनरक्षक वैक्सीन निःशुल्क लगाई जा रही है, जिसका 14वाँ जन्मदिन पूर्ण हो चुका है] परन्तु 15वाँ जन्मदिन अभी नहीं आया है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार यह आयु वर्ग वैक्सीन के प्रभाव की दृष्टि से सर्वाधिक उपयुक्त माना जाता है, जिससे भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, डा. पिंकी जोवल ने कहा कि उत्तर प्रदेश अपने चिन्हित लक्षित समूह में 100 प्रतिशत कवरेज प्राप्त करने वाले राज्यों में शामिल है। 26 लाख से अधिक बेटियों को एचपीवी टीके का सुरक्षा कवच मिलना हमारे लिए केवल एक उपलब्धि या आंकड़ा नहीं है, बल्कि लाखों परिवारों की उम्मीदों और हमारी बेटियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा भावनात्मक क्षण है। एक बेटी के स्वस्थ रहने का अर्थ केवल एक परिवार का स्वस्थ रहना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों का मजबूत और सुरक्षित होना है। हम चाहते हैं कि हमारी हर बेटी अपने सपनों को पूरा करने के लिए पूरी तरह स्वस्थ और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े। सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारी से बचाव के लिए समय पर किया गया। एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है। किशोरावस्था में एचपीवी टीकाकरण भविष्य में एचपीवी संक्रमण तथा उससे संबंधित कैंसर के जोखिम को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण निवारक उपाय है।



- बेटियों के स्वस्थ भविष्य के लिए प्रदेश सरकार का संकल्प

# फास्ट फूड की रसोई में फंगस, चूहे और एक्सपायर्ड नॉनवेज!

## लखनऊ, नोएडा और गोरखपुर में 233 प्रतिष्ठानों की जांच, 163 सुधार नोटिस जारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और उपभोक्ताओं की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार की प्राथमिकता के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने फास्ट फूड चेन, रेस्टोरेंट और खाद्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ व्यापक निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्रवाई की। लखनऊ, नोएडा और गोरखपुर में कुल 152 टीमों ने 233 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान सामने आई कमियों पर 163 सुधार नोटिस जारी किए गए, जबकि गंभीर अनियमितताओं वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ लाइसेंस निलंबित करते हुए खाद्य प्रतिष्ठान को बंद कराया गया।

### लखनऊ में 78 फूड कोर्ट व फास्ट फूड प्रतिष्ठानों की जांच

लखनऊ में 52 टीमों ने 78 फूड कोर्ट और फास्ट फूड प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। यहां 42 सुधार नोटिस जारी किए गए। विभागीय जांच में कई स्थानों पर खाद्य पदार्थों के रखरखाव, स्वच्छता, कच्चे और पके भोजन के अलग-अलग भंडारण तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन में कमियां सामने आईं। निरीक्षण के दौरान सबवे, शालीमार गेटवे, आलमबाग में पर्याप्त ड्रेनेज व्यवस्था और हाइजीन/सैनेटरी कंडीशंस संतोषजनक नहीं पाई गईं। परिसर में दूषित तथा खाद्य पदार्थों के की स्थिति सामने आने पर प्रतिष्ठान का खाद्य कारोबार बंद कराया गया। गोली वड़ा पाव, आर्क बलेनो में रोजेट की उपस्थिति, अस्वच्छ परिस्थितियां तथा दीवारों और खाद्य पदार्थों में फंगस पाए जाने पर प्रतिष्ठान को बंद कराए जाने की संस्तुति की गई। वहीं बीकानेरवाला, फन मॉल में खाद्य पदार्थों में फंगस, परिसर में रोजेट, दुर्गंध, ग्रेवी कॉन्टेमिनेशन और वाटर लॉगिंग जैसी गंभीर कमियां मिलीं। इसके चलते प्रतिष्ठान बंद कराया गया तथा उसकी अनुज्ञप्ति निलंबित की गई।

### नोएडा में रसोई की बदहाली उजागर, 71 प्रतिष्ठानों की हुई जांच

नोएडा में 57 टीमों ने 71 प्रतिष्ठानों की जांच की और 42 सुधार नोटिस जारी किए। कई प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा से जुड़ी गंभीर कमियां पाई गईं। विभाग के अनुसार, कुछ रसोइयों में फंगस, चूहों की मौजूदगी, गंदगी, एक्सपायर्ड नॉनवेज और अस्वच्छ परिस्थितियां सामने आईं जांच में मोती महल डिलक्स, निहाऊ, पंजाबी ढाबा-61, कैसल बारबेक्यू, रोड हाउस, पैडी हॉस्पिटैलिटी/रोलिंग फ्रेश, द येलो चिली, मिनिस्ट्री ऑफ दारू, टेस्ट ऑफ दिल्ली एवं जायका, ईट क्लब, एब्सोल्यूट बारबेक्यूज, कार्निवल फूड डिलाइट तथा येलो चिली रेस्टोरेंट समेत 13 प्रतिष्ठानों के खिलाफ लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया शुरू की गई है। इन प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों के गलत तापमान पर रखे जाने, कच्चे और पके भोजन के साथ-साथ रखे जाने, गंदे बर्तन, अस्वच्छ रसोई, कीट नियंत्रण की कमी, एक्सपायर्ड सामग्री और खाद्य पदार्थों के अनुचित भंडारण जैसी कमियां दर्ज की गईं।

### गोरखपुर में 84 प्रतिष्ठानों पर जांच

गोरखपुर में 43 टीमों ने 84 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। यहां 79 सुधार नोटिस जारी किए गए। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों को सुधार के लिए समय दिया जाएगा। निर्धारित अवधि में कमियां दूर नहीं होने पर लाइसेंस निलंबन, निरस्तीकरण और अन्य विधिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने सभी खाद्य कारोबारियों को साफ-सफाई, सुरक्षित भंडारण, वैध लाइसेंस, गुणवत्तापूर्ण कच्चे माल और निर्धारित तापमान पर खाद्य पदार्थों के रखरखाव के निर्देश दिए हैं। विभाग ने कहा है कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर यूपी में सेवा का महाअभियान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर के अवसर पर उत्तर प्रदेश में सेवा दिवस के तहत प्रदेशव्यापी कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदेश के सभी 75 जिलों में रक्तदान शिविर, अस्पतालों में मरीजों को फल वितरण और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को टूल किट वितरण किया गया। वहीं आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत प्रदेशभर में 5.90 करोड़ दीप प्रज्वलित किए गए।

प्रदेश में आयोजित 354 रक्तदान शिविरों में 8,323 लोगों ने रक्तदान किया। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 12,271 लाभार्थियों को टूल किट वितरित की गई, जबकि विभिन्न जिलों के अस्पतालों में भर्ती 73,959 मरीजों को फल बांटे गए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग इन कार्यक्रमों के नोडल विभाग रहे। ह्यआशीर्वाद का दीयाह्न कार्यक्रम के तहत सभी 75 जिलों में कुल 5 करोड़ 90 लाख दीप जलाए गए। लखनऊ में 21,23,900, सीतापुर में 21,43,140, आजमगढ़ में 15,70,120, गोरखपुर में 14,21,112, आगरा में 13,32,200, झांसी में 11,21,410, कानपुर देहात में 11,28,038 और रामपुर में 10,94,354 दीप प्रज्वलित किए गए। गाजियाबाद में 39 रक्तदान शिविरों में 1,572 लोगों ने रक्तदान किया। गौतमबुद्ध नगर में 21 शिविरों में 246, कानपुर शहर में 23 शिविरों में 452, वाराणसी में 20 शिविरों में 510, लखनऊ में 20 शिविरों में 263 और जौनपुर में 13 शिविरों में 299 लोगों ने रक्तदान किया। फल वितरण में बहराइच में 4,740 मरीजों, बस्ती में 3,681, मीरजापुर में 3,273, आगरा में 3,198, फिरोजाबाद में 2,706, सुल्तानपुर में 2,593, गोंडा में 2,163 और कानपुर शहर में 2,286 मरीजों को फल वितरित किए गए। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत संतकबीरनगर में 725, अंबेडकरनगर में 725, मेरठ में 575, मैनपुरी में 550, फिरोजाबाद में 525, मुरादाबाद में 400, हमीरपुर में 400 और उन्नाव में 400 लाभार्थियों को टूल किट वितरित की गई। प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से रक्तदान, मरीजों की सेवा और पारंपरिक कारीगरों को सहायता उपलब्ध कराने के साथ सेवा दिवस मनाया गया।

# सारथी दीदी से महिलाओं का सफर होगा सुरक्षित

विशेष संवाददाता (vol)

- शहरों से गांवों तक पहुंचेगी कैब सेवा
- ई-रिक्शा, दोपहिया और कैब चलाने का प्रशिक्षण पाएंगी महिलाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महिलाओं के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन व्यवस्था विकसित करने की तैयारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रस्तावित सारथी दीदी सेवा के तहत महिला यात्रियों को महिला चालकों का विकल्प देने के साथ यात्रा के दौरान सुरक्षा की निगरानी का तंत्र विकसित किया जाएगा। व्यवस्था में आपात स्थिति के लिए एसओएस सुविधा, 24 घंटे मॉनिटरिंग और पुलिस के साथ समन्वय का प्रावधान किए जाने की तैयारी है।

प्रस्तावित व्यवस्था को भारत टैक्सी मॉडल के माध्यम से शहरों से ग्रामीण क्षेत्रों तक विस्तार देने की योजना है। इसके लिए प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को जोड़कर ग्रामीण स्तर पर राइड-हेलिंग और डिलीवरी सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाएगा।

सारथी दीदी सेवा में महिला यात्रियों की सुरक्षा को प्रमुखता दी जाएगी। यात्रा के दौरान आपात स्थिति में एसओएस बटन के माध्यम से सहायता लेने की सुविधा प्रस्तावित है। इसके साथ लाइव लोकेशन ट्रैकिंग, 2497 मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम और पुलिस सहायता के लिए समन्वय तंत्र विकसित किया जाएगा। इस व्यवस्था से खासतौर पर उन महिलाओं और छात्राओं को सुविधा मिलने की उम्मीद है, जिन्हें पढ़ाई, नौकरी या अन्य आवश्यकताओं के लिए नियमित रूप से अकेले यात्रा करनी पड़ती है। योजना का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष महिलाओं को परिवहन क्षेत्र में रोजगार से जोड़ना है। इसके तहत महिलाओं को ई-रिक्शा, दोपहिया और कैब चलाने का विशेष प्रशिक्षण दिए जाने की तैयारी है। प्रशिक्षण के बाद महिलाएं परिवहन सेवा में चालक के रूप में अपनी सेवाएं दे सकेंगी। इससे महिला यात्रियों को महिला चालक का विकल्प उपलब्ध कराने के साथ महिलाओं के लिए आय और रोजगार का नया क्षेत्र विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। भारत टैक्सी मॉडल को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए पैक्स नेटवर्क का इस्तेमाल करने की योजना है। इसके तहत गांवों में राइड-हेलिंग और डिलीवरी सेवाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। डिजिटल माध्यम से स्थानीय स्तर पर वाहन बुकिंग की सुविधा विकसित होने पर ग्रामीण क्षेत्रों से बाजार, अस्पताल, बस अड्डे, रेलवे स्टेशन और नजदीकी शहरों तक आवागमन आसान हो सकता है। पैक्स का उपयोग अब तक मुख्य रूप से ग्रामीण ऋण और कृषि से जुड़ी गतिविधियों में होता रहा है। राइड-हेलिंग और डिलीवरी सेवाओं से इन्हें जोड़ने की योजना के तहत सहकारी ढांचे का इस्तेमाल ग्रामीण परिवहन और डिजिटल सेवाओं के लिए भी किया जा सकेगा। सारथी दीदी के प्रस्तावित मॉडल में महिला यात्री और महिला चालक दोनों को केंद्र में रखा गया है। एक ओर महिला यात्रियों को महिला चालक और आपातकालीन सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी है, वहीं दूसरी ओर प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को परिवहन क्षेत्र में रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य है। इसके साथ ही पैक्स के नेटवर्क के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन और डिलीवरी सेवाओं के विस्तार की योजना है।

# कई जिलों के नेताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष विभिन्न जिलों के दर्जनों लोगों ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उप्र कांग्रेस कमेटी के ज्वाइनिंग प्रभारी नितिन शर्मा ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलायी। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से हरदोई के गुड्डू, भदोही के शमसुद्दुआ, बहराइच के शेर रजा एवं इमरान, बरेली के शोएब रजा, युसुफ, जालौन के शावान, नईम एडवोकेट, तौसीफ खां ने अपने समर्थकों सहित पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आज देश और प्रदेश में भाजपा की जनविरोधी नीतियों से हर वर्ग परेशान है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार जनविरोधी सरकार है इनका जन सरोकारों से कोई मतलब नहीं है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।

# रालोद के संगठन को सशक्त बनाने के लिए नयी जिम्मेदारियां

**लखनऊ।** रालोद संगठन को अधिक सशक्त, व्यापक और सक्रिय बनाने के क्रम में पार्टी द्वारा विभिन्न पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस क्रम में सैयद नासिर शाह को उत्तराखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष, डॉ. नवीन बालियान को हस्तिनापुर क्षेत्र का क्षेत्रीय सचिव तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सीबी गुप्ता के पौत्र रचित गुप्ता को प्रोफेशनल मंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी, प्रोफेशनल मंच के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. भीष्म सिंह, प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर युद्धवीर सिंह एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष एडवोकेट अरुण कुमार दहिया सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर रालोद व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नई जिम्मेदारियों के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

# मानस में पूरा इकोसिस्टम बचाने की मुहिम

# टाइगर रिजर्व में दिखा वन्यजीव संरक्षण का जमीनी मॉडल

## दुर्लभ बंगाल फ्लोरिकन से घासभूमि तक संरक्षण पर जोर

बक्सा से आशीष मौर्य

**बक्सा (असम)।** कल्पना कीजिए एक ऐसे जंगल की, जहां करीब दो हजार हाथी विचरण करते हों, 40-50 गैंडे खुले प्राकृतिक आवास में हों और 63 बाघों की मौजूदगी जंगल की जैव विविधता की कहानी कहती हो। लेकिन मानस राष्ट्रीय उद्यान की असली कहानी सिर्फ इन आंकड़ों में नहीं है। यहां वन्यजीवों को बचाने के साथ उस पूरे प्राकृतिक संसार को सुरक्षित रखने की कोशिश हो रही है, जिस पर इनकी जिंदगी निर्भर है। हाथी और गैंडे हों या दुर्लभ बंगाल फ्लोरिकन, इनके लिए जंगल, घासभूमि, पानी और भोजन-श्रृंखला संतुलन बनाए रखना संरक्षण का अहम हिस्सा है। इसी सोच के साथ मानस में घासभूमि को पुनर्जीवित करने, आक्रामक वनस्पतियों को हटाने और अलग-अलग प्रजातियों के प्राकृतिक आवास को मजबूत करने पर काम हो रहा है। पीआईबी, लखनऊ के नेतृत्व में असम के दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने मानस राष्ट्रीय उद्यान में संरक्षण की इन गतिविधियों को करीब से देखा। वन अधिकारियों ने बताया कि यहां संरक्षण का फोकस किसी एक प्रजाति तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर है।

### जंगल की थाली बचाने के लिए 16 प्रजातियों की घास

मानस में 16 प्रजातियों की विशेष घास की नर्सरी तैयार की जा रही है। नर्सरी में अलग-अलग प्रजातियों के लिए प्लॉट बनाए गए हैं। तैयार होने के बाद इन घासों को पार्क के उन हिस्सों में लगाया जाता है, जहां घासभूमि के पुनर्जीवन की जरूरत होती है। इन घासों का सीधा संबंध हाथी, गैंडे और दूसरे शाकाहारी वन्यजीवों के भोजन से है। यानी जंगल में वन्यजीवों की संख्या के साथ उनके भोजन की थाली बचाने की भी तैयारी चल रही है। वन अधिकारियों के मुताबिक मानस में घासभूमि का क्षेत्र हर साल करीब 6.5 वर्ग किलोमीटर की दर से घट रहा है। आक्रामक वनस्पति प्रजातियों का फैलाव भी घास के मैदानों के लिए चुनौती बना हुआ है। इन्हें हटाने के लिए, यांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं कैंपा योजनाओं के तहत घासभूमि के पुनर्जीवन का काम भी किया जा रहा है।

### यूपी के दुधवा में बंगाल फ्लोरिकन को बसाने की मुहिम

मानस की जैव विविधता सिर्फ बड़े वन्यजीवों तक सीमित नहीं है। दुर्लभ बंगाल फ्लोरिकन भी यहां के महत्वपूर्ण वन्यजीवों में शामिल है। वन अधिकारियों के मुताबिक इसके संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बंगाल फ्लोरिकन के संरक्षण के लिए मानस से उत्तर प्रदेश के दुधवा नेशनल पार्क में इसे बसाने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। इससे संरक्षण की उस सोच का पता चलता है, जिसमें बड़े वन्यजीवों के साथ छोटी और दुर्लभ प्रजातियों के आवास को भी महत्व दिया जा रहा है।

### मानस नदी से लेकर भूटान तक फैला प्राकृतिक संसार

मानस राष्ट्रीय उद्यान का नाम इसके बीच से बहने वाली मानस नदी के नाम पर पड़ा है। बेकी और हकुआ यहां की अन्य महत्वपूर्ण नदियां हैं। नदियां, जंगल और घासभूमि मिलकर मानस के समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं। पार्क की भौगोलिक स्थिति भी इसे खास बनाती है। मानस भूटान के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है और भूटान के रॉयल मानस नेशनल पार्क से सटा हुआ है। सीमा के दोनों ओर फैला प्राकृतिक वातावरण वन्यजीवों के लिए एक बड़े साझा पारिस्थितिकी क्षेत्र की तस्वीर पेश करता है। मानस नाम को लेकर मान्यता है कि इसका संबंध हिंदू नाग देवी मनसा से है। प्राकृतिक संपदा और सांस्कृतिक मान्यताओं का यह मेल भी मानस को विशिष्ट पहचान देता है।

### संरक्षण की कमान में महिला वनकर्मी भी

मानस के भ्रमण के दौरान असम फॉरेस्ट प्रोटेक्शन फोर्स की महिला सिपाहियों की सक्रिय भूमिका भी देखने को मिली। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधिमंडल को घास की नर्सरी में तैयार किए गए अलग-अलग प्लॉट, उनकी देखरेख और जंगल में उनके इस्तेमाल की प्रक्रिया समझाई। नर्सरी से लेकर घासभूमि पुनर्जीवन और दुर्लभ प्रजातियों के संरक्षण तक की गतिविधियां एक ही बात की ओर इशारा करती हैं कि वन्यजीवों को बचाने के लिए सिर्फ जानवरों की निगरानी काफी नहीं। उनके भोजन, पानी, आवास और पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को बचाना भी उतना ही जरूरी है।

# छह जिलों के 13 गांव चकबंदी प्रक्रिया से किया गया अलग

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में लंबित चकबंदी प्रक्रिया को जल्द पूरा कराने की कार्यवाही तेज कर दी गई है। इसका उद्देश्य किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ उनकी जमीन से जुड़े मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना है। चकबंदी आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद के निर्देश पर छह जिलों के 13 गांवों को जोत चकबंदी अधिनियम की धारा-6(1) के तहत चकबंदी प्रक्रिया से अलग किया गया है। इनमें मैनपुरी का भांती गांव 35 वर्षों से चकबंदी प्रक्रिया में था। बदायूं का सिरतौल गांव 14 वर्ष, उन्नाव के दरौली, पीखी, सलौंद और निहालपुर व लखनऊ के शिवपुरी गांव 12 वर्ष से प्रक्रिया में थे। बरेली का कादरगंज 10 वर्ष से चकबंदी प्रक्रिया में लंबित था। इसके अलावा बिजनौर के हसनअलीपुर व बैबलवाला और बदायूं के बक्सेना व इमलिया गांवों को भी प्रक्रिया से अलग किया गया है। इन गांवों में चकबंदी प्रक्रिया आगे बढ़ने में विभिन्न कारणों से दिक्कत आ रही थी। इनमें गांवों का विकास योजना में आना, नदी के कटान से प्रभावित होना, चकबंदी योग्य क्षेत्रफल 40 प्रतिशत से कम होना, औद्योगिक विकास क्षेत्र में शामिल होना जैसे अन्य कारण शामिल हैं। वहीं, मुजफ्फरनगर के पीपलशाह गांव में 16 वर्षों से लंबित चकबंदी प्रक्रिया को काफी प्रयासों के बाद जोत चकबंदी अधिनियम की धारा-52(1) के तहत पूरा कर लिया गया है। इससे लंबे समय से लंबित मामलों के निस्तारण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

## संक्षेप

### संकट के समय धैर्य का आचरण है श्रीराम की मर्यादाः डॉ. अम्बिकेश

प्रतापगढ़। कैथौला बाजार में हो रही सामूहिक श्रीरामकथा में शुक्रवार को भगवान श्रीराम दरबार की श्रद्धालुओं ने मनमोहक आरती उतारी। वहीं कथा को आगे बढ़ाते हुए व्यासपीठ से संस्कृत विद्वान डा. अम्बिकेस त्रिपाठी ने श्रद्धालुओं को बताया कि हरि नाम का स्मरण मात्र प्राणी को सद्मार्ग के भटकाव से रोका करता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के जीवन दर्शन में मनुष्य को संकट के समय भी धैर्य रखने का सम्बल प्रदान किया करता है। उन्होंने कहा कि श्रीरामावतार हमें विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म के पालन को लेकर अडिग रहने की प्रेरणा दिया करता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम ही सत्य हैं और सत्य ही श्रीराम की मयार्दा है। कथा के दौरान भजन गायक राजेश शुक्ल की टोली ने सीताराम नाम संकीर्तन की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। संचालन शिवपूजन जायसवाल ने किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान ब्रम्हजीत सिंह, इन्द्रजीत सिंह, अरूण सिंह, अभिशेक सिंह, सुरेन्द्र सिंह, शिवराम अग्रहरि, वासुदेव जायसवाल, हरिकेश जायसवाल आदि रहे।

### करंट की चपेट में आने से विवाहिता की मौत

प्रतापगढ़। करंट की चपेट में आने से विवाहिता की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के अनेहरा निवासी शिवकुमार शुक्ला की पत्नी महिमा (28) की गुरूवार की देर शाम को फरार्टा पंखे में उतरे करंट से मौत हो गयी। मृतका शाम को कमरे में पंखा बंद करने गयी थी। अचानक वह करंट की चपेट में आ गयी। महिमा की मौत को लेकर कोहराम मच गया। मृतका की नौ वर्षीय पुत्री रिद्धी तथा पांच वर्षीय पुत्री श्री का रो रोकर बुरा हाल देखा गया। सूत्रों के मुताबिक परिजनों ने शुक्रवार को मृतका का अन्तिम संस्कार कर दिया।

### तीन वांछित गिरफ्तार

प्रतापगढ़। लालगंज पुलिस ने गश्त के दौरान कोर्ट द्वारा वांछित तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया। कोतवाली के दरोगा ज्ञान चन्द्र तिवारी फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। पुलिस टीम ने कोतवाली के पूरे निधई मेढ़ावां गांव से आरोपी मो0 रफीक पुत्र इम्तियाज अली, आबिद अली पुत्र मुन्ना, सद्दाम पुत्र मो. रफीक को गम्भीर आपराधिक मुकदमें में कोर्ट के वारंट पर हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पकड़े गये आरोपियों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया।

### बेटी केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि देश का है भविष्यः रामनयन

गोला, गोरखपुर। बहू-बेटी सम्मेलन कार्यशाला का आयोजन विकास खंड गोला के सभागार में उत्साह और सामाजिक जागरूकता के वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विकास खंड की आंगनबाड़ी कार्यकत्री ,आशा कार्यकत्री ,महिला बीट आरक्षी, महिला पंचायत सहायक, समूहसखी, शिक्षक आदि गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व ए आर पी गोला रामनयन शुक्ल ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य बेटियों और बहुओं के प्रति सम्मान, समानता तथा दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जनजागरूकता पैदा करना है ।बेटी केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की शक्ति और देश का भविष्य है। मुख्य सेविका विजय नंदनी ने कहा कि बहुओं को भी परिवार की बेटी के समान सम्मान, अधिकार और स्नेह मिलना चाहिए। उप निरीक्षक प्रियंका मौर्या ने घरेलू हिंसा व दहेज न लेने और न देने, बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने तथा बालिकाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करने का आह्वान किया ।कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ दहेज प्रथा बंद करो और बहू-बेटी में भेदभाव मिटाओ जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा।

### सपा अल्पसंख्यक के राष्ट्रीय सचिव बने साजिद

इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना इकबाल कादरी ने इटावा के मोहल्ला शाहगदाली निवासी साजिद अली राईन अशरफी को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है।

# पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

## श्रावस्ती एयरपोर्ट पर एक पेड़ मां के नाम के तहत हुआ पौधरोपण




जिला संवाददाता

**श्रावस्ती।** स्वच्छता ही सेवा 2026 एवं यात्री सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत शुक्रवार को श्रावस्ती एयरपोर्ट परिसर में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, अनुशासन तथा यात्रियों को उत्कृष्ट सेवा उपलब्ध कराने का संदेश दिया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत एयरपोर्ट परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण और हरित परिवेश को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया। पौधारोपण के उपरांत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से वन्दे मातरम का गायन किया। यात्री सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत एयरपोर्ट परिसर में अभियान से संबंधित स्टैंडी के साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने छायाचित्र भी खिंचवाया।

आयोजन का उद्देश्य यात्रियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ एयरपोर्ट परिसर को स्वच्छ, सुंदर, सुव्यवस्थित एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाए रखना रहा। एयरपोर्ट निदेशक अजय कुमार ने कहा कि स्वच्छता किसी एक अभियान तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी और कर्तव्य है। एयरपोर्ट पर आने वाले प्रत्येक यात्री को स्वच्छ वातावरण और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण सहित अन्य प्रयासों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

प्रभारी सीएनएस, प्रबंधक एवं मुख्य सुरक्षा अधिकारी कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि यात्री सेवा का मूल उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, सहज एवं सुखद अनुभव उपलब्ध कराना है। स्वच्छता, अनुशासन और सेवा भावना के समन्वय से एयरपोर्ट की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने यात्रियों से भी एयरपोर्ट परिसर की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में प्रभारी एटीसी एवं संचालन जैनेंद्र कुमार सिंह, सहायक प्रबंधक सीएनएस शैलेंद्र चौधरी तथा वरिष्ठ सहायक सीएनएस विद्यानंद गौतम सहित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। आयोजन के माध्यम से स्वच्छ परिसर, हरित पर्यावरण और बेहतर यात्री सेवा का संदेश दिया गया।

# तीनों तहसीलों में आपदा से बचाव की मॉकड्रिल, तैयारियों को परखा गया



श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में शुक्रवार को भूकंप के प्रति संवेदनशील प्रदेश के 34 जनपदों की 157 तहसीलों में एक साथ भूकंप, औद्योगिक (रासायनिक) एवं अग्निसुरक्षा विषय पर मॉकड्रिल आयोजित की गई। श्रावस्ती की तीनों तहसीलों में भी इसका आयोजन किया गया। भिनगा तहसील के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में भूकंप, इकौना तहसील में गायत्री एचपी गैस एजेंसी सीताद्वार में गैस रिसाव तथा जमुनहा तहसील में अग्निसुरक्षा की मॉकड्रिल हुई। सभी तहसीलों में उपजिलाधिकारियों के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। भिनगा में एसडीआरएफ व सशस्त्र सीमा बल, जमुनहा में अग्निशमन विभाग तथा इकौना में गैस रिसाव से बचाव की तैयारियों को परखा गया। कलेक्ट्रेट स्थित जिला आपदा नियंत्रण कक्ष में सुबह 10 बजे सूचना दी गई कि भूकंप के प्रभाव से कस्तूरबा विद्यालय का भवन गिर गया है और उसमें बच्चे फंस गए हैं। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ 12 मिनट में घटनास्थल पहुंची और 10.20 बजे बचाव अभियान शुरू किया। सशस्त्र सीमा बल के प्रशिक्षित श्वान दल ने मलबे में बच्चों की तलाश की। बच्चों के फंसे होने की जानकारी मिलने पर एसडीआरएफ ने दीवार काटकर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार दिया। दो गंभीर बच्चों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। सुबह 11.15 बजे जमुनहा में अग्निकांड की सूचना मिली। अग्निशमन वाहन 11.30 बजे पहुंचा और आग बुझाई। इकौना में गैस सिलेंडर लगी गाड़ी पलटने के बाद बचाव कार्य की मॉकड्रिल की गई। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने कहा कि बाढ़ के बाद अग्निकांड और भूकंप से अधिक खतरा है। मॉकड्रिल से तैयारियों को परखा गया। जिला आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि हर तीन माह में मॉकड्रिल होगी। एसडीएम आशीष भारद्वाज, एसडीएम डॉ. आरपी सिंह और एसडीएम रवेंद्र कुमार ने अपनी-अपनी तहसीलों में नेतृत्व किया।

# तिलक इंटर कॉलेज बांसी में अग्नि सुरक्षा मॉक एक्सरसाइज



बांसी, सिद्धार्थनगर। तिलक इंटर मीडिएट कॉलेज, बांसी में गत शुक्रवार को एसडीएम बांसी विश्वामित्र सिंह तहसीलदार शेखर शुक्ला व नायब तहसीलदार चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव की उपस्थिति में अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन को लेकर मॉक एक्सरसाइज आयोजित की गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाने, अग्निशमन यंत्रों के संचालन और सुरक्षित निकासी का सजीव प्रदर्शन किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एंबुलेंस के साथ प्राथमिक उपचार और घायलों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया बताई। रतन सेन इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेटों ने बचाव एवं राहत कार्यों में भाग लिया, इस अवसर पर उपजिलाधिकारी विश्वामित्र सिंह के साथ तहसीलदार बांसी शेखर शुक्ला नायब तहसीलदार चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव के उपस्थिति में राजस्व विभाग की टीम ने आपदा के दौरान प्रशासनिक समन्वय की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आपातकालीन संपर्क नंबर, निकासी मार्ग, सुरक्षित स्थानों की पहचान और संकट के समय संयम बनाए रखने के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# साइबर फ्रॉड की 10,700 रुपये की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस




बांसी सिद्धार्थनगर, ।जिले के खेसरहा थानाप्रभारी नि0 राम कृष्ण मिश्र के नेतृत्व में थाना खेसरहा साइबर टीम ने साइबर फ्रॉड के मामले में कार्रवाई करते हुए पीड़ित रामप्रसाद निवासी लमुईताल के खाते में 10,700 रुपये वापस करा दिए। पीड़ित से यूपीआई के जरिए 4,21,024 रुपये की ठगी हुई थी, जिसकी शिकायत एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. अभिषेक महाजन के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र, साइबर सेल प्रभारी राघवेंद्र प्रताप यादव, कांस्टेबल अभिषेक मौर्य, रिक्रूट कांस्टेबल नीरज कुमार एवं महिला कांस्टेबल रम्भा यादव शामिल रहे।

# सेवा संकल्प अभियान में 400 विद्यार्थियों को बांटी उपयोगी सामग्री



भिनगा श्रावस्ती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र भिनगा के जमुनहा मंडल की ग्राम पंचायत शिकारी चौड़ा स्थित स्वामी दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता सुभाष सत्या ने अपनी पत्नी एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख मधु सत्या के साथ विद्यालय के करीब 400 विद्यार्थियों को टिफिन बॉक्स, पानी की बोतल और ज्योमेट्री बॉक्स वितरित किए। इसके साथ ही विद्यालय के अध्यापकों को डायरी भी दी गई। इस अवसर पर सुभाष सत्या ने कहा कि सेवा और जनकल्याण के कार्यों के माध्यम से समाज के जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। सेवा कार्यों से बच्चों का उत्साह बढ़ता है और उनमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ जनहित में लगातार कार्य करने की बात कही।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक हनुमान प्रसाद गुप्ता, प्रधानाचार्य रमेश कुमार, जिला पंचायत सदस्य मनोज सोनकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष भगत राम वर्मा, मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश वर्मा, जिला मंत्री दिनेश आर्य, प्रधान सुधीर सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता अरुण वर्मा, कमलेश मिश्रा, अमित सिंह, सुशील कुमार और गुड्डू सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# इकौना में भी लगा सफाई मित्र सुरक्षा शिविर

## स्वच्छता ही सेवा में भिनगा में दो कार्यक्रम



श्रावस्ती/भिनगा। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत चल रहे स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान के तहत शुक्रवार को नगर पालिका परिषद भिनगा में दो प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं नगर पंचायत इकौना में भी सफाई मित्र सुरक्षा शिविर लगाकर स्वच्छता कर्मियों को स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

नगर पालिका परिषद भिनगा की ओर से संचालित मटेरियल रिकवरी सुविधा केंद्र में उच्च प्राथमिक विद्यालय बदराहा दक्षिणी के छात्र-छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों ने कचरे के विभिन्न प्रकारों की जानकारी प्राप्त की। उन्हें सूखा, गीला और हानिकारक कचरा अलग-अलग करने की वैज्ञानिक विधि, प्लास्टिक को एकत्र कर गठरी बनाने तथा जैविक कचरे से खाद तैयार करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। बच्चों ने केंद्र में कचरा प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा। इसी क्रम में नगर पालिका सभागार में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित किया गया। शिविर का नेतृत्व डॉ. अनीता शुक्ला ने किया। चिकित्सक डॉ. शफीकुर रहमान और स्टाफ नर्स रोली विश्वकर्मा ने सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान रक्तचाप, रक्त शर्करा सहित आवश्यक स्वास्थ्य जांच की गई और जरूरत के अनुसार जीवन रक्षक दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। नगर पंचायत इकौना में भी सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित कर स्वच्छता कर्मियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा कार्य के दौरान सुरक्षा उपायों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रमों में विद्यालय के शिक्षक, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी तथा सफाई मित्र मौजूद रहे। अभियान के माध्यम से स्वच्छता के साथ-साथ कचरे के उचित प्रबंधन और सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देने का संदेश दिया गया।

# उसका बाजार थाना पुलिस ने पकड़ा 4.2 किलो गांजा, एक गिरफ्तार



सिद्धार्थनगर, ।जिले की उसका बाजार थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 4 किलो 200 ग्राम अवैध गांजे के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर शुक्रवार को न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, 17 सितंबर को ग्राम कटकी के पास मुर्गी फार्म के निकट से राममोहन रस्तोगी पुत्र हरिनन्दन रस्तोगी, निवासी मदनपुर, थाना उसका बाजार को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना उसका बाजार में मु0अ0सं0 134/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी एवं पुलिस टीम ने की। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में एनडीपीएस, आबकारी अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं।

### ओवरब्रिज के नीचे निकला दस फीट लंबा अजगर

जसवंतनगर, इटावा। कचैरा बाईपास स्थित ओवरब्रिज के नीचे शुक्रवार की अलख सुबह करीब आठ से दस फीट लंबा अजगर दिखाई देने से हड़कंप मच गया। टहलने निकले स्थानीय लोगों की नजर जैसे ही अजगर पर पड़ी, वे सहम गए। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने अजगर का वीडियो बनाकर सूचना वन विभाग को दी। स्थानीय लोगों के मुताबिक गौतम, आदित्य, गुलशन, निखिल, सूरज, अरविंद कुमार, विशाल और अंश समेत अन्य लोग ओवरब्रिज के नीचे से गुजर रहे थे। इसी दौरान झाड़ियों के पास करीब आठ से दस फीट लंबा अजगर दिखाई दिया। अजगर को देखकर लोगों में अफरातफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने सुरक्षित दूरी बनाकर वन विभाग की टीम को सूचना दी।

# यूपीआई पेमेंट में एमडीआर जनता की जेब पर डाका : प्रमोद तिवारी

## राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने यूपीआई तथा अमेरिकी टैरिफ पर सरकार को घेरा

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मोदी सरकार ने यूपीआई पेमेंट के नाम पर सेवाकर थोपकर जनता की जेब पर सीधे डाका डाला है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा 0.4 प्रतिशत का एमडीआर सर्विस टैक्स व्यापारिक लेनदेन में छोटे व्यापारियों पर बोझ होगा। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने सरकार से इस सेवाकर को फौरन वापस लिये जाने की मतांग उठायी है। उन्होंने कहा कि इसके चलते व्यापारी इस टैक्स का भार ग्राहकों पर डालेंगे। इसके कारण बाजार में कीमतों में बढ़ोत्तरी होगी और महंगाई का असर जनता के लिए और असहनीय होगा। उन्होंने मोदी सरकार के इस दावे का भी खंडन किया है कि उसने यूपीआई टैक्स को लेकर वित्त मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति के सामने प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा कि इस समिति के सदस्य होने के नाते वह देश के सामने स्पष्ट कर रहे हैं कि समिति के समक्ष ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं आया था। शुक्रवार को लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर प्रेस वार्ता में सांसद प्रमोद तिवारी ने अमेरिका द्वारा रूस के साथ तेल खरीदने पर भारत में भी सौ प्रतिशत टैरिफ थोपने को लेकर भी मोदी सरकार की विदेश नीति को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि भारी भरकम अमेरिकी टैरिफ से भारतीय उत्पादों पर सीधा दबाव बढ़ेगा। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि अमेरिका भारत पर दबाव की अनुचित नीति अख्तियार कर रहा है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि देश की विदेश नीति में भटकाव के चलते द्विपक्षीय संबंधों पर भी अस्थिरता का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में प्रधानमंत्री मोदी की खामोशी आर्थिक हितों की रक्षा सुनिश्चित नहीं कर पा रही है। इधर कैम्प कार्यालय पर पार्टी संगठन सृजन अभियान की बैठक में कार्यकताओं से संवाद करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती तथा खराब कानून व्यवस्था और किसानों की उपज पर मंडराये संकट के कारण भाजपा सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। उन्होंने कहा कि अगले विधानसभा चुनाव में प्रदेश में सत्ता परिवर्तन तय हैं। उन्होंने कहा कि इसे भांपते हुए भाजपा ने जिन छोटे दलों को दबाव में ले रखा है, वह भी अब बीजेपी से किनारा कसने का लगभग मन बना चुके हैं। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन की गतिविधियों को बूथवार मजबूत बनाते हुए जनता के बीच सरकार की नाकामियों को उजागर करने पर जोर दिया।

### भैसे के आतंक से ग्रामीणो में दहशत

सरहरी,गोरखपुर। गुलरिहा थाना अन्तर्गत सरहरी चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा करमौरा में भैसे के आतंक से ग्रामीण दहसत में हैं। कब किसके साथ घटना घट जाय कुछ कहा नही जा सका ग्रामीणो ने शुक्रवार को 112 न० के माध्यम से जिम्मेदारो को अवगत कराया है। ग्राम सभा करमौरा के टोला राजी व दुबे टोला में बिगत चार दिनो से एक भैसा के आतंक से ग्रामीण डरे व सहमें हुये है। अगर भैसा किसी के खेत में चर रहा है। ग्रामीण शोर मचा कर भगाना चाहते है। तो वह तुरन्त दौड़ कर ग्रामीणो पर मारने के लिये टूट जा रहा जिससे ग्रामीण चोटिल हो जा रहे हैं बृहस्पतिवार को दूबे टोला के उमेश सिंह को एवं शुक्रवार को राजी टोला निवासी शुभम चौरसिया (18) पुत्र परदेशी चौरसिया को नीचे गिरा कर मारते वक्त ग्रामीणो ने किसी तरह से जान बचाई रास्ते से आते जाते लोगो को दौड़ा देने से कई लोग घायल हो गये हैं ।

# विद्यालयों में मेरे सपनों का भारत चित्र सेवा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

गोला, गोरखपुर। गोला विकास खंड के नीबी दुबे, परसिया एवं भर्रोह संकुल से संबंधित सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजित विद्यालयों में शुक्रवार को मेरे सपनों का भारत चित्र सेवा थीम पर विद्यालय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 5 से 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और भारत की प्रगति, विकसित भारत, स्वच्छ एवं सुंदर भारत, पर्यावरण संरक्षण, विज्ञान एवं तकनीक, शिक्षा, आत्मनिर्भर भारत तथा राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों पर अपनी कल्पनाओं को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के चित्रों का निष्पक्ष मूल्यांकन कर श्रेष्ठ चित्र का चयन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, देशप्रेम, राष्ट्रीय एकता तथा विकसित भारत की परिकल्पना के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।

# सांसद व डीएम ने सेवा संकल्प अभियान के तहत वृद्धाश्रम में फल वितरण



सिद्धार्थनगर, ।सेवा संकल्प अभियान के तहत अपना घर वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को फल एवं भोजन वितरित किया गया। कार्यक्रम में सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द माधव, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह उपस्थित रहे। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा करना भगवान की सेवा के समान है। विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि अभियान के तहत एक माह तक विभिन्न सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर वृद्धजनों को भोजन एवं फल वितरित कर उनका कुशलक्षेम जाना गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा संदीप सिंह, पीडी अनिल कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# जमुआर घाट पर चला स्वच्छता अभियान



**सिद्धार्थनगर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को जमुआर घाट, नौगढ़ में ह्यस्वच्छता मेरी सेवा अभियान चलाया गया। सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द माधव, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक डा. अभिषेक महाजन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने झाडू लगाकर घाट की सफाई की।

सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि स्वच्छता के साथ जल संरक्षण और वृक्षारोपण भी जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपने घर, मोहल्ले और गांव को स्वच्छ रखने में सहभागिता की अपील की। विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द माधव ने स्वच्छता को जीवन का आवश्यक हिस्सा बताया, जबकि जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने अभियान में सभी से सहयोग की अपील की।

सफाई अभियान के बाद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने जमुआर घाट पर वृक्षारोपण किया। जनपद की नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में भी सफाई अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर डीएफओ नीला एम, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) गौरव श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा संदीप सिंह, पीडी अनिल कुमार, ईओ सिद्धार्थनगर अजय कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### दहेज प्रताड़ना को लेकर ससुरालीजनों पर केस

प्रतापगढ़। दहेज प्रताड़ना को लेकर सांगीपुर पुलिस ने ससुराली जनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के बरेंद्र निवासी सुरेश कोरी की पुत्री अंजली कोरी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसकी शादी कृतपुर गांव निवासी मोहन कोरी पुत्र रामकिशुन के साथ हुई है। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद दहेज को लेकर ससुराली जन उलाहना देने लगे। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर पीड़िता के साथ मारपीट व गाली गलौज की गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति मोहन, ससुर रामकिशुन, सास गीता देवी, जेठ सुरेशचन्द्र, जेठानी मंतोष, ननद सुमन व सीमा के खिलाफ दहेज प्रताड़ना तथा मारपीट व गाली गलौज का केस दर्ज किया है।

**कार्यालय अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित विभिन्न योजनाओं में आवासीय/व्यवसायिक रिक्त सम्पत्तियों का पंजीकरण दिनांक 15.06.2026 से 31.07.2026 तक आफलाइ एवं आनलाइन आवेदन आमन्त्रित किये गये थे उक्त अवधि में पंजीकृत आवेदकों के मध्य रिक्त सम्पत्तियों का आवंटन नीलामी के माध्यम से दिनांक 25.09.2026 को अयोध्या विकास प्राधिकरण के सभागार में प्रातः 11.30 बजे किया जायेगा।

अतः समस्त पंजीकृत आवेदकों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर नीलामी में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें। नीलामी में केवल पंजीकृत आवेदकों को सम्मिलित होने की अनुमति होगी अन्य किसी व्यक्ति को सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

सचिव

संक्षेप

## अघोषित बिजली कटौती से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र में हो रही अत्यधिक और अघोषित बिजली कटौती से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छात्र-छात्राओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं की परेशानी को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने बताया कि पिछले कुछ समय से बिना पूर्व सूचना के घंटों बिजली काटी जा रही है। इससे आम जनजीवन प्रभावित होने के साथ ही विद्यार्थियों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। बिजली कटौती के कारण सुबह और शाम पढ़ाई के प्रमुख समय में छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बाधित हो रही है। परिषद ने मांग की कि बिना पूर्व सूचना के होने वाली बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए। विद्यार्थियों के अध्ययन के समय सुबह और शाम निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। यदि किसी कारण से आपूर्ति बंद करना आवश्यक हो तो विभाग की ओर से निर्धारित रोस्टर जारी किया जाए, ताकि विद्यार्थी उसके अनुसार अपनी पढ़ाई की समय-सारिणी तय कर सकें। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि छात्र हित को ध्यान में रखते हुए बिजली व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं किया गया तो संगठन छात्रों के अधिकारों को लेकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान जिला संगठन मंत्री नितिन द्विवेदी और नगर मंत्री विजय नंदवंशी के नेतृत्व में पूर्व विभाग सहसंयोजक दीपक वर्मा, हिमांशु प्रजापति, कुणाल दुबे, रोहित गुप्ता, पार्थ अग्निहोत्री, यश गुप्ता, कृष्ण शर्मा, सक्षम तिवारी, अनुज प्रजापति, अनुराग, प्रियांशु और आयुष समेत कई कार्यकर्ता व छात्र मौजूद रहे।

## एसएसपी ने थाना प्रभारियों के साथ अपराध गोष्ठी आयोजित की

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन इटावा स्थित सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों, थानाध्यक्षों एवं शाखा प्रभारियों के साथ अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में जनपद में घटित अपराधों की समीक्षा करते हुए उनकी रोकथाम एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा लंबित विवेचनाओं के त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, आईजीआरएस एवं जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष बल दिया गया। साथ ही ई-साक्ष्य ऐप, सीसीटीएनएस प्रणाली, एफआईआर लिंकिंग, आई-रेड सड़क दुर्घटना, ट्रैफिक प्रबंधन, एन-स्टेप, ई-समन तामिला, ऑपरेशन कन्विक्शन, गैंगस्टर एवं गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही, प्रस्तावित गैंगस्टर कार्रवाई तथा अपराधियों की सतत निगरानी के संबंध में विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

## परशुराम समिति की बैठक कल

इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति की आवश्यक बैठक 20 सितम्बर दिन रविवार को सुबह 10 बजे से प्रदेश कार्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए परशुराम समिति के प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी व जयशिव मिश्रा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली उक्त महत्वपूर्ण बैठक में संगठन के प्रदेश व जिला स्तर पर विस्तार करने पर विचार विमर्श सहित आगे के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी।

**सूचना**

मैंने अपना नाम खुशीर्दा से बदलकर सभी प्रपत्रों में खुशीर्दा बानो कर लिया है। अब मुझे खुशीर्दा बनो के नाम से जाना जाए। सूचना कर्ता खुशीर्दा पत्नी मोहम्मद अनीस रजा, 163, मोहला सिकटिहा, साईं बाबा मंदिर के पीछे, लखीमपुर खीरी।

**नीलामी सूचना**

अधिशासी अभियन्ता महोदय राष्ट्रीय जल प्रबन्ध योजना शारदा नहर खण्ड शाहजहांपुर के आदेशानुसार गाटा सं. 210 ग्राम सिद्यापुर फसल धान लगभग 0.110 हे. की नीलामी दिनांक 21.09.2026 को की जायेगी।

जिलेदार प्रथम शाहजहांपुर

# बप्पा की महाआरती में लोकमंगल की कामना

## श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़, जयकारों से गूंजा पंडाल



गोला, गोरखपुर। गणेश पूजा महोत्सव के पावन अवसर पर छोटी अयोध्या उपनगर गोला के वार्ड संख्या-19 स्थित ओम शांति ओम गणपति पंडाल में पहुंचकर चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी व भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन ने विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। और विधायक ने बप्पा की भव्य महाआरती उतारी और समस्त क्षेत्रवासियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि तथा लोकमंगल की मंगलकामना की। पूजा पंडालों में महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरा परिसर "गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया" के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर पंडालों को बेहद आकर्षक विद्युत सज्जा और फूलों से सजाया गया था, जो भक्तों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बना रहा।महाआरती के बाद पंडालों में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि ?भगवान गणेश बुद्धि, समृद्धि और विघ्नों को हरने वाले देवता हैं। इस पावन पर्व का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, शांति और समरसता को बढ़ावा देना है। उन्होंने सभी से त्योहार को पारंपरिक, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर पूजा समिति के पदाधिकारियों द्वारा विधायक को स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रद्युम्न मद्धेशिया, शुभम जायसवाल, विजय मोदनवाल, वीर मद्धेशिया, अमन निषाद, अभय साहनी, राजन, सूर्यांश, अर्जुन एवं पूजा समिति के अन्य सदस्य समेत वरिष्ठ पदाधिकारी और भारी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुरवा में विशेष नियत सेवा दिवस का सफल आयोजन



पुरवा (वीओएल)।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुरवा में परिवार नियोजन की गुणवत्ता पूर्ण सेवाओं की पहुँच को बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में पात्र लाभार्थियों को परिवार नियोजन की विधा वार सेवाएं एवं परामर्श उपलब्ध कराने हेतु विशेष नियत सेवा दिवस का सफल आयोजन किया गया। ब्लॉक की समस्त आशा कार्यकर्ता द्वारा पूर्व में चिह्नित किए गए लाभार्थियों को सेवा दिवस में लाकर उनकी जरूरत के अनुसार परामर्श के उपरान्त परिवार नियोजन की सेवाएं उपलब्ध कराई गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जय राम सिंह ने बताया कि परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ समुदाय में सही से पहुंचे यह हम सभी की जिम्मेदारी है। नियत सेवा दिवस का आयोजन प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ प्रमोद कुमार के निर्देशन में किया गया। विशेष नियत सेवा दिवस में कुल 468 लाभार्थियों को परिवार नियोजन की सेवा दी गई। जिसमें कुल 25 महिला नसबंदी, 2 पुरुष नसबंदी, 115 आई यू सी डी, 104 अंतरा तिमाही गर्भ निरोधक इंजेक्शन एवं 200 से अधिक लाभाथीयों को परिवार नियोजन के अन्य साधन दिए गए। सेवा दिवस को सफल बनाने में ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधन इकाई से शिवाकांत, इशहाक अली, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार, फार्मासिस्ट, आशा, एनम, सीएचओ एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

## नहर की खांदी काटकर तालाब में पानी भरने से मछलियां बही

पुरवा( वीओएल )कोतवाली के क्षेत्र ग्राम मुरैता प्राचीन निवासी रामप्रकाश पुत्र शिवबोधन ने कोतवाली मे तहरीर देते हुऐ बताया कि अपने तालाब गाटा संख्या 9 व 10मे मछली पालन कर रखा है जिसमे गाँव के ही मनमोहन व रोहित ने नहर की खाँदी काट दी जिससे तालाब मे पानी भर गया और उसकी मछली बह गयी जिससे काफी नुकसान हुआ जिसके बाद दोनो लोग हमारे घर पर चढाई कर दी और पत्नी को गन्दी गन्दी गालियां देने लगे और लाठी से पत्नी और उसको मार कर घायल कर दिया और ऐलानियाँ धमकी दी गाँव छोडकर अपने पैत्रक गाँव बेहटा चले जाओ नही तो पूरे परिवार को जान से मार देगे वही पुरवा कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर जाँच की जा रही है स

## मनमोहक झांकियों ने मोहा श्रद्धालुओं का मन, ऊगू में धार्मिक प्रस्तुतियों पर झूमे श्रद्धालु



फतेहपुर चैरासी। नगर पंचायत फतेहपुर चैरासी के मोहल्ला नेहरू नगर स्थित गोविंद चैराहा पर आयोजित सार्वजनिक श्री गणेश महोत्सव के चैथे दिन गुरुवार शाम दैनिक पूजन एवं आरती के बाद कानपुर से आए कलाकारों ने धार्मिक झांकियों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों ने गणेश वंदना, राधाकृष्ण होली, शिव-पार्वती, मां काली का रौद्र रूप तथा कृष्ण-सुदामा की झांकियां प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। झांकियों के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा और मौजूद लोगों ने तालियों के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य अतुल मिश्रा के साथ पहुंचकर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने प्रसाद ग्रहण किया। महोत्सव में रोहित राठौर, रामजी, धीरज वर्मा, श्यामजी वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। ऊगू में भी हुआ झांकियों का प्रदर्शन नगर पंचायत ऊगू स्थित काली माता मंदिर परिसर में चल रहे गणेश महोत्सव में भी कलाकारों ने सुंदर एवं धार्मिक झांकियां प्रस्तुत कीं। श्रद्धालुओं ने झांकियों का आनंद लेते हुए भगवान गणेश के जयकारे लगाए। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अनुज दीक्षित, हर्ष, मनु शुक्ला और रमा तिवारी व सुनील शास्त्री अवधेश दीक्षित संदीप कश्यप सहित अन्य लोग मौजूद रहे। दोनों स्थानों पर देर शाम तक भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

## प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश

पाटन उन्नाव। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन से प्रेरणा लेते हुए सेवा, समर्पण और राष्ट्र प्रथम के भाव को जनसेवा का आधार बनाकर ह्लकटरी सेवा संकल्प अभियानह्व के अंतर्गत ग्राम मझरा में बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच राहत कार्य किया गया। बाढ़ की कठिन परिस्थितियों से जूझ रहे परिवारों की समस्याओं को समझने के उद्देश्य से अनुराग त्रिवेदी जी के पूज्य पिता श्री रानू त्रिवेदी जी एवं अनुज भ्राता श्री अभिनव त्रिवेदी जी ने प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं तथा आवश्यक राशन सामग्री उपलब्ध कराई। बाढ़ के कारण प्रभावित परिवारों के सामने दैनिक आवश्यकताओं को लेकर उत्पन्न कठिनाइयों को देखते हुए यह सेवा कार्य किया गया। इस दौरान परिवारों से आत्मीय संवाद कर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली गई और उन्हें विश्वास दिलाया गया कि कठिन समय में समाज उनके साथ खड़ा है। सेवा ही संस्कार, समाज ही परिवार यह सेवा कार्य ह्लनर सेवा ही नारायण सेवाह्व और ह्लअंत्योदय से राष्ट्रोदयह्व के भाव से प्रेरित है। कटरी क्षेत्र के लोगों के सुख-दुःख में सहभागी बनना और आवश्यकता के समय उनके बीच उपस्थित रहना ही सेवा संकल्प अभियान की मूल भावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन की सेवा-यात्रा से प्रेरणा लेते हुए प्रयास है कि सेवा केवल किसी अवसर तक सीमित न रहे, बल्कि समाज के प्रति निरंतर दायित्व और संस्कार बने। कटरी की पीड़ा को दूर से देखने के बजाय प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझना और यथासंभव सहयोग करना ही इस अभियान का उद्देश्य है।

# आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित



गीडा, गोरखपुर। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पिपरौली ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव के नेतृत्व में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरा परिसर सैकड़ों दीपों की धवल रोशनी से जगमगा उठा और माहौल उत्सव जैसा नजर आया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख श्री यादव ने कहा कि यह दीपोत्सव अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और उनके सार्वजनिक जीवन में 25 वर्षों के सेवाकाल के अवसर पर शुरू किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य सेवा, समर्पण, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक एकजुटता का संदेश देना है, साथ ही सामूहिक दीप प्रज्वलन के माध्यम से प्रधानमंत्री के दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना करना है। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी सत्यकाम तोमर, एडीओ पंचायत अरविंद सिंह, एडीओ आईएसबी संजय दुबे एवं ग्राम पंचायत अधिकारी नीरज यादव ने दीप प्रज्वलित कर जन-सेवा के संकल्प को दोहराया। खरैला के ग्राम प्रधान चंदन सिंह तथा कालेसर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय यादव ने दीप जलाकर अपनी सहभागिता निभाई। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आत्मनिर्भर भारत और ग्राम विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। कार्यक्रम के समापन पर ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव ने सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और मातृशक्ति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने दोहराया कि गरीब कल्याण और सुशासन का यह कार्य आगे भी इसी निरंतरता के साथ जारी रहेगा।

## ग्राम पंचायत सचिवालय में दीप जलाकर मनाया गया पीएम मोदी का जन्मदिन



चरगांवा, गोरखपुर। चरगांवा ब्लाक के जंगल धूषण के ग्राम प्रधान राजेंद्र निषाद के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सचिवालय परिसर में दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री मोदी का 76वां जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर ग्राम प्रधान श्री निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता भारत के साथ साथ वैश्विक पटल पर भी हैं भारत में आयोजित ब्रिक्स देशों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने कूटनीतिक विजय हासिल की है। कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत सदस्य गण जयराम व शम्भू निषाद, ग्राम पंचायत सदस्य श्रीमती अनीता, मोदी, रविन्द्र भगत आदि मौजूद रहें।

# पोषण माह के तहत निकाली गई रैली को रवाना




चौरीचौरा, गोरखपुर। राष्ट्रीय पोषण माह तथा सेवा संकल्प अभियान के तहत बाल विकास परियोजना सरदार नगर के सीडीपीओ पीयूष चंद्र के नेतृत्व में तहसील परिसर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। तथा पोषण माह के तहत रैली निकाली गई।

शुक्रवार को सुबह लगभग साढ़े दस बजे चौरीचौरा तहसील परिसर में बालविकास परियोजना सरदार नगर द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह व सेवा संकल्प अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा परिसर में बड़ा ही मनोहारी चित्र प्रस्तुत किया गया। परिसर में बनाये गये चित्र कुपोषण दूर भगाने की ओर इंगित कर रहे थे। इतना ही नहीं कुपोषण दूर करने के प्रति जागरुकता के लिए नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए गए। जिसमें कुपोषण की पहचान एवं प्रबन्धन पर विस्तार से जानकारी दी गई। गर्भवती महिलाओं के आहार विहार पर भी विशेष जानकारी दी गई।प्रभारी तहसीलदार चौरीचौरा संजय सिंह ने परिसर में बनाये गये चित्र तथा नुक्कड़ नाटक का बहुत बहुत ही प्रशंसा किया। तथा पोषण माह के तहत दीप प्रज्वलित कर रही झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।जो सीडीपीओ पीयूष चंद्र के नेतृत्व में दर्जनों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कुपोषण दूर भगाना है जैसे स्लोगन गाते हुए रेलवे स्टेशन चौराहा चौरा तथा स्थानीय थाने तक पहुंचा। वहां से पुनः तहसील परिसर वापस आकर रैली का समापन किया गया। उक्त के संबंध में सीडीपीओ पीयूष चंद्र ने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह के तहत कुपोषण दूर करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोगों में इसके प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए नुक्कड़ नाटक तथा रैली जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सरदारनगर ब्लाक के ग्राम सभा जंगल मठिया में आयोजित चौपाल में गोदभराई एवं अन्नप्राशन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी आशिफ एकलाख ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा पोषण के प्रति जन जागरुकता बढ़ाने का संदेश दिया।

# चित्रकला प्रतियोगिता में दिखे आत्मनिर्भर भारत के रंग




गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय स्तर पर ह्यविकसित भारतझविकसित उत्तर प्रदेश 2047ह्ण थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों एवं पाठ्यक्रमों के कुल 58 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता एवं कल्पनाशीलता के माध्यम से वर्ष 2047 तक भारत एवं उत्तर प्रदेश को विकसित, आत्मनिर्भर, सशक्त एवं समृद्ध बनाने की परिकल्पना को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, तकनीकी विकास, आत्मनिर्भरता तथा सामाजिक सेवा जैसे विभिन्न विषयों को अपनी कलाकृतियों में स्थान दिया। चित्रकला प्रतियोगिता के संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि चित्रकला जैसी रचनात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती हैं। विकसित भारतझविकसित उत्तर प्रदेश 2047 की संकल्पना को साकार करने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने उत्साह, अनुशासन एवं रचनात्मकता का परिचय दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व, राष्ट्रप्रेम एवं विकसित भारत के निर्माण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। प्रतियोगिता में गुड़िया कुशवाहा, अश्विता चौरसिया, अंजली चौरसिया, मनीष कुमार यादव, आशीष भारद्वाज, नेहा पटेल, वैष्णवी भारद्वाज, आदित्य कुमार, अजीत जायसवाल, संजना यादव , सृष्टि शर्मा , गीता , अनुष्का चौहान , दिव्या पासवान के चित्रों में विकसित भारत का इंद्रधनुषी दृश्य रंगों में दिखा।

## ट्रक से शराब बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार



इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर आयुषी के नेतृत्व में थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निदेर्शों 18 सितम्बर की रात को थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा थाना जसवंतनगर क्षेत्रान्तर्गत गाढा बंदी अभियान के तहत बस अड्डा चैराहे के पास संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि ट्रक आगरा की तरफ से आकर ग्राम डुढहा जाने वाली सडक के पहले सर्विस रोड पर खडा है जिसमें 2 व्यक्ति बैठे है और वह शराब तस्करी करके पंजाब प्रान्त से बिहार की तरफ ले जा रहे है। सूचना पर थाना जसवंतनगर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो ट्रक चालक द्वारा ट्रक को लेकर भागने का प्रयास किया गया जिस पर जसवंतनगर पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करते हुये 2 व्यक्तियों चालक व उसके साथी को ट्रक दस चक्का टाटा कम्पनी का सहित गिरफ्तार किया। एसएसपी ने पुलिस टीम को 20 हजार रूपए इनाम दिए। पुलिस टीम में कमल भाटी थानाध्यक्ष जसवंतनगर, उ.नि. अनूप कुमार पांडेय, उ.नि. कोमल चैधरी, उ.नि. हेमन्त कुमार, उ.नि. ललित किशोर चतुवेर्दी, उ.नि. शुभम वर्मा रहे। पुलिस टीम द्वारा पकडे गये व्यक्तियों से नाम पता पूछते हुये ट्रक की तलाशी ली गयी तो उसमें से अंग्रेजी शराब की पेटी बरामद हुयी जिसके सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि हम लोग ये शराब रविलाला निवासी बहादुरगढ हरियाणा व सामीर निवासी मेवात हरियाणा के साथ मिलकर पंजाब प्रान्त की शराब को तस्करी हेतु बिहार प्रान्त ले जा रहे थे हम लोगों ने कुछ पुट्टी की बोरियां ट्रक के ऊपर लगा रखी थी ताकि शराब की पेटियां दिखे न। उनके द्वारा बताया गया कि शराब को पंजाब से सस्ते दामों में ले जाकर बिहार प्रान्त में मंहगे दामों पर बेच देते हैं। पुलिस ने हुकमाराम पुत्र रतनाराम निवासी ग्राम विशाला, थाना ग्रामीण, जनपद बाड़मेर, राजस्थान, परमान पुत्र मूलाराम निवासी ग्राम विशाला, थाना ग्रामीण, जनपद बाड़मेर, राजस्थान शामिल है।

## 0.4 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लागू होने के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



इटावा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निदेर्शानुसार जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित के नेतृत्व में यूपीआई भुगतान करने पर 0.4 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लागू होने के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर सदर विधायक सरिता भदौरिया को यूपीआई शुल्क लागत के तहत आने वाले पूजा के सामान को भेंट किया गया। जिसको लेने से उन्होंने साफ इनकार कर दिया इसी के चलते आशुतोष दीक्षित ने कहा कि यूपीआई भुगतान में जो अतिरिक्त शुल्क लागू किया गया है उससे सिर्फ.व्यापारियों को ही नहीं आम जनमानस को भी बहुत बड़ा नुकसान होने वाला है। उन्होंने कहा कि सरकार के नए नियमों के तहत 2,000 से अधिक के चुनिंदा मर्चेंट व्यापारी यूपीआई पेमेंट्स पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट यानि शुल्क लगाने की तैयारी की जा रही है। सरकार का यह तानाशाही फरमान 15 अक्टूबर 2026 को लागू कर दिया जाएगा। प्रदेश प्रवक्ता प्रेरणा जुबैरी ने कहा कि हमारे शीर्ष नेता जननायक राहुल गांधी ने इसे यूपीआई टैक्स बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है। प्रेरणा जुबैरी कहा कि राहुल गांधी ने इस बात की घोषणा काफी समय पहले कर दी कर थी। प्रदर्शन में पीसीसी मेंबर प्रशांत तिवारी, पीसीसी मेंबर अरुण यादव, जिलाउपाध्यक्ष सतीश नागर, जिलाप्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी, शहर महासचिव अवनीश वर्मा, सेवादल जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष, आसिफ जादरान, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रेमकिशोर द्विवेदी, जिला सचिव धर्मेंद्र पूनिया, हेमंत तिवारी, रणवीर सिंह यादव, मोहनलाल प्रजापति, इंतखाब आलम सहित तमाम कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे।

## जायंट्स सेवा सप्ताह के तहत किया पौधरोपण




इटावा। पर्यावरण संतुलन और हरी-भरी धरा का संदेश देने के उद्देश्य से जायंट्स ग्रुप सिलसिला ओर से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सिलसिला ग्रुप के अध्यक्ष मोहम्मद जावेद खान, उपाध्यक्ष मोहम्मद नाजिश इकबाल तथा प्रवक्ता मोहम्मद अनवर ने नवीन ग्रुप यंग जायंट्स के सदस्यो ने बच्चों सहित इस्लामिया इंटर कॉलेज इटावा में पौधारोपण का कार्य किया। जहां पर्यावरण केवल एक विषय ही नहीं बल्कि चिंता का विषय बनता जा रहा है इसलिए छात्रों में इसकी जागरूकता करना अत्यंत आवश्यक है। तथा मोहम्मद रूपम गुप्ता, ग्रुप की अध्यक्ष कंचन सक्सेना, सचिन, रुचि वाष्णेय, कोषाध्यक्ष रूबी अग्रवाल, शिखा भिल्ला व ग्रुप की सदस्य उपस्थित थी। संगठन की सदस्यों ने नीम, पीपल, गुलमोहर, आंवला और तुलसी जैसे औषधि व छायादार पौधे लगाए। पर्यावरण जागरूकतारू कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के लोगों को और सभी बच्चों को भी अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। संगठन की अध्यक्ष ने कार्यक्रम ने कहा कि लगातार बढ़ते तापमान और प्रदूषण को नियंत्रित करने का एकमात्र उपाय अधिक से अधिक पेड़ लगाना है। प्रकृति को हरा-भरा रखना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। अंत में सभी ने मिलकर आने वाले समय में अन्य सार्वजनिक स्थानों और पार्कों में भी इसी प्रकार के वृक्षारोपण अभियान चलाने का संकल्प लिया। पौधों को हरा भरा रखने की जिम्मेदारी भी छात्रों को दी गई। अंश कुमार, अवनीश, समीर, निहाल सिंह, शायान खान आदि उपस्थित रहे।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
**अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या।**

**ई-निविदा सूचना, वि.आ.सं. 14215 एवं दिनांक 16.09.2026**

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 62/EDC(Ayodhya)/ 2026-27: अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-मिल्कीपुर, अयोध्या के अन्तर्गत उपखण्ड-कुमारगंज के अधीन आकस्मिक दुर्घटनाओं में क्षतिग्रस्त होन वाली विद्युत लाइनों के मरम्मत का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 तथा धरोहर राशि रू. 8400.00।
2. 63/EDC(Ayodhya)/2026-27: अधिशासी अभियन्ता, 11 केवी एण्ड एल.टी. वर्टिकल, अयोध्या धाम, अयोध्या के अन्तर्गत 14 अदद मोबाइल ट्राली के टायर ट्यूब व स्ट्रेक्चर ( छत / जाली / गेट / रिम आदि) की मरम्मत का कार्य ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 तथा धरोहर राशि रू. 7230.00।

**ई-निविदा की अंतिम तिथि:** 05 अक्टूबर 2026, 17.00 बजे ।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

संक्षेप

## सफाईकर्मी की मौत ने खड़े किए सवाल

सीतापुर। महोली कस्बे में मनकामेश्वर मंदिर के पीछे शुक्रवार सुबह नगर पंचायत के आउटसोर्सिंग सफाईकर्मी सुरेंद्र वाल्मीकि (48) का शव पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। शव के दोनों घुटने जमीन से लगे थे, जबकि जिस चांदनी के पेड़ पर शव लटका मिला, उसकी ऊंचाई करीब पांच फीट बताई जा रही है। घटनास्थल से करीब 200 मीटर दूर सुरेंद्र की साइकिल मिली। इन परिस्थितियों ने मौत को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। गुजिया लाइन निवासी सुरेंद्र शुक्रवार सुबह झाड़ू लेकर साइकिल से सफाई के लिए निकले थे। कुछ देर बाद मंदिर में पूजा करने पहुंचे लोगों ने पीछे पेड़ के पास उनका शव देखा और पुलिस को सूचना दी। पेड़ पर प्लास्टिक की डोरी बंधी मिली। सूचना पर पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों को सुरेंद्र की मौत के कारणों पर संदेह है। उनका कहना है कि पेड़ की ऊंचाई सुरेंद्र की लंबाई से भी कम थी और करीब ढाई फीट की प्लास्टिक डोरी से फांसी लगाए जाने की स्थिति सवाल खड़े करती है। मृतक के भतीजे रवी वाल्मीकि के मुताबिक, सुरेंद्र पर किसी का कर्ज था और वह कई दिनों से परेशान चल रहे थे। उनके परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है। इंस्पेक्टर जेबी पांडेय ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## घास काटते समय सांप ने डसा, युवक की मौत

सीतापुर। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के शहरी गांव में शुक्रवार सुबह खेत में घास काटते समय सांप के डसने से संतोष कुमार पुत्र छन्नू लाल की मौत हो गई। बताया गया कि घास काटते समय अचानक सांप ने संतोष को डस लिया। सांप के काटने के बाद परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद संतोष को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि परिजनों को उसे अस्पताल पहुंचाने में काफी देर हो गई थी। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या भी परिवार से मिलने पहुंचीं और परिजनों को सांत्वना देते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

## कोतवाल लाइन हाजिर

धौरहरा खीरी। सिसैया खुर्द गांव में हुए विवाद और ग्रामीणों से मारपीट के प्रकरण में पुलिस विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। गुरुवार को पांच सिपाहियों के निलंबन के बाद शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा को भी लाइन हाजिर कर दिया गया। एसपी की इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हलचल बढ़ गई है। प्राप्त विवरण के अनुसार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिसैया खुर्द गांव में सड़क और विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन के बाद सोमवार रात मारपीट की घटना सामने आई थी। मामले में ग्रामीणों ने पुलिस पर घरों में घुसकर महिलाओं और पुरुषों से मारपीट करने के आरोप लगाए थे। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक खीरी ख्याति गर्ग ने गुरुवार को मुख्य आरक्षी विनोद कुमार, सहित पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित किया था। इसी कड़ी में शुक्रवार प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा को लाइन हाजिर किए जाने को भी इसी प्रकरण से जोड़कर देखा जा रहा है।

# किसान हित में बेलरायां मिल ने खींची नयी लकीर



लखीमपुर-खीरी। खेत से मिल तक गन्ने की यात्रा सुगम हो और किसान को उसकी उपज का भुगतान समय पर मिले, इसी संकल्प के साथ सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां ने आगामी पेराई सत्र की तैयारी तेज कर दी है। शुक्रवार को मिल की वार्षिक सामान्य निकाय बैठक में 15 नवंबर 2026 से आठ अप्रैल 2027 तक 144 दिन का पेराई सत्र चलाने का प्रस्ताव रखा गया। इस दौरान 70 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई और 11 प्रतिशत रिकवरी के आधार पर 7.70 लाख क्विंटल चीनी उत्पादन का लक्ष्य प्रस्तावित किया गया।

डीएम एवं मिल अध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में गन्ना क्रय केंद्रों से लेकर मिल के आधुनिकीकरण तक कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मंथन हुआ। मिलगेट सहित 32 गन्ना क्रय केंद्र सुरक्षित किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। साथ ही पलिया चीनी मिल के सात, गुलरिया चीनी मिल के 18 और ऐरा चीनी मिल के नौ क्रय केंद्रों के प्रस्ताव पर भी विचार हुआ। बैठक में मिल की वित्तीय स्थिति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि विगत वित्तीय वर्ष में मिल ने 28 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया। डीएम ने इसे किसानों, श्रमिकों, कर्मचारियों और मिल प्रबंधन के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि लाभ की इस स्थिति को बनाए रखने के लिए तकनीकी क्षमता बढ़ाने और व्यवस्थाओं को और बेहतर करने की जरूरत है। मिल के पुराने बॉयलरों को हटाकर नए बड़े बॉयलर और नई टरबाइन लगाने तथा प्रदूषण नियंत्रण के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप वेट स्क्रबर स्थापित करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। लखहा, तिकुनियां, निघासन और गजियापुर में चार नए उर्वरक गोदामों के निर्माण तथा चार गोदामों की मरम्मत का प्रस्ताव भी रखा गया। बैठक में 30 सितंबर तक बनाए जाने वाले नए एवं वारिस सदस्यों को गन्ना आपूर्ति की सुविधा देने तथा नाबार्ड योजना के तहत पात्र किसानों का शेयर जमा कराकर ऋण सीमा बढ़ाने पर भी सहमति बनी। कैन कैरियर पर बैलगाड़ी/डनलप से गन्ना उतारने के लिए छोटे अनलोडर की खरीद, यार्ड के गड्ढों की मरम्मत और अन्य आधारभूत कार्यों पर भी चर्चा हुई। आगामी पेराई सत्र को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने निघासन विधायक शशांक वर्मा के साथ सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां का निरीक्षण किया। उन्होंने मिल हाउस, पावर हाउस समेत विभिन्न इकाइयों में चल रहे मरम्मत एवं रखरखाव कार्यों का जायजा लिया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता स्वागत, योजनाओं का किया बखान



पसगवां खीरी। जनपद लखीमपुर खेती की ब्लॉक पसगवां में 'सेवा संकल्प अभियान' कार्यक्रम के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता का ब्लॉक मुख्यालय पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और अधिकारियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उनके साथ धौरहरा के पूर्व सांसद के पुत्र अनिमेष पटेल भी मौजूद रहे।

विकास खंड पसगवां के गेट पर खंड विकास अधिकारी मोहित कौशिक ने पुष्प गुच्छ भेंट कर जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। इसके बाद ब्लॉक गेट के पास बने नए पार्क में जाकर जिलाध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। परिसर के अंदर प्रवेश करने से पूर्व उन्होंने फीता काटा और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किया संबोधित मीटिंग हाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने उपस्थित आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों का विस्तार से बखान किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकताओं के अलावा ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे हैं।

## गोष्ठी व प्रदर्शनीय रेसिपी प्रतियोगिता में खैराबाद की एफपीओ अव्वल



सीतापुर। श्री अन्न यानी मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को भूमिजा बहुउद्देशीय हाल में जनपद स्तरीय मेला, गोष्ठी, प्रदर्शनी और मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, सिधौली विधायक मनीष रावत और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर किया। उप कृषि निदेशक डॉ. एसके सिंह ने किसानों को मिलेट्स की खेती के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि श्री अन्न की फसलों में अन्य खाद्यान्नों की तुलना में रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक और सिंचाई जल की जरूरत कम होती है। इससे लागत घटती है और बाजार में बेहतर मूल्य मिलने से किसानों की आय बढ़ सकती है। उन्होंने रबी 2026 की बुआई के लिए निःशुल्क मिनीकिट की बुकिंग जल्द कराने की अपील की। कृषि विज्ञान केंद्र कटिया के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दयाशंकर श्रीवास्तव ने वैज्ञानिक तरीके से मिलेट्स की खेती बढ़ाने की जानकारी दी। प्रगतिशील किसान कमलेश सिंह यादव ने प्राकृतिक व जैविक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। कृषि वैज्ञानिक डॉ. रीमा ने मिलेट्स के उत्पादन के साथ इससे मूल्य संवर्धन और विभिन्न व्यंजन तैयार करने की जानकारी दी। मेले में लगाए गए स्टालों का अतिथियों ने निरीक्षण किया। रेसिपी प्रतियोगिता में ओजोन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड खैराबाद प्रथम, हुनरमंद फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड परसेंडी द्वितीय और श्री वामनफेड फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सिधौली तृतीय रही। विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिए गए। उत्कृष्ट कृषि कार्य करने वाले किसानों को भी सम्मानित किया गया।

## नौ दिन से उमरिया-महोली-सीतापुर रूट ठप



सीतापुर। नौ दिन से रोडवेज बस नहीं चली तो उमरिया से महोली होते हुए सीतापुर जाने वाले यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गईं। करीब 55 हजार की आबादी को जोड़ने वाली बस सेवा ठप होने से विद्यार्थी, किसान, नौकरीपेशा और ग्रामीण निजी वाहनों के भरोसे हो गए हैं। किराया अधिक होने से लोगों की जेब पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। यह बस सुबह सात बजे उमरिया से चलकर महोली होते हुए करीब 8:30 बजे सीतापुर पहुंचती है। शाम पांच बजे सीतापुर से लौटकर महोली, बड़ागांव, ढकिया, निमचेना होते हुए उमरिया जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी बस संचालन में अक्सर दिक्कत आती है, लेकिन लगातार नौ दिन तक सेवा बंद रहने के बावजूद जिम्मेदारों की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है। किसान नेता एनसी वर्मा ने कहा कि बस बंद होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। वहीं विनय अवस्थी ने बताया कि विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज आने-जाने में दिक्कत हो रही है। अभिभावकों की भी चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद बस सेवा बहाल नहीं हो सकी है। इससे लोगों में नाराजगी है। उन्होंने जल्द बस चलाने की मांग की है। रोडवेज के आरएएम हरदोई ने बताया कि बस क्यों नहीं चल रही है, इसकी जानकारी कराई जाएगी। उन्होंने जल्द सेवा बहाल कराने की बात कही।

## बजाज चीनी मिल में हुई पूजा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गोला चीनी मिल में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना धूमधाम और श्रद्धापूर्वक की गई। कार्यक्रम में इकाई प्रमुख राकेश यादव समेत सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। पंडित विजलवान ने विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना संपन्न कराई। पूजा के दौरान चीनी मिल की मशीनरी, उपकरणों और कार्यस्थल की सुख-समृद्धि के लिए मंगलकामना की गई। पूजा के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा से चीनी मिल की सुख-समृद्धि, उन्नति और सफलता की कामना की। कर्मचारियों ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना में भाग लेकर मिल की प्रगति और बेहतर संचालन की प्रार्थना की।

## सातों तहसीलों में एक साथ हुई मॉकड्रिल

जिला संवाददाता(vol)



लखीमपुर-खीरी। भूकंप के झटके आएं, इमारत ढहे या आग की लपटें उठें तो प्रशासन, पुलिस, दमकल और स्वास्थ्य विभाग कितनी तेजी से मोर्चा संभालेंगे, शुक्रवार को इसकी जमीनी परीक्षा हुई। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर जिले की सातों तहसीलों में राज्य स्तरीय मॉकड्रिल आयोजित कर आपदा से निपटने की तैयारियां परखी गईं।

सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक चले अभ्यास में भूकंप, अग्निकांड और औद्योगिक व रासायनिक आपदा के अलग-अलग परिदृश्य तैयार किए गए। मॉकड्रिल में सूचना मिलने से लेकर मौके पर पहुंचने, रेस्क्यू, राहत, चिकित्सा और सुरक्षित निकासी तक पूरी प्रक्रिया का पूर्वाभ्यास किया गया। इन्सिडेंट रिस्पांस सिस्टम को सक्रिय रखते हुए जिला, तहसील स्तर की टीमों के बीच समन्वय, रिस्पांस टाइम की भी परीक्षा हुई। लखीमपुर तहसील में राजकीय इंटर कालेज की छत गिरने का परिदृश्य बनाकर राहत-बचाव का अभ्यास कराया गया। निघासन और मितौली में अस्पताल में भूकंप से नुकसान और मरीजों के फंसे होने की स्थिति बनाई गई। टीमों ने मरीजों को सुरक्षित निकालने और उन्हें चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया का अभ्यास किया। मोहम्मदी, धौरहरा, गोला और पलिया में अग्निकांड के अलग-अलग परिदृश्य तैयार किए गए। कहीं स्कूल तो कहीं बहुमंजिला इमारत और शॉपिंग मॉल में आग लगने की सूचना पर दमकल, पुलिस और रेस्क्यू टीमों ने मौके पर पहुंचकर बचाव एवं राहत कार्य का पूर्वाभ्यास किया। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने मॉकड्रिल के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम सदर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चेलवा राजू आर, सीओ विवेक तिवारी सहित संबंधित अधिकारी अभ्यास में शामिल रहे। एसएसबी की विभिन्न बटालियनों के डिप्टी कमांडेंट, जिला युवा कल्याण अधिकारी और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने आब्जर्वर के रूप में पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण किया।

## गन्ने का भाव 600 करो, धान पर 100 रुपये बोनस दोः सड़कों पर उतरे किसान

सीतापुर। फसलों के उचित दाम, समय पर भुगतान और कर्ज से राहत समेत नौ सूत्री मांगों को लेकर शुक्रवार दोपहर संयुक्त किसान मोर्चा ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। करीब 12:30 बजे किसानों ने नारेबाजी करते हुए अपनी आवाज बुलंद की और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम के माध्यम से सौंपा। किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष पिंदर सिंह सिद्धू की ओर से दिए ज्ञापन में आगामी गन्ना पेराई सत्र शुरू होने से पहले गन्ने का मूल्य 600 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने और भुगतान समय से कराने की मांग की गई। किसानों ने धान खरीद व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए एक अक्टूबर से सभी क्रय केंद्र चालू करने और नवीन गल्ला मंडी समेत जिले में कम से कम 20 ऑनलाइन धान क्रय केंद्र खोलने की मांग रखी। क्रय केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया सरल और समयबद्ध करने तथा पात्र किसानों की फसल बिना अनावश्यक रोक-टोक खरीदने की मांग की गई। ज्ञापन में घोषित 2441 रुपये प्रति क्विंटल धान मूल्य के अलावा 100 रुपये बोनस देने की भी मांग उठाई गई। मोर्चा ने पुराने ब्याज, गन्ना समितियों और चीनी मिलों के सभी बकायों का तत्काल भुगतान, जर्जर बिजली तारों व केबलों का सर्वे कर प्रभावित गांवों में बदलाव और कर्जमाफी अथवा प्रभावी राहत योजना लागू करने की मांग की। किसानों, मजदूरों और छोटे दुकानदारों के कर्ज निपटारे के लिए बड़े उद्योगपतियों की तर्ज पर पारदर्शी नीति बनाने तथा लंबित समस्याओं के समयबद्ध समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश देने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही।

## बझेड़ा में शारदा के बढ़ते जलस्तर का विधायक ने लिया जायजा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने की सूचना पर विधायक अमन गिरी ने बिजुआ क्षेत्र के बझेड़ा गांव पहुंचकर ग्रामीणों के साथ बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर चल रहे बाढ़ निरोधक कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए।

विधायक ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं और कहा कि बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन से लगातार संपर्क बना हुआ है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि किसी भी परिस्थिति में वह उनके साथ खड़े हैं और आवश्यक मदद के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ से बचाव के लिए चल रहे कार्यों में किसी तरह की लापरवाही न हो। जलस्तर बढ़ने की स्थिति में संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी रखने और ग्रामीणों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने को कहा। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बिजुआ वीरेंद्र भूषण राज, भाजपा मंडल अध्यक्ष बिजुआ धीरेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य डॉ. बच्चू सिंह, नरेश त्रिवेदी, राजीव मिश्रा, सुदेश वाजपेयी, पवन राज, बीडीसी जसपाल सिंह, संतराम, शिवनाथ यादव सहित संबंधित अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## अचानक सायरन बजा, मची अफरा-तफरी फिर शुरू हुआ जिंदगी बचाने का ऑपरेशन



सीतापुर। अचानक सायरन बजता है। लोग इधर-उधर भागने लगते हैं। कहीं घायल पड़े हैं तो कहीं आग का खतरा है। कुछ ही देर में पुलिस, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग और आपदा बचाव की टीमें मौके पर पहुंचती हैं। घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला जाता है। मेडिकल टीम प्राथमिक उपचार में जुट जाती है और राहत शिविर सक्रिय हो जाता है। शुक्रवार को सीतापुर में कुछ ऐसा ही नजारा दिखाई दिया, लेकिन यह कोई असली आपदा नहीं बल्कि आपदा से निपटने की तैयारियों का लाइव टेस्ट था। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जिलाधिकारी के निर्देशन में जिले की सदर, सिधौली, बिसवां और महमूदाबाद तहसीलों में राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज कराई। तीन अलग-अलग आपदा परिदृश्य तैयार कर विभागों की प्रतिक्रिया क्षमता परखी गई। मॉक ड्रिल में भूकंप, रासायनिक हादसे और अग्निकांड जैसी परिस्थितियां बनाकर राहत-बचाव का पूरा ऑपरेशन चलाया गया। मेडिकल कैंप से लेकर रिलीफ कैंप और इंसिडेंट कमांड पोस्ट तक तैयार किए गए। फील्ड हॉस्पिटल स्थापित करने, घायलों को निकालने, आग पर नियंत्रण और प्रभावित क्षेत्र में राहत सामग्री पहुंचाने का अभ्यास हुआ। पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य, पीडब्ल्यूडी, विद्युत, राजस्व, होमगार्ड, आपदा मित्र, नागरिक सुरक्षा, पीआरडी, एनसीसी और स्काउट गाइड की टीमें अपने संसाधनों के साथ मैदान में उतरीं। विद्युत व्यवस्था को सुरक्षित करने और अलग-अलग विभागों के बीच तालमेल की भी परीक्षा हुई। उधर जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर से लखनऊ स्थित राज्य इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पूरा घटनाक्रम जोड़ा गया। अधिकारियों ने मौके पर उपलब्ध मानव बल, उपकरण और संसाधनों की हकीकत भी परखी। यानी आपदा आने पर कौन कितनी जल्दी पहुंचेगा और कौन क्या करेगा- इसका पूरा रिहर्सल शुक्रवार को जमीन पर दिखाई दिया।

## नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप

पसगवां खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के कोतवाली पसगवां क्षेत्र के रहने वाले पिता ने दो युवकों पर अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती दिनांक 17 सितम्बर 2026 दिन बृहस्पतिवार को सुबह करीब 4 बजे मेरी 15 वर्षीय नाबालिक पुत्री (काल्पनिक नाम) ईशा पुत्री रामपाल घर से शौच के लिए निकली थी।जो काफी समय बीत जाने के बाद भी वापस घर नहीं लौटी।जिसके बाद परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की पर उसका कोई पता नहीं चला। पीड़ित पिता का आरोप है कि मेरी पुत्री से सुमित पुत्र प्रमोद निवासी ग्राम बसंतापुर कोतवाली पसगवां से मोबाइल फोन से बात चीत किया करती थी।मेरी पुत्री के पास सुमित द्वारा दिया गया सिम कार्ड भी मिला था,जिसे मैने ले भी लिया था। वहीं 18 सितम्बर की बीती रात मेरे पास एक अज्ञात मोबाइल नंबर (9253393079) से फोन आया जिसने आप नाम हर्मनराज बताया साथ ही मुझसे गाली गलौज व अभद्र व्यवहार किया मुझे पूर्ण अंदेशा व विश्वास है,कि उपरोक्त सुमीत एवं हर्मनराज ने आपस में सांठ गांठ करके मेरी नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर कर ले गए है, पसगवां कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है,जांच की जा रही है।

## ग्रीन कार्ड नवीनीकरण के लिए बैंक के चक्कर लगा रहे किसान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। इंडियन बैंक की ममरी शाखा में ग्रीन कार्ड के नवीनीकरण के लिए किसान महीनों से बैंक के चक्कर लगा रहे हैं। किसानों का आरोप है कि बैंक की ओर से बताई गई सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने के बावजूद करीब आठ माह से उनके ग्रीन कार्ड का नवीनीकरण नहीं किया जा रहा है। इससे किसानों को आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परेली के कमलेश कुमार, झारे के राजेश कुमार, कैथोला के प्रमोद कुमार समेत अन्य किसानों का कहना है कि ग्रीन कार्ड के नवीनीकरण के लिए बैंक द्वारा मांगे गए सभी दस्तावेज और औपचारिकताएं पूरी कर दी गई हैं। इसके बावजूद नवीनीकरण की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ रही है। किसानों का आरोप है कि उन्हें बार-बार बैंक बुलाया जाता है और कभी किसी दस्तावेज तो कभी अन्य कारण बताकर वापस कर दिया जाता है। किसानों का कहना है कि खेती-किसानी के समय ग्रीन कार्ड के नवीनीकरण में देरी के कारण उन्हें आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार बैंक पहुंचने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने से उनका समय और पैसा दोनों खर्च हो रहे हैं। किसानों ने संबंधित अधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेने की मांग की है। किसानों ने बैंक के उच्चाधिकारियों से पूरे मामले की जांच कराने, लंबे समय से लंबित ग्रीन कार्ड का तत्काल नवीनीकरण कराने और किसानों को बार-बार बैंक के चक्कर लगाने से राहत दिलाने की मांग की है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं ने 18 हजार मानदेय की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



सीतापुर। मानदेय बढ़ाने समेत कई मांगों को लेकर शुक्रवार दोपहर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं का गुस्सा धरना स्थल पर फूट पड़ा। महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के बैनर तले कार्यकताओं ने कलेक्टर स्थित धरना स्थल पर प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर मांगों के समाधान की आवाज उठाई।

जिलाध्यक्ष नीतू सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां गांव-गांव सरकार की योजनाओं को पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही हैं, लेकिन इसके बदले उन्हें पर्याप्त मानदेय नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यकताओं के मानदेय में 1500 और सहायिकाओं के मानदेय में 750 रुपये की बढ़ोतरी के बाद क्रमशः 12 हजार और छह हजार रुपये मिल रहे हैं। इसके अलावा पीएलआई के रूप में 2500 और 1250 रुपये देने का प्रावधान है। संघ ने कार्यकताओं का मानदेय बढ़ाकर कम से कम 18 हजार रुपये करने की मांग की। नीतू सिंह ने आरोप लगाया कि मानदेय में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी का वादा किया गया था, लेकिन उसका अपेक्षित लाभ नहीं मिला। करीब डेढ़ साल से पीएलआई का भुगतान भी लंबित बताया गया। संघ ने पीएलआई खत्म कर उसकी राशि मानदेय में जोड़ने की मांग की। कार्यकताओं ने पोषण ट्रैकर एप में जीपीएस की अनिवार्यता पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या के चलते जीपीएस आधारित उपस्थिति दर्ज करने और एप पर काम करने में परेशानी होती है। उन्होंने पूर्व की तरह जीपीएस की अनिवार्यता हटाने की मांग की। संघ पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो लखनऊ में भी धरना-प्रदर्शन और अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत किसान मेला का आयोजन



जिला संवाददाता(vol)

मोहम्मदी खीरी। ब्लॉक परिसर में सेवा संकल्प अभियान के तहत सरकारी योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ जन जन तक पहुंचने को लेकर मेले का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह और ब्लॉक प्रमुख महेंद्र वाजपेई ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया है।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचने को लेकर साप्ताहिक मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को एक जगह पर लाभ की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिसमें आयुष्मान कार्ड, फार्मर आईडी, मृदा परीक्षण समेत तमाम जानकारी के लिए मेले का आयोजन किया गया है।

इस मौके पर बीडीओ अश्वनी कुमार, मनोज गुप्ता,आनंद गुप्ता गोपाल रस्तोगी, दिनेश समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे हैं।

## स्कूल वाहनों में ओवरलोडिंग मिली तो होगी कार्रवाई, प्रबंधकों को नोटिस



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को वाहनों की निर्धारित क्षमता से अधिक बैठाने पर अब कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस ने तहसील क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को नोटिस जारी कर स्कूल वाहनों में सुरक्षा मानकों और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए हैं।

यातायात पुलिस की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि स्कूल बस, वैन, ऑटो या अन्य किसी वाहन में निर्धारित सीटिंग क्षमता के अनुसार ही बच्चों को बैठाया जाए। क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर वाहन का संचालन करने से दुर्घटना की स्थिति में बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। ऐसे में विद्यालय प्रबंधन यह सुनिश्चित करे कि किसी भी बच्चे को निर्धारित सीट से अधिक संख्या में बैठाकर यात्रा न कराई जाए। पुलिस ने बच्चों को वाहन में खड़े होकर यात्रा कराने पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा किसी बच्चे को दरवाजे के पास, वाहन के खुले हिस्से में अथवा किसी अन्य असुरक्षित स्थिति में बैठाकर या खड़ा कर यात्रा न कराने को कहा गया है। स्कूल प्रबंधन को बच्चों के सुरक्षित आवागमन की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस में विद्यालयों को अपने स्कूल वाहनों की नियमित जांच कराने के लिए भी कहा गया है। वाहनों की फिटनेस, सीटों की संख्या और बच्चों के बैठने की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही वाहन चालकों और परिचालकों को बच्चों की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देने तथा वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने के लिए कहा गया है। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जांच के दौरान किसी स्कूल वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चे बैठे पाए गए या बच्चों को असुरक्षित तरीके से ले जाते हुए वाहन मिला तो संबंधित वाहन के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

## विनायक भगवान की स्थापित हुई प्रतिमा

परशदेपुर, रायबरेली। नगर पंचायत परसदेपुर के वार्ड नंबर एक रामसागर में गेंदालाल निर्मल द्वारा गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई थी। पांच दिनों तक श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। शुक्रवार को छठवें दिन गणेश प्रतिमा के विसर्जन के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ निकली विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाएं भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए करीब तीन किलोमीटर तक यात्रा में शामिल रहीं। गाजे बाजे के साथ विसर्जन यात्रा सई नदी के तट पर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान और जयकारों के बीच भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया। इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। विसर्जन यात्रा में घनश्याम मिश्रा, गेंदालाल निर्मल, घनश्याम, जागेश्वर निर्मल, अरुण निर्मल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## मिर्जापुर निमोली खुरुमपुर में बसपा के कैंप का हुआ आयोजन

सोहावल-अयोध्या। शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में विधानसभा 274 बीकापुर के सेक्टर कैल मिजार्पुर-निमोलीखुररुमपुर में एक विशाल कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीकापुर के लोकप्रिय पूर्व विधायक जितेन्द्र सिंह श्बब्लू श सम्मिलित हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने उपस्थित सभी सम्मानित कार्यकताओं को आश्वस्त किया कि वे उनके सभी सुख-दुःख में शामिल रहेंगे और हर परिस्थिति में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। कैंप में सेक्टर के सभी बूथ स्तर एवं सेक्टर स्तर के पदाधिकारियों ने हजारो की संख्या में भाग लिया। सभी कार्यकताओं ने जोरदार नारों के साथ पूर्व विधायक का भव्य स्वागत किया। वर्ष 2027 में पुनः विधानसभा पहुँचा कर माननीय बहन जी को पाँचवी बार मुख्यमन्त्री बनाने का संकल्प लिया।

## अयोध्या में नवंबर माह में होगा स्टेट मास्टर्स गेम्स

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में इस वर्ष स्टेट मास्टर्स गेम्स का आयोजन किया जाएगा। यह तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता नवंबर माह में आयोजित होने की जानकारी दी गई है। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकेंगे तथा कई खेल विधाओं में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। स्टेट मास्टर्स गेम्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में शूटिंग, हॉकी सहित विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम एवं निर्धारित खेल स्थलों पर प्रतियोगिताओं की व्यवस्था की जाएगी। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य मास्टर्स खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करना और विभिन्न खेलों में उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के अवसर उपलब्ध कराना है। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न क्षेत्रों से खिलाड़ियों के प्रतिभाग करने की उम्मीद है। इस संबंध में जानकारी अयोध्या शूटिंग रेंज के कोच शनि कुमार वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं और जल्द ही प्रतिभागियों के लिए विस्तृत कार्यक्रम एवं अन्य जानकारी जारी की जाएगी।

# 175 दंपति एक दूजे के बंधन में बंधे

## सदर विधायक ने नव विवाहित जोड़े को दिया सात वचन निभाने का आशीर्वाद



जिला संवाददाता

रायबरेली। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड अमावां के राणा बेनी माधव सिंह मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस भव्य आयोजन का शुभारंभ सदर विधायक अदिति सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी आर०वी० सिंह द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों को सात फेरे दिलाए और विवाह की पूरी रस्में निभाई।

इस सामूहिक विवाह समारोह में जिले के विभिन्न विकास खण्डों के 175 जोड़ों ने भाग लिया, जिसमें विकास खण्ड अमावां 77, राही 73 एवं न०पा०परि० रायबरेली 25 जोड़े सम्मिलित रहे। सामूहिक विवाह में सदर विधायक अदिति सिंह व मुख्य विकास अधिकारी ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और सभी नव दंपतियों को नए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी तथा प्रत्येक जोड़ो को वस्त्र, डिनर सेट, ट्रॉली बैग आदि उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। इस अवसर पर सदर विधायक ने वर-वधुओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि आज आप अपनी जिंदगी की नई शुरूआत करने जा रहे हैं, जिसके लिए आप सभी को बधाई व शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि ऐसे गरीब व निर्धन परिवार जो शादी विवाह समारोह में होने वाले व्यय को वहन करने में सक्षम नहीं हैं, उनका भी विवाह समारोह सम्मानपूर्वक, परम्परागत व धार्मिक रीति-रिवाज से सम्पन्न हो सके, इसलिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को प्रारंभ किया गया है, जिसके क्रम में आज यहां भव्य आयोजन किया गया है, इस आयोजन में 175 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आज के इस आयोजन में 175 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है, यह शासन की प्राथमिकता की महत्वपूर्ण योजना है। मंच का संचालन अभिषेक द्विवदी द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी वर्षा सिंह, खण्ड विकास अधिकारी अमावां संदीप सिंह, जिला पंचायत सदस्य राघवेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण आदि उपस्थित रहें।

## एम्स में गैर-संचारी रोगों के लिए सुरक्षित देखभाल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रायबरेली। विश्व रोगी सुरक्षा दिवस 2026 के मौके पर, एम्स रायबरेली के अस्पताल प्रशासन विभाग के क्वालिटी सेल ने कार्डियोलॉजी विभाग में श्गैर-संचारी रोगों के लिए सुरक्षित देखभाल विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यकारी निदेशक, डॉ. अमिता जैन ने बोर्ड रूम से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने संस्थान में रोगी सुरक्षा की संस्कृति को मजबूत करने के महत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गैर-संचारी रोगों से पीड़ित रोगियों को दी जाने वाली देखभाल की गुणवत्ता और सुरक्षा में सुधार करने और रोके जा सकने वाले नुकसान को कम करने में रोगियों और स्वास्थ्य कर्मियों के बीच जागरूकता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रोगियों, तीमारदारों, स्वास्थ्य पेशेवरों और छात्रों के बीच गैर-संचारी रोगों, विशेष रूप से हृदय रोगों और अन्य पुरानी बीमारियों की रोकथाम, निदान और प्रबंधन में रोगी सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना था। कार्यक्रम के दौरान, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आशीष जैन ने सुरक्षित और समय पर हृदय संबंधी देखभाल, बताए गए इलाज का पालन, नियमित फॉलो-अप, जीवनशैली में बदलाव और अपनी देखभाल में रोगियों की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला।

## माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित हुई चित्रकला प्रतियोगिता

रायबरेली। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा, कल्पनाशीलता एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से माध्यमिक शिक्षा विभाग के 37 विद्यालयों में आज चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 09 से 12 तक के कुल 1040 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मक क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता एवं कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए चित्रों के माध्यम से विभिन्न सामाजिक, राष्ट्रीय एवं समसामयिक विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने रंगों और रेखाओं के माध्यम से अपने विचारों एवं भावनाओं को अभिव्यक्त किया। प्रतियोगिता में विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे विद्यार्थियों में सृजनात्मक सोच, आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति की क्षमता एवं कला के प्रति रुचि विकसित होती है।



## सपा का डीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन

### कोतवाल के खिलाफ कार्रवाई करने पर अड़े हैं सपाई



रायबरेली। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं द्वारा पुलिस अधीक्षक गेट पर नारेबाजी की गई। पुलिस ने कार्यकताओं को गेट के अंदर घुसने नहीं दिया, उसके बाद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता डीएम ऑफिस पहुंचकर धरना प्रदर्शन व नारेबाजी शुरू कर दी। सपा कार्यकताओं की मांग कोतवाल के खिलाफ कार्रवाई करने की बताई जा रही है। बता दें कि समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता के द्वारा लगाए गए सदस्यता एवं जागरूकता कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लोगों के द्वारा बहस के दौरान का विवाद उत्पन्न हुआ था जिसको लेकर समाजवादी पार्टी कार्यकताओं के द्वारा एसपी ऑफिस में नगर क्षेत्र अधिकारी से संबंधित मामले के दौरान बात की जा रही थी इसी दौरान वहां पहुंचे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लोगों के द्वारा एक दूसरे के ऊपर आरोप प्रत्यारोप लगाए गए आज दूसरे दिन समाजवादी पार्टियों के द्वारा सैकड़ो की संख्या में कार्यकताओं ने पहुंच कर पहले तो कल सदाशक कार्यालय का घेराव किया तत्पश्चात जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं के डेलिगेशन से बात की गई और आश्वासन दिया गया कि दो-तीन दिन के अंदर मजिस्ट्रेट के द्वारा जांच कर कर जो भी दोषी होगा उस पर कार्यवाही की जाएगी तत्पश्चात जाकर धरना प्रदर्शन शांत हुआ। वहीं समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी कार्यकताओं के द्वारा शहर कोतवाल पर कार्यवाही की मांग की जा रही है। वही मामला लगातार सियासत को गर्म करने के लिए बढ़ता जा रहा है।

## मुख्यमंत्री से मिले बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान

### बिजली कटौती व रोस्टिंग से हो रही परेशानी का उठाया मुद्दा




अयोध्या। बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चैहान ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों पर चर्चा की। रामनगर धौरहरा में करीब 17 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे पंपिंग स्टेशन/डी-वाटरिंग पंप के लिए धनराशि देने पर क्षेत्रवासियों की ओर से आभार जताया। विधायक ने कहा कि पंपिंग स्टेशन बनने से किसानों की हजारों बीघा जमीन को जलभराव से बचाने में मदद मिलेगी। विधायक ने मुख्यमंत्री राहत कोष से गरीब और असहाय परिवारों के इलाज के लिए अब तक करीब 10 करोड़ रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराने पर भी आभार जताया। उन्होंने क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बहाल कराने और अनावश्यक रोस्टिंग से उत्पन्न समस्याओं का मुद्दा भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। डॉ. चैहान ने बीकापुर विधानसभा क्षेत्र की 20 सड़कों और ओवरब्रिज के निर्माण की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। इनमें बीबियापुर संपर्क मार्ग, ढेमवा घाट से एनएच-27 होते हुए नौवां कुआं मार्ग, नौवां कुआं से छतिरवा-पारा-कैल-भदरसा मार्ग, सुचितागंज से सत्तीचैरा पुलिस चैकी तक मार्ग और रूसिया माफी-भदरसा के मध्य तमसा नदी पर दीर्घसेतु का निर्माण शामिल है। इसके अलावा झामदूबे पुरवा से दक्षिणपारा-सारंगापुर होते हुए सरैया ड्योढ़ी-बड़ागांव मार्ग, छोटा मिछौड़ा-कलवारन का पुरवा, गुन्धौर-बिचली का पुरवा, तोरोमाफी-वसुदेवपुर, बनकट-दुबौली, जलालपुर कुचेरा-चंदीकापुर नगहरा, रजौरा-उमरपुर, खजुरहट-धर्मगंज से महावा, प्रयागराज मार्ग-दूबे का पुरवा, मसौधा-सुचित्तिगंज से सिडहिर नहर पुलिया, अबनपुर सरोहा-बनके गांव-विल्हरघाट से उसरहवा, पलिया गोवा-मिजार्पुर-निमौली से नैपुरा माइनर तथा सतना-कोदैला संपर्क मार्ग के निर्माण की मांग रखी।

## बीना खत्री के निधन पर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने जतायी संवेदना

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह अयोध्या के पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री के आवास पर पहुंचकर उनकी पत्नी बीना खत्री के निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए संवेदना जताई। उन्होंने डॉक्टर खत्री से अपने व्यक्तिगत संबंधों के बारे में चर्चा करते हुए कहा हम सब उनके इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े हैं इसके पूर्व अंबेडकर नगर के पूर्व सांसद रितेश पांडे इलाहाबाद के पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह उच्चतर सेवा आयोग के सदस्य डॉ विनोद कुमार सिंह डॉक्टर आशुतोष सिंह उदय पब्लिक स्कूल के डॉक्टर चंद्र प्रकाश त्रिपाठी पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंभू नाथ सिंह दीपू तारा जी होटल के अशोक सोनी दरियाबाद के अब्दुल्ला शेर खान अंबेडकर नगर की विद्या प्रसाद मिश्रा नेवी स्वर्गीय बिना खत्री के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी। यह जानकारी अंकुर खत्री ने दिया है।



## विजय नारायण हत्याकांड में अभियोजन ने लिया मौका, जिरह टली

सुलतानपुर (वीओएल)। विजय नारायण सिंह हत्याकांड में शुक्रवार को चोटहिल गवाह अनुज शर्मा कोर्ट में पेश हुए, लेकिन अभियोजन पक्ष के मौका लेने से जिरह नहीं हो सकी। मुख्य बयान में पक्षद्रोही होने के कारण अभियोजन की ओर से गवाह से जिरह की जा रही है। वादी के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि एडीजे प्रथम संध्या चैधरी की अदालत में अब 22 सितंबर को जिरह होगी। नरायनपुर निवासी विजय नारायण सिंह की सात अप्रैल 2024 को दरियापुर तिराहे पर गोली मारकर हत्या की गई थी। घटना में अनुज शर्मा भी घायल हुए थे। मामले में अजय प्रताप सिंह सिलावट के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल हुआ था।

## महिला समूहों के लिए शुरू हुई प्रेरणा कैंटीन

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय परिसर में महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित ह्यप्रेरणा कैंटीन-स्वाद का सफरह्न का शुभारंभ हुआ। बीडीओ श्रीकांत तिवारी व निशा तिवारी ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं। बीडीओ ने कहा कि कैंटीन में अधिकारियों, कर्मचारियों और आम लोगों को खाने-पीने की सामग्री उपलब्ध होगी। इससे महिलाओं की आय बढ़ने के साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। कैंटीन का संचालन आकाश स्वयं सहायता समूह की मंजू लता कर रही हैं। यहां समूह की महिलाओं द्वारा तैयार खाद्य सामग्री और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं मिलेंगी।

## यूजीसी व्यवस्था में बदलाव के विरोध में प्रदर्शन

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। यूजीसी व्यवस्था में प्रस्तावित बदलाव और आरक्षण से जुड़े मुद्दों को लेकर शुक्रवार को परशुराम युवा वाहिनी व करणी सेना के कार्यकताओं ने बरौसा चैक पर प्रदर्शन किया। इसके बाद जुलूस तहसील पहुंचा, जहां राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम संदीप कुमार यादव को सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक-2025 पर व्यापक चर्चा की मांग की। विधेयक यूजीसी, एआईसीटीई और एनसीटीई को एक नई नियामक व्यवस्था में समाहित करने का प्रस्ताव करता है और दिसंबर 2025 में संयुक्त संसदीय समिति को भेजा गया था। प्रदर्शनकारियों ने एससी-एसटी आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा व संशोधन की मांग भी उठाई।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी रिचा



भदैंया, सुलतानपुर (वीओएल)। शंभूनाथ जंजीरादास इंटर कॉलेज की छात्रा रिचा यादव का चयन टेबल टेनिस की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता बरेली में आयोजित होगी। नारायणपुर निवासी रिचा के पिता महेश यादव निजी कार्मिक हैं। रिचा ने प्रारंभिक शिक्षा उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर से प्राप्त की, जहां से उन्हें टेबल टेनिस का प्रशिक्षण मिला। उन्होंने परिषदीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग किया है। इस वर्ष माध्यमिक विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में रिचा को अयोध्या मंडल की ओर से खेलने का अवसर मिला। उनकी सफलता पर डीआईओएस सूर्य प्रकाश सिंह, प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह, क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह, प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार दुबे समेत शिक्षकों व क्षेत्रवासियों ने बधाई दी।

## कूरेभार ब्लॉक शिक्षक संघ अध्यक्ष बने रमेश मिश्र



कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिक्षक संघ का शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी एवं अधिवेशन चुनाव शुक्रवार को जूनियर हाईस्कूल परिसर में हुआ। इसमें रमेश कुमार मिश्र को लगातार तीसरी बार ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। चुनाव पर्यवेक्षक राजीव कुमार मिश्र व आलोक श्रीवास्तव की देखरेख में हुआ। सर्वसम्मति से ओम प्रकाश को मंत्री और प्रदीप यादव कोषाध्यक्ष चुना गया। संत शरण सिंह को संरक्षक तथा उर्मिला सोनी को महिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। जिलाध्यक्ष देवेंद्र त्रिपाठी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। रमेश मिश्र ने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास का भरोसा दिलाया।

## कार्रवाई न हुई तो तहसील परिसर में आत्मदाह की चेतावनी

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। ग्राम समाज की भूमि पर कथित अवैध निर्माण के मामले में शिकायतकर्ता के तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई की बात कही है। उपजिलाधिकारी जयसिंहपुर संदीप कुमार यादव ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। कानूनगो और संबंधित हल्का लेखपाल से बात की गई है। टीम गठित कर मामले की जांच कराकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। तहसील छेत्र के रवनिया गांव निवासी विंध्येश्वरी पांडेय ने ग्राम समाज की भूमि गाटा संख्या 313 की भूमि पर कथित तौर पर अवैध निर्माण किए जाने की शिकायत की है। शिकायतकर्ता के शपथपत्र के अनुसार, 14 मार्च 2026 से भूमि पर निर्माण शुरू होने का आरोप लगाया गया है। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर भी किए जाने का उल्लेख है। इसके बाद 15 मार्च को ग्राम प्रधान के माध्यम से उपजिलाधिकारी को सामूहिक प्रार्थनापत्र दिए जाने की बात कही गई है।

### एसडीएम के निर्देश पर पहुंची राजस्व टीम

उपजिलाधिकारी संदीप कुमार यादव के निर्देश पर शुक्रवार देर शाम राजस्व निरीक्षक सत्यनारायण यादव, लेखपाल शिवकुमार पाल, अखिल कुमार व आशुतोष, चकबंदी लेखपाल और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने मौके की स्थिति का जायजा लेने के बाद सरकारी भूमि पर किए गए कथित अतिक्रमण को हटवाने की कार्रवाई की। कार्रवाई पूरी होने के बाद तहसीलदार मयंक मिश्र ने शिकायतकर्ता को इसकी जानकारी दी। प्रशासन की ओर से कार्रवाई किए जाने के बाद शिकायतकर्ता ने तहसील परिसर में चल रहा अपना अनिश्चितकालीन धरना समाप्त कर दिया।

### मामला संज्ञान में आते ही कार्रवाई के निर्देश

उपजिलाधिकारी संदीप कुमार यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही राजस्व टीम को तत्काल मौके पर भेजकर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। टीम ने मौके पर पहुंचकर सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटवा दिया है। गौरतलब है कि शिकायतकर्ता ने इससे पहले कई बार शिकायत और नोटिस दिए जाने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया था। हालांकि, इन पूर्व शिकायतों और आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी थी। प्रशासन की ओर से शुक्रवार को की गई कार्रवाई के बाद फिलहाल मामला शांत हो गया और शिकायतकर्ता ने धरना समाप्त कर दिया।

## सिक्के इतिहास निर्माण व काल-निर्धारण का सबसे प्रामाणिक माध्यमः कुलपति

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के संरक्षण एवं कोशल संग्रहालय के समन्वयक डॉ. राजेश सिंह के नेतृत्व में पुरावशेषों के सर्वेक्षण और संग्रहण अभियान के तहत 46 दुर्लभ ऐतिहासिक सिक्के संकलित किए गए हैं। प्राचीन व मध्यकालीन सिक्के ग्राम सभा रामनाथपुर के एक प्राचीन टीले के आकस्मिक उत्खनन से 6 सिक्के प्राप्त हुए। इनमें एक सिक्का प्राचीन काल का तथा अन्य मध्यकाल के हैं। मध्यकालीन सिक्के चांदी और तांबे से निर्मित हैं, जिन पर अरबी लिपि एवं फारसी भाषा अंकित हैं। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि संग्रहालय के गैलरी असिस्टेंट डॉ. देशराज उपाध्याय को जनपद सुल्तानपुर के कूरेभार विकास खंड स्थित ग्राम रामनाथपुर के सर्वेक्षण के दौरान हासिल हुई। ग्राम निवासी दीनानाथ गुप्ता के सहयोग से 19वीं एवं 20वीं शताब्दी के 35 सिक्के संकलित किए गए। पीतल और जस्ते से बने इन सिक्कों में एक आना, आधा आना, एक पैसा, दो पैसा, तीन पैसा, पांच पैसा, 10 पैसा, 20 पैसा और 25 पैसे के सिक्के शामिल हैं। संग्रह में एक विशेष श्सीतारामश धार्मिक टोकन तथा दो नेपाली सिक्के भी शामिल हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति ने इस ऐतिहासिक संकलन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सिक्के इतिहास निर्माण और काल-निर्धारण का सबसे प्रामाणिक माध्यम होते हैं। शोधार्थियों और जनसामान्य को इनके ऐतिहासिक महत्व से परिचित कराने के उद्देश्य से उन्होंने कोशल संग्रहालय में शीघ्र ही एक स्वतंत्र श्मुद्रा वीथिकाश स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

## प्रतिभाओं को मिला अवसर, युवाओं के सपनों को मिली नयी राह

### 90 कंपनियों ने खोले रोजगार के द्वार, 7 हजार 984 को मिला रोजगार



अयोध्या। सेवायोजन विभाग की ओर से आशा भगवान बक्श सिंह महाविद्यालय में आयोजित रोजगार मेले में युवाओं की बड़ी भागीदारी रही। मेले में कुल 13 हजार 632 युवाओं ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 7 हजार 984 युवाओं को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के लिए चयनित किया गया। रोजगार मेले में करीब 90 बहुराष्ट्रीय एवं प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर युवाओं का साक्षात्कार लिया। मेले में अशोक लीलैंड, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, फ्लिपकार्ट, ब्लिंगकिट, आईसीआईसीआई, वर्धमान, टीवीएस इलेक्ट्रॉनिक्स, अमेजन, अरविंद कॉटन मिल्स समेत लगभग 90 कंपनियों के 130 प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता, कौशल और अनुभव के आधार पर साक्षात्कार लेकर चयन प्रक्रिया पूरी की। इस अवसर पर गोसाईगंज विधायक अभय सिंह ने कहा कि रोजगार मेले युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। बड़ी संख्या में कंपनियों की सहभागिता से युवाओं को एक ही स्थान पर विभिन्न रोजगार विकल्पों की जानकारी और चयन का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों को निरंतर बढ़ावा दिए जाने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के लिए बेहतर अवसर मिलेंगे। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास आज की प्रमुख आवश्यकताओं में शामिल है। रोजगार मेले के माध्यम से कंपनियों और युवाओं को सीधे एक-दूसरे से जुड़ने का अवसर मिलता है। जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने कहा कि रोजगार मेले में हजारों युवाओं की भागीदारी यह दशार्ती है कि युवाओं में रोजगार के प्रति उत्साह है। विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों की मौजूदगी से प्रतिभागियों को अपनी योग्यता के अनुरूप अवसर तलाशने में मदद मिली। सहायक निदेशक सेवायोजन अयोध्या मंडल देवव्रत कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में सभी कंपनियों के लिए अलग-अलग पंडाल बनाए गए थे, जिससे अभ्यर्थियों को संबंधित कंपनी तक पहुंचने और साक्षात्कार देने में सुविधा रही। उन्होंने बताया कि सुबह करीब 10 बजे से ही युवाओं का मेला स्थल पर पहुंचना शुरू हो गया था। चयन प्रक्रिया दिनभर चली और शाम चार बजे मेले का समापन हुआ।

**जिला कार्यालय-यू.पी. को आपरेटिव फेडरेशन लि., जौनपुर**

पत्रांकः पी.सी.एफ./धान खरीद 2026-27 एवं गेहूं खरीद 2027-28 हैण्डलिंग टेण्डर/1218-19 दिनॉकः-18.09.2026

**निविदा ई-टेण्डरिंग की सूचना**

मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान खरीद वर्ष 2026-27 एवं गेहूँ खरीद वर्ष 2027-28 में पी.सी.एफ. द्वारा जौनपुर में स्थापित धान/गेहूं क्रय केन्द्रो पर हैण्डलिंग कार्य हेतु हैण्डलिंग ठेकेदारो की नियुक्ति के सम्बन्ध में निविदायें यू.पी. ई-टेण्डर बेवसाईट **http://etender.up.nic.in** से डाऊनलोड कर दिनांक 18.09.2026 की अपराहन 01:30 बजे से अपलोड की जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं समस्त जानकारी नियम व शर्ते उपरोक्त बेवसाईट पर उपलब्ध है। निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार टेण्डर कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।

(कृष्ण शिव देव सिंह)
जिला प्रबन्धक
पी.सी.एफ.-जौनपुर

मो.नं.- 8765984600 - jaunpurpcf@gmail.com

संक्षेप

## शिवदयाल चौरसिया ने वंचित समाज की सदैव वकालत की

**देवरिया ।** काका कालेलकर आयोग अर्थात प्रथम पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रहे शिवदयाल सिंह चौरसिया के स्मृति दिवस पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि 1903 में लखनऊ में जन्मे शिवदयाल सिंह चौरसिया ने 1928 में लखनऊ आए साइमन कमीशन से लेकर 1953 में गठित काका कालेलकर आयोग तक सदैव इस देश के हक वंचित समाज की वकालत करते हुए अपनी आवाज बुलंद की।

सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह जिनका कहना था कि ₹वे चौरसिया हैं, वे हिंदू समाज की असमानता को चौरस करके ही मरेंगे₹ जिस निमित्त उन्होंने बतौर वकील या बतौर राज्यसभा सांसद अपना सम्पूर्ण प्रयत्न जारी रखा ।

# यूपीआई शुल्क के मुद्दे पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**देवरिया ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री श्री अजय राय के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्र

**● टाउन हॉल गेट पर पुलिस ने रोका**

सरकार के खिलाफ अनोखा विरोध दर्ज कराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर कांग्रेसजनों ने टाउन हॉल स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय से भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक तथा प्रदेश सरकार में कैबिनेट कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के राघवनगर स्थित आवास की ओर विरोध स्वरूप गिफ्ट लेकर प्रस्थान किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में कांग्रेसजन मंत्री आवास की ओर बढ़ रहे थे। कांग्रेसजनों का कहना था कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा सरकार तक जनता और व्यापारियों की समस्याओं का यह राजनीतिक संदेश पहुंचाना जरूरी है कि डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने वाली व्यवस्था आम आदमी और छोटे व्यापारियों के लिए अतिरिक्त आर्थिक बोझ का माध्यम नहीं बननी चाहिए ।कांग्रेस



कार्यकताओं के मंत्री आवास की ओर बढ़ने की सूचना पर टाउन हॉल परिसर के मुख्य गेट पर पुलिस प्रशासन ने उन्हें रोक लिया ।कांग्रेस नेताओं ने सवाल उठाया कि जब सरकार व्यापारी और आम जनता के हित में होने का दावा करती है, तो फिर उन्हीं लोगों की आवाज सरकार तक पहुंचाने से रोकने की जरूरत क्यों पड़ी। बाद में एडीएम प्रशासन प्रेमनारायण सिंह ने कांग्रेसजनों से विरोध स्वरूप लाए गए गिफ्ट स्वीकार किए और आश्वासन दिया कि इन्हें कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के माध्यम से केन्द्र सरकार तक तक पहुंचा दिया जाएगा। छोटे दुकानदार और मध्यम वर्ग पहले से ही महंगाई और विभिन्न आर्थिक दबावों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में डिजिटल लेन-देन से जुड़े किसी भी प्रस्तावित शुल्क के मुद्दे पर सरकार को व्यापारियों और आम जनता की चिंता का स्पष्ट जवाब देना चाहिए ।उन्होंने कहा कि कांग्रेस व्यापारी, किसान, मजदूर, युवा और आम उपभोक्ता से म्लोकतांत्रिक तरीके से सरकार के सामने उठाना कांग्रेस की जिम्मेदारी है।

## राजकीय बाल गृह (बालक),का किया गया औचक निरीक्षण

देवरिया । जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में अध्यक्ष, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्री अभय कृष्ण तिवारी, सदस्य, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक)/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज (एस0डी0), देवरिया श्रीमती अर्चना-द्वितीय तथा सदस्य, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक)/सिविल जज (जू0डी0), श्रीमती दिक्षा त्रिपाठी द्वारा राजकीय बाल गृह, देवरिया का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अभय कृष्ण तिवारी द्वारा बच्चों को पौष्टिक भोजन व नाश्ता मेन्यू के अनुसार उचित खान-पान की व्यवस्था के लिए तथा रसोइया एवं अन्य कर्मचारियों के पांच महीने के बाकी वेतन नियमानुसार भुगतान हेतु जिला परिवीक्षा अधिकारी, देवरिया को निर्देशित किया गया। उनके द्वारा राजकीय बाल गृह के प्रपत्रों का अवलोकन कर अव्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने हेतु सख्त दिशा-निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान सावांसित बालकों द्वारा कम्प्यूटर सिखने की इच्छा व्यक्त की गयी। जिसके सम्बन्ध में जिला परिवीक्षा अधिकारी, देवरिया को निर्देशित किया कि कौशल विकास योजना के अंतर्गत गृह में आवासित बच्चों को कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु नियमानुसार कार्यवाही करें। इसके साथ ही, उन्होंने भंडार कक्ष तथा बच्चों के लिए बन रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की।

उन्होंने बच्चों को समय-समय पर ताजे फल देने, साफ-सुथरे कपड़े पहनाने और परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के संबंध में विशेष दिशा-निर्देश दिए। राजकीय बाल गृह के परिसर, भण्डार कक्ष व अध्ययन कक्ष कीसुदृढ़ करने का विशेष दिशा निर्देश दिया गया।

## सदर तहसील सभागार में आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर आयोजित

**देवरिया।** जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार शून्य गरीबी में चिन्हित पंजीकृत निर्माण श्रमिक परिवारों तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सदर तहसील सभागार, देवरिया में विशेष आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर आयोजित किया गया शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा श्रम विभाग की टीम के समन्वय से कुल 50 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस दौरान पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड के लाभ एवं कार्ड निर्माण की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी भी दी गई नोडल आयुष्मान डॉ. आर.पी. यादव ने बताया कि आगामी शनिवार, 19 सितम्बर, 2026 को पुनः सदर तहसील सभागार, देवरिया में आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने शून्य गरीबी में चिन्हित पंजीकृत निर्माण श्रमिक परिवारों तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र बुजुर्गों से अपील की कि वे शिविर में पहुंचकर अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। लाभार्थी अपने साथ आधार कार्ड, राशन कार्ड तथा मोबाइल नंबर अवश्य लेकर आएं, जिससे कार्ड निर्माण की प्रक्रिया सुगमता से पूरी की जा सके जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। पात्र लाभार्थी अपने क्षेत्र के निकटतम आयुष्मान आरोग्य मंदिर/उपकेंद्र पर भी आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। इसके लिए वे अपने क्षेत्र की आशा एवं एएनएम से संपर्क करें। श्रम विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा पात्र लाभार्थियों से अपील की गई है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं तथा अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें।

## मुसहर बस्ती ठाड़ीभार में जन-जागरूकता चौपाल आयोजित



**कुशीनगर।** शासन की मंशा एवं जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी के निदेर्शानुसार आज विकासखंड दुदही के मुसहर बस्ती ठाड़ीभार में जन-जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई ।हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, कुशीनगर के जिला मिशन कोऑर्डिनेटर नलिन सिंह ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, आयुष्मान गोल्डन कार्ड एवं वृद्धावस्था पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं की पात्रता एवं लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर 181, महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108 एवं 102 के उपयोग के बारे में बताया गया। जेंडर स्पेशलिस्ट वंदना कुशवाहा ने बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों को इनके विरुद्ध जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में असिस्टेंट अकाउंटेंट अमन मिश्रा ने योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों से संबंधित पंपलेट वितरित किए तथा पात्र लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया ।चौपाल में समाज कल्याण विभाग से मनीष कुमार, पंचायती राज विभाग के सचिव मिथिलेश्वर एवं पंचायत सहायक सीता कुशवाहा, स्वास्थ्य विभाग की एएनएम व आशा कार्यकत्री, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की सुपरवाइजर एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री, श्रम विभाग के कर्मचारियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# खेत की रखवाली कर रहे किसानों पर नीलगाय का हमला, एक की मौत घायल

**भटनी(देवरिया) ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम मोतीपुर भुआल में मक्के के खेत की रखवाली कर रहे किसान पर नीलगाय का हमला कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया ।बचाने गये बगल के खेत मे गये दो किसान भी घायल हो गये ।उपचार के दौरान बुजुर्ग किसान की मेडिकल कालेज में मृत्यु ।दो किसान का उपचार जारी ।प्राप्त सूचना के अनुसार मोतीपुर भुआल गाँव के 60वर्षीय किसान रामबृक्ष यादव पुत्र स्व गोपाल यादव अपने खेत में बुधवार के दिन में मक्के के खेत में रखवाली कर रहे थे ।उसी समय एक नीलगाय आकर हमला कर दिया ।हमला देखकर बगल के खेत मे कार्य कर रहे अनुज पाल एवं अजय पाल पहुंचे ।उन्हे भी नीलगाय ने घायल कर दिया । तीनो को सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी उपचार के लिए ले जाया गया ।जहां रामबृक्ष यादव की स्थित गम्भीर होने के कारण उपचार के लिए चिकित्सक ने महर्षि देवरहाबाबा मेडिकल कालेज देवरिया रेफर कर दिया । वहाँ से मेडिकल कालेज गोरखपुर उपचार के लिए भेज दिया जहाँ उसी रात्रि को उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी ।मृत्यु की सूचना पर परिवार में मातम छा गया और परिजन रोने बिलखने लगे । शव गुरुवार को घर पहुँचने पर पत्नी रिकेबिया देवी मृतक के पुत्र जीतेंद्र यादव व रविन्द्र यादव का रो रोकर बुरा हाल है । मृत्यु की सूचना पर पुलिस घर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया ।ज्ञातव्य है कि पिछले एक सप्ताह से लगातार क्षेत्र में नीलगायो का हमला बढ गया है ।इससे पहले खैराट के फुलेना यादव नशीब अंसारी मुन्नी देवी सहित आधे दर्जन से अधिक लोगो पर प्राणघातक हमला नीलगायो द्वारा किया जा चुका है । विदित हो कि नीलगायों और आवारा पशुओं से फसल खासकर मक्का सब्जी आदि की फसलों को बचाना एक गंभीर समस्या हो गई । खेतों की रखवाली नीलगायों ,आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या ,इनके आक्रामक होने किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है । किसानों ने इनसे फसल एवं जान बचाने के लिए जिला प्रशासन से शीघ्र कार्यवाही किये जाने की माँग किया है ।घटना की जानकारी होने पर ब्लाक प्रमुख पति रमाशंकर यादव सपा के वरिष्ठ नेता श्यामदेव यादव पीडित परिवार के घर पहुंच कर ढांढस बधाया ।

## भाकियू अराजनैतिक ने पंचायत कर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की बीकापुर तहसील इकाई की किसान पंचायत तहसील अध्यक्ष विनोद कुार के नेतृत्व में संपन्न हुई। पंचायत की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री अरविंद यादव ने की। किसान पंचायत में नव नियुक्त तहसीलदार ने पहुंचकर किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन प्राप्त किया।

# राज्यस्तरीय मॉक एक्सरसाइज में परखी गयीं आपदा प्रबंधन की तैयारियां

जिला संवाददाता

**देवरिया।** शासन के निर्देश पर शुक्रवार को जनपद की सभी तहसीलों में भूकंप, औद्योगिक (रासायनिक) दुर्घटना एवं अग्नि सुरक्षा से संबंधित मॉक एक्सरसाइज (ड्रिल) का सफल आयोजन किया गया। अभ्यास के दौरान आपदा की स्थिति में प्रशासन की तैयारियों, राहत एवं बचाव कार्यों की दक्षता तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की स्थिति को परखा गया। साथ ही, नागरिकों को आपदा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों एवं सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया।

मॉक एक्सरसाइज में राजस्व, पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर निकाय, लोक निर्माण विभाग, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित विभागों ने सक्रिय सहभागिता की।

अभ्यास के दौरान आपदा की स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने, घायलों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने तथा आग पर नियंत्रण पाने की प्रक्रियाओं का अभ्यास कराया गया।

जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) पंकज प्रकाश राठौड़ ने सभी संबंधित विभागों को आपदा की स्थिति से निपटने के लिए पूर्व से तैयार रहने तथा आपसी समन्वय के साथ प्रभावी ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए।

तहसील सदर में भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), बैतालपुर डिपो में तहसीलदार अलका सिंह के नेतृत्व में मॉक ड्रिल आयोजित की गई। तहसील बरहज में बीआरडीपीजी कॉलेज में उपजिलाधिकारी प्रवीण कुमार, तहसील रुद्रपुर में सतासी इंटर कॉलेज में उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता, तहसील सलेमपुर में सेंट पॉल पब्लिक स्कूल में उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी तथा तहसील भाटपार रानी के तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी श्री दीपराज सिंह के नेतृत्व में मॉक एक्सरसाइज संपन्न हुई।

जिला आपातकालीन संचालन केंद्र (डीईओसी) में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) पंकज प्रकाश राठौड़ ने इन्सीडेंट कमांडर के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन किया। आपदा विशेषज्ञ पंकज कुमार ने मॉक एक्सरसाइज के दौरान सभी संबंधित विभागों एवं तहसीलों के साथ समन्वय स्थापित किया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरुण कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग, नगर निकाय, लोक निर्माण विभाग, पशुपालन विभाग, सिंचाई एवं बाढ़ खंड के संबंधित अधिकारी तथा आपदा कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मत्स्य विभाग ने कैम्प लगाकर योजनाओं की दी जानकारी

**देवरिया।** जिलाधिकारी के निर्देश पर मत्स्य विभाग की ओर से ग्रामसभा करमाजीतपुर, विकासखंड गौरी बाजार और ग्रामसभा तिवाई, विकासखंड बैतालपुर में कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में मत्स्य पालकों, मत्स्य विक्रेताओं एवं मछुआ समुदाय के लोगों को शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी दी गई ।मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण, देवरिया रेवती रमन चौधरी ने बताया कि ग्रामसभा करमाजीतपुर में मत्स्य निरीक्षक कुलदीप सक्सेना की ओर से आयोजित कैम्प में संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, समिति के सदस्य, बैंक प्रतिनिधि एवं सीएससी संचालक मौजूद रहे। कैम्प में 57 मत्स्य पालकों एवं मछुआ समुदाय के लोगों का एनएफडीपी पोर्टल पर पंजीकरण कराया गया। साथ ही मछुआ दुर्घटना बीमा योजना के संबंध में जानकारी दी गई इसी क्रम में ग्रामसभा तिवाई, विकासखंड बैतालपुर में मत्स्य निरीक्षक रितेश शाही की ओर से कैम्प लगाया गया। इसमें 32 मत्स्य पालकों एवं मछुआ समुदाय के लोगों का एनएफडीपी पोर्टल पर पंजीकरण कराया गया तथा मछुआ दुर्घटना बीमा योजना के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त 20 से 27 सितंबर 2026 तक प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत छह परियोजनाओं के लिए पोर्टल खोला गया है। इनमें खारे जल में मत्स्य पालन के लिए तालाब निर्माण, रियरिंग फिश यूनिट निर्माण, मध्याकार आरएएस, बैकयार्ड आरएएस तथा आजीविका के लिए पोषण संबंधी सहायता सहित अन्य परियोजनाएं शामिल हैं। अधिक से अधिक पात्र मत्स्य पालकों को योजनाओं से जोड़ने के लिए विभाग की ओर से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

## उदय टेक्निकल शिक्षण संस्थान के समारोह में शिक्षक और छात्र सम्मानित

बरहज,देवरिया। उदय टेक्निकल शिक्षण संस्थान की ओर से शिक्षक सम्मान समारोह एवं अखिल भारतीय प्रतियोगिता प्रमाण-पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बरहज नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल थीं, जबकि विशिष्ट अतिथि डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. अजय मिश्रा रहे।

समारोह में 10 शिक्षकों और प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 367 छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में बीआरडी डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. आदित्य नारायण गुप्ता, संजीव तिवारी, प्रवीण दुबे, अजय कुमार, महेश कुमार, चंद्र प्रकाश विश्वकर्मा, आंचल भारती, प्रियंका सोनकर और मुकेश उपस्थित रहे ।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को ए, बी और सी ग्रेड के आधार पर सम्मानित किया गया। ए ग्रेड में खुशी शर्मा, श्वेता यादव, आदित्य वर्मा, रितेश कुमार और प्रमोद निषाद को सम्मानित किया गया।

बी ग्रेड में श्वेता सिंह, पूजा गुप्ता, आकाश सोनकर, आदित्य मिश्रा, स्नेहा सिंह, नीलम विश्वकर्मा, रजीत चौहान, अमन मद्धेशिया और अमित यादव को प्रमाण-पत्र एवं मेडल दिए गए। सी ग्रेड में अमन यादव, काजल मल, रानी बहाने और पूजा यादव को सम्मानित किया गया ।संस्था के प्रबंधक प्रमोद विश्वकर्मा और रीना विश्वकर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्साह देखने को मिला।

## पुलिस ने पीड़ित के खाते में धन वापस कराया

भटनी(देवरिया) स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम चौरिया निवासी बाबर अली पुत्र हदीश के खाते से साईबर ठगो ने जालसाजी कर 97000 हजार रुपये उडा लिया गया ।

# जंगल ठकुरही में आयोजित हुई संवाद कार्यशाला, स्थानीय जरूरतों के आधार पर उद्यम खड़े करने पर जोर

**देवरिया।** गांव की अर्थव्यवस्था में कितना पैसा बचता है और रोजमर्रा की जरूरतों पर कितना बाहर चला जाता है, जब इसका आंकड़ा ग्रामीणों के सामने रखा गया तो स्थानीय स्तर पर कारोबार की संभावनाएं चर्चा का विषय बन गईं। सदर ब्लॉक के जंगल ठकुरही में शुक्रवार को आयोजित संवाद कार्यशाला में ग्रामीणों ने अपने गांव की आर्थिक स्थिति को आंकड़ों के जरिए समझा।

जागृति उद्यम केंद्र-पूर्वांचल व नेचरसोल फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में जंगल ठकुरही और मिश्रौलिया गांव के सर्वे से सामने आए आंकड़े ग्रामीणों के समक्ष प्रस्तुत किए गए। ग्रामीणों को बताया गया कि रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले खाद्य पदार्थों से लेकर गैर-खाद्य वस्तुओं पर होने वाला खर्च किस तरह गांव की अर्थव्यवस्था से बाहर जा रहा है। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर उत्पादन और सेवा की संभावनाओं पर भी संवाद किया गया।

कार्यशाला के फैसिलिटेटर सचिन गोरे ने ग्रामीणों की जरूरतों और स्थानीय संसाधनों पर चर्चा की। उन्होंने सवाल-जवाब और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से यह समझाने का प्रयास किया कि गांव में जिन वस्तुओं की नियमित मांग है, उनके उत्पादन या बिक्री का काम स्थानीय स्तर पर शुरू किया जा सकता है। इससे ग्रामीणों की जरूरत पूरी होने के साथ रोजगार और आय के अवसर भी बन सकते हैं।

जागृति के उद्यम कोर मार्कंडेय दयाल त्रिपाठी ने बताया कि जंगल ठकुरही गांव से हर साल 17.3 करोड़ रुपये रोजमर्रा की वस्तुएं खरीदने में बाहर चला जाता है। गांव के अंदर रहने वाले रुपये का आंकड़ा 3.87 करोड़ है। इसी प्रकार मिश्रौलिया के लोग 13.84 करोड़ की खरीदारी बाहर



के उत्पादों की करते हैं। उन्होंने दोनों गांवों में कराए गए सर्वे और उससे सामने आए आंकड़ों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ऑपरेशंस मैनेजर आनंद सिंह ने कहा कि यह संवाद एक दिन की गतिविधि नहीं है। जागृति अगले एक वर्ष तक ग्रामीणों के साथ मिलकर काम करेगी और सर्वे तथा कार्यशालाओं में सामने आई उद्यम संभावनाओं को आगे बढ़ाने में सहयोग करेगी। कार्यशाला में विजय मणि, मनोज तिवारी, राहुल रंजन, हंसिका सिंह, रोहित आदि मौजूद रहे।

## ट्रक की ठोकर से साइकिल सवार की मौत



**जौराबाजार, कुशीनगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग-28 पर धुनवलिया मोड़ से आगे चंद्रशेखर शास्त्री इंटर कॉलेज के सामने शुक्रवार को करीब तीन बजे तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने पीछे से साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार सड़क किनारे जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि मृतक का सिर बुरी तरह कुचलकर क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके चलते समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार साइकिल सवार कसया की ओर से जोकवा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार आ रहे मिनी ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद साइकिल सवार उछलकर सड़क किनारे जा गिरा। अनियंत्रित मिनी ट्रक भी आगे जाकर एक पेड़ से टकराकर रुक गया। हादसे के बाद चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मिनी ट्रक को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान कराने में जुट गई।

# राज्य स्तरीय भूकंप और अग्नि सुरक्षा मॉक एक्सरसाइज

## चार तहसीलों में चार अलग-अलग आपदा परिदृश्यों पर हुआ सजीव अभ्यास

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी के दिशा-निर्देशन एवं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कुशीनगर द्वारा शुक्रवार को राज्य स्तरीय भूकंप, रासायनिक एवं अग्नि सुरक्षा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया।

जिला आपदा विशेषज्ञ रवि प्रताप राय के समन्वय में आयोजित इस अभ्यास में आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच त्वरित समन्वय, बचाव, राहत एवं उपचार की तैयारियों को परखा गया।

प्रदेश के 34 जनपदों की 157 तहसीलों में एक साथ आयोजित इस मॉक एक्सरसाइज में कुशीनगर की चार तहसीलों—पडरौना, कसया, हाटा एवं कप्तानगंज को शामिल किया गया। प्रत्येक तहसील में अलग-अलग आपदा परिदृश्य तैयार कर सजीव अभ्यास कराया गया।

पडरौना में भूकंप सुरक्षा एवं स्कूल इवेक्युएशन ड्रिलः कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पडरौना में भूकंप की स्थिति का परिदृश्य तैयार कर छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकालने, घायल बच्चों के रेस्क्यू तथा प्राथमिक उपचार का सजीव प्रदर्शन किया गया। इसमें एसडीआरएफ, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, एनसीसी तथा स्काउट-गाइड की टीमों ने संयुक्त रूप से अभ्यास किया।

**कसया में फील्ड हॉस्पिटल की स्थापना**

सीएससी सपहां, कसया में आपदा की स्थिति में घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए फील्ड हॉस्पिटल स्थापित करने का सफल मॉक ड्रिल किया गया। इसमें मेडिकल टीमों द्वारा आपात स्थिति में उपचार एवं मरीजों के प्रबंधन की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया।

**रामकोला में औद्योगिक रासायनिक आपदा का अभ्यास**

त्रिवेणी इंजीनियरिंग शुगर फैक्ट्री, रामकोला में इंडस्ट्रियल केमिकल हैजार्ड की स्थिति का मॉडल अभ्यास किया गया। अग्निशमन एवं बचाव कार्यों के साथ कर्मचारियों की इवेक्युएशन ड्रिल कराई गई और उन्हें सुरक्षित रूप से निर्धारित पर पहुंचाया गया।

**हाटा में अग्नि सुरक्षा एवं इवेक्युएशन ड्रिल**

तहसील परिसर/थाना हाटा में कार्यालय अग्नि सुरक्षा का मॉक ड्रिल कराया गया। अग्निशमन एवं बचाव कार्यों के साथ कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकालकर निर्धारित असेंबली प्वाइंट पर एकत्रित किया गया। मॉक एक्सरसाइज के दौरान अग्निशमन, पुलिस, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, विद्युत, राजस्व, होमगार्ड, पीआरडी, नागरिक सुरक्षा, आपदा मित्र, एनसीसी, स्काउट-गाइड सहित विभिन्न विभागों की टीमों ने अपने उपकरणों के साथ प्रतिभाग किया। प्रत्येक स्थल पर मेडिकल कैंप, रिलीफ कैंप, इंसिडेंट कमांड पोस्ट एवं स्टेजिंग एरिया की व्यवस्था की गई। जनपद आपदा नियंत्रण कक्ष के माध्यम से राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र, लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा समन्वय बनाए रखा गया।

इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा के समय कम से कम समय में अधिकतम लोगों की सुरक्षित निकासी, त्वरित रेस्क्यू, प्राथमिक उपचार, राहत एवं विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने की तैयारियों को मजबूत करना रहा।

## बजरंग सेना के शांतिपूर्ण प्रदर्शन में अध्यापकों ने किया अवरोध

जिला संवाददाता

**फतेहपुर।** स्टेशन के सामने बजरंग सेना ने शांतिपूर्ण शोकसभा प्रदर्शन का ऐलान किया था जिसमें जिला अध्यक्ष चन्दन सिंह राणा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए थे जिसके उपरांत कार्यक्रम शांतिपूर्ण ही चल रहा था इस प्रदर्शन को बाधित करने की नियत से बाल मंदिर इंटर कॉलेज शिवपुरम हरिहरगंज के एक कर्मचारी के द्वारा चोरी चिपके वीडियो बनाई जा रही तभी एक कार्यकर्ता ने देख लिया जब उसको बुलाया गया तो वह भागने लगा बजरंग सेना के बजरंगी उसको पकड़ लिए पूछने पर अपने आप को पत्रकार बताया जब ?? मांगी गई तो बहाने बनाने लगा इसके बाद उसने अपने स्टाफ को फोन कर बुला लिया इसके बाद वहां सारे अध्यापक उपस्थित हो गए चौकी के सिपाहियों के सामने वीडियो डिलीट कराई गई इसके बाद अध्यापकों द्वारा अवरोध उत्पन्न करते हुए अभद्र शब्दों का प्रयोग किया गया जिसमें पता चला कि की कुछ अध्यापक मेन ब्रांच सरस्वती बाल मंदिर रघुवंशपुरम के भी थे जब चौकी इंचार्ज मौके पर आए तब जाकर मामला शांत हुआ बजरंग सेना परिवार ने आरोप लगाया है कि पूरे शोक सभा प्रदर्शन का माहौल खराब करने वाले ये अध्यापक नहीं शिक्षा माफिया के गुंडे है इनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा।

जिसमें कुछ लोगों के नाम पता चल चुके है इसका उल्लेख शिकायत पत्र पर किया जाएगा इस मौके पर बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष चन्दन सिंह राणा जिला सचिव चंद्रमणि पांडेय,मंडल उपाध्यक्ष मातृशक्ति जहानाबाद सरिता दिवाकर, मातृशक्ति बहुआ ब्लॉक उपाध्यक्ष मीना देवी कुशवाहा, ब्लॉक अध्यक्ष खजुहा मातृशक्ति बीना त्रिवेदी,ब्लॉक उपाध्यक्ष तेलियानी राजन मौर्या, ब्लॉक उपाध्यक्ष हंसवा पुष्पेंद्र राजपूत,राजेश कुशवाहा,ब्लॉक अमौली सचिव कपिलदेव अनुज भदौरिया,आयुष गुप्ता,सौरभ,राजपूत,एवं तमाम बजरंगी उपस्थित रहे।

## युवती को बहला फुसलाकर भगाने के आरोप में तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

भटनी(देवरिया)स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गाँव की एक युवती को बहला फुसलाकर भगाने के आरोप में तीन लोगो के विरुद्ध पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

थाना क्षेत्र के एक गाँव के एक युवती को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए युवती के पिता द्वारा थाने में दिये गये तहरीर में लिखा है कि इससे पूर्व भी उन्ही लोगो द्वारा बहला फुसलाकर कर अपने भगाने कार्य कर चुके है ।पिता ने अपनी पुत्री के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से पुत्री को बरामद करने और आरोपियो को गिरफ्तार करने की माँग किया है ।पुलिस ने तीनो आरोपियो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही करने मे जुट गयी है ।

# फ्री की मानसिकता

देश में आर्थिक सुधारों का सूत्रपात 1991 में तब हुआ था जब समाजवादी टाइप वाली व्यवस्था के कारण देश दिवालिया होने के कगार पर पहुंच गया था। समाजवाद की फ्री वाली सियासत ने देश को गरीबी, भ्रष्टाचार और भुखमरी की हद तक आर्थिक असमानता दी थी। दरअसल गरीबी में समाजवाद मीठे और गुलाबी सपनों के जैसा होता है, लेकिन हकीकत इसके सौ फीसद उलट होती है। बहरहाल समाजवाद पर चर्चा करना यहां विषयांतर होगा इसलिए मुद्दे पर लौटते हैं। आर्थिक सुधारों ने देश को गरीबी से निकाला, करोड़ों-करोड़ नौकरियां दी, गांवों तक समृद्धि पहुंची, लेकिन आर्थिक सुधारों के तीन दशक बाद भी देश में ऐसे लोगों की संख्या बहुत अधिक है, जो फ्री की मोहमाया से नहीं निकल पाये। सवाल है कोई चीज फ्री कैसे हो सकती है? यूपीआई के मामूली चार्ज पर खूब समाधन मचा है। लेकिन अगर यूपीआई चार्ज नहीं लेगा तो कैसे चलेगा? इसको चलाने वाले इंजीनियर, प्लेटफॉर्म मेंटीनेंस आदि का खर्चा कैसे निकलेगा? अगर फ्री रहेगा तो सरकार अपने बजट से पैसा देगी, जो पैसा सरकार देगी वह भी तो अंततः जनता का ही पैसा है। ऐसे में अगर मामूली चार्ज लगाकर यूपीआई की लागत निकाला जाता है, तो इसमें गलत क्या है? लेकिन देश में ऐसे नेताओं की कमी नहीं है जो यूपीआई चार्ज पर सियासी रोटियां सेंक रहे हैं। यही तथाकथित जनहितैषी ऑनलाइन भुगतान का विरोध करते थे। यह दरअसल ऐसी विध्वंसक सियासत है, जो देश को गर्त में ले जाती है। कांग्रेस आर्थिक सुधारों की सूत्रपात रही है, वही कांग्रेस आज यूपीआई चार्ज का विरोध कर रही है। यूपीआई एवं सेवा संचालन समिति ने 2,000 रुपये से अधिक के पर्सन-टु-मर्चेंट यानी किसी ग्राहक द्वारा दुकानदार या कारोबारी को यूपीआई से भुगतान पर 0.4 फीसदी मर्चेंट




डिस्काउंट रेट (एमडीआर) निर्धारित कर दी है। 75,000 रुपये और उससे अधिक के लेनदेन के लिए एमडीआर की अधिकतम सीमा 300 रुपये तय की गई है। हालांकि, ग्राहकों को एमडीआर नहीं देना है और एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को (पर्सन-टु-पर्सन) भुगतान पर शुल्क नहीं देना होगा। समिति ने मंगलवार को ये दरें तय की हैं। यह निर्णय केंद्र सरकार की तरफ से जारी उस अधिसूचना के बाद लिया गया है जिसमें बैंकों और दूसरे व्यवस्था प्रदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भुगतान करने या लेने वाले व्यक्ति पर सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी शुल्क लगाने से रोक दिया गया है। यह रोक खास तौर पर रुपे सक्षम डेबिट कार्ड और 2,000 रुपये तक के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन के लिए है। इसका आशय यह है कि बैंक और दूसरे सेवा प्रदाता अब इस निर्धारित सीमा से अधिक के यूपीआई और रुपे डेबिट कार्ड लेनदेन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगा सकेंगे। सरकार ने यह अधिसूचना कराधान एवं अन्य कानून (संशोधन) विधेयक बिल, 2026 के पारित होने के बाद जारी की है। इस विधेयक ने भुगतान एवं निपटान प्रणाली अधिनियम 2007 में बदलाव कर इसे मुमकिन बनाया है। विधेयक के पारित होने के बाद इस बात पर बहस छिड़ गई कि क्या यूपीआई से लेनदेन पर शुल्क लगाया जाना चाहिए। सच तो यह है कि यूपीआई पिछले दशक में भारत की सबसे बड़ी उपलब्धियों में एक है। इसने भुगतान प्रणाली में क्रांति ला दी है, खासकर ग्रामीण इलाकों में तो काफी मदद मिली है। वर्ष 2016-17 और वर्ष 2025-26 के बीच सालाना लेनदेन की मात्रा 188 फीसद की दर से बढ़ी है। इसी दौरान औसत लेनदेन मूल्य में 155 फीसदी की दर से बढ़ोत्तरी हुई है। यह प्रणाली रोजाना औसतन 66 करोड़ लेनदेन संभालती है। वर्ष 2025 में दुनिया भर में वास्तविक समय में भुगतान से जुड़े लेनदेन की मात्रा में यूपीआई की हिस्सेदारी लगभग 49 फीसदी थी। क्या इतनी बड़ी व्यवस्था को हमेशा फ्री में चलाया जाना ठीक है? इससे तो यूपीआई व्यवस्था कमजोर होगी। इसलिए यह सुरक्षित और मजबूत विकल्प बना रहे इसके लिए जरूरी है कि यूपीआई आर्थिक रूप से भी मजबूत रहे ताकि यूपीआई तकनीक में जरूरी सुधार होते रहें।

---

**विचार**

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

–फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

–भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

–चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

–रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग–द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

–विनोबा भावे.

# समान नागरिक संहिता का इतना विरोध क्यों?



अरविन्द जयतिलक




**सामयिक**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए शासित सभी 21 राज्यों में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू कर दिया जाएगा। गृहमंत्री के इस ऐलान के बाद न सिर्फ विपक्षी दलों बल्कि एनडीए के सहयोगी दलों के बीच से भी ऐतराज के स्वर फूटने लगे हैं। किस्म-कस्म के कुतर्क और प्रतिवाद गढ़े जाने लगे हैं। वैसे पहली बार नहीं है जब यूनिफॉर्म सिविल कोड के खिलाफ वितंडा खड़ा किए जाने की कोशिश हो रही है। याद होगा कि स्वाधीनता दिवस के 78 वीं सालगिरह पर जब लाल किले के प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए सेक्युलर सिविल कोड की जरुरत पर बल दिया था उस दरम्यान भी विरोध के बोल ऊंचे हुए थे। यह प्रवृत्ति देशहित में नहीं है। सबके लिए समान कानून होना चाहिए।

मौजूदा समय में देश में विवाह, तलाक, गोद लेने, उत्तराधिकार और संपत्ति के मामले में हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध के पर्सनल मामले हिंदू विवाह अधिनियम से चलते हैं। लेकिन मुसलमानों, ईसाइयों और पारसियों के लिए अलग पर्सनल लॉ हैं। एक सेकुलर देश में इस तरह के कानून कहीं से भी एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के स्वरुप को रेखांकित नहीं करते हैं। ऐसे में अगर देश के गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूनिफार्म सिविल कोड की जरुरत पर बल देते हैं तो यह उचित ही है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि तुष्टीकरण में जुटे तमाम सियासी दलों को यह भावना रास नहीं आ रही है। वे किस्म-किस्म के कुतर्कों के जरिए देश में यूनिफार्म सिविल कोड का विरोध कर रहे हैं। मजेदार बात यह कि एक ओर संविधान की रक्षा की बात करते हैं, संविधान को हाथ में लेकर चलते हैं, बाबा साहब आंबेडकर की दुहाई देते हैं और दूसरी ओर संविधान के प्रावधानों को लागू होने के खिलाफ हैं। जबकि वे अच्छी तरह जानते हैं कि समान नागरिक संहिता एक पंथनिरपेक्ष विधि है जो सभी धर्मों के लोगों के लिए समान रुप से लागू होता है। वे यह भी जानते हैं कि 23 नवंबर, 1948 को इस मसले पर संविधान सभा में बहस हुई और भारत के पहले कानून मंत्री और संविधान निमार्ता बाबा साहब आंबेडकर ने बहस करते हुए समान नागरिक संहिता लागू करने की वकालत की। डा0 आंबेडकर ने तर्क दिया कि समान नागरिक संहिता की अनुपस्थिति सामाजिक सुधारों में सरकार के प्रयासों में बाधा उत्पन करेगी। डा0 आंबेडकर के अलावा के एम मुंशी और अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर जैसे अनेक संविधानविद् भी चाहते थे कि देश में समान नागरिक संहिता लागू हो। के एम मुंशी ने कहा कि ह्यपूरे देश के लिए एक समान संहिता क्यों न हो।' अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर ने समान नागरिक संहिता पर बल देते हुए कहा कि ह्यजब अंग्रेजों ने इस देश पर अधिकार किया और कहा कि वे संपूर्ण देश के लिए एक ही आपराधिक कानून बना रहे हैं तब उसका विरोध क्यों नहीं किया गया।' भारत का संविधान राज्य के नीति निर्देशक तत्व में सभी नागरिकों को समान नागरिकता कानून सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। संविधान का अनुच्छेद 44 इस धारणा पर आधारित है कि सभ्य समाज में धर्म व वैयक्तिक विधि में कोई संबंध नहीं होता है।

अतः समान नागरिक संहिता बनाने से किसी समुदाय के सदस्यों के अनुच्छेद 25, 26 व 27 के अधीन प्रतिभूत मूल अधिकारों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। विवाह, उत्तराधिकार और इस प्रकार की सामाजिक प्रकृति की बातें धार्मिक स्वतंत्रता से बाहर हैं और उन्हें विधि बनाकर विनियमित किया जा सकता है। ध्यान देने वाली बात यह कि विवाह एवं उत्तराधिकार संबंधी हिंदू विधि भी इस्लाम व ईसाइयों की भांति ही धर्मसम्मत है। फिर जब हिंदू समाज संविधान की भावना का सम्मान करते हुए एवं देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए अपनी धार्मिक मान्यताओं का परित्याग कर दिया और उनका संहिताबद्ध किया गया तो अन्य धर्मावलंबियों एवं मतावलबियों को इस तरह के आचरण का पालन क्यों नहीं करना चाहिए। 1956 में हिंदू विवाह कानून, उत्तराधिकार कानून, नाबालिग व अभिभावक कानून और गोद लेने व गुजारा भत्ता कानून लागू कर दिया गया लेकिन अल्पसंख्यक समुदायों को इस परिधि में नहीं लाया गया। समान नागरिक संहिता का विरोध करने वाले लोगों को विचार करना चाहिए कि जब दुनिया के सभी आधुनिक देश जिनमें मुस्लिम देश भी शामिल हैं और वहां समान नागरिक संहिता लागू है तो फिर भारत में भी ऐसा कानून क्यों नहीं बनना चाहिए। सीरिया, ट्यूनिशिया, मोरक्को, पाकिस्तान, ईरान, बांग्लादेश तथा मध्य एशियाई गणतंत्र समेत अन्य कई और मुस्लिम देशों में वैयक्तिक विधि का संहिताकरण करके समान नागरिक संहिता को लागू किया गया है। मजेदार बात यह कि समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए देश की अदालतें भी अपनी सहमति की मुहर लगा चुकी हैं। सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस दीपक गुप्ता और जस्टिस अनिरुद्ध बोस की पीठ कह चुकी है कि संविधान निमार्ताओं ने राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के तहत अनुच्छेद 44 के जरिए यह उम्मीद जतायी थी कि राज्य पूरे देश में समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करे। सरला मुद्गल बनाम भारत संघ मामले में भी सर्वोच्च अदालत कह चुका है कि संविधान के अनुच्छेद 44 पर नया दृष्टिकोण अपनाएं जिसमें सभी नागरिकों के लिए एक 'समान नागरिक संहिता' हो। जानवलामत्तम बनाम भारत संघ के ममाले में भी उच्चतम न्यायालय समान नागरिक संहिता के न बनाने को लेकर अपना दुख जता चुका है। न्यायमूर्ति कह चुके हैं कि संविधान को लागू हुए वर्षों गुजर गए और कई सरकारें आईं व गईं फिर भी अनुच्छेद 44 में निहित संविधान के उक्त निदेश को कार्यान्वित करने के कर्तव्य का पालन किसी के द्वारा नहीं किया गया। दिल्ली उच्च न्यायालय भी समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कह चुका है। न्यायमूर्ति प्रतिमा एम सिंह की पीठ ने दो टूक कहा कि विवाह, तलाक और संपत्ति के बंटवारे के संबंध में वैकल्पिक व्यवस्थाओं की मौजूदगी न्यायिक ढांचे के लिए चुनौती के साथ-साथ संविधान के प्रावधानों को लागू करने की राह में बाधा है। समान नागरिक संहिता के इतिहास में जाएं तो 1840 में ब्रिटिश राज में गठित समिति ने समान नागरिक कानून बनाने की वकालत की थी। 1985 में जब शाह बानो का सामने आया तो इसकी आवश्यकता महसूस की गयी। शाह बानो एक 62 वर्षीय मुसलमान महिला और 5 बच्चों की मां थी जिन्हें 1978 में उनके पति ने तलाक दे दिया था। शाह बानों अपनी और अपने बच्चों की जीविका का कोई साधन न होने के कारण पति से गुजारा लेने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटायी। अदालत ने निर्देश दिया कि शाह बानो का निर्वाह-व्यय के समान जीविका दी जाए। लेकिन तत्कालीन राजीव गांधी की सरकार ने इस फैसले का पालन करने के बजाए संसद के जरिए फैसले को ही पलट दिया। मुस्लिम नेताओं ने 'ऑल इंडिया पर्सनल बोर्ड' नाम की एक संस्था बना ली और देश के सभी भागों में आंदोलन की धमकी दी। उस समय की सरकार कट्टरपंथियों के आगे झुक गई और अदालत की भावना का सम्मान करने के बजाए कट्टरपंथियों की मांग मानते हुए इसे धर्मनिरपेक्षता के उदाहरण के रूप में पेश की। यह रेखांकित करता है कि तत्कालीन सरकार ने तुष्टिकरण की सारी सीमाएं लांघ गयी। गौर करें तो शाह बानो ही नहीं बल्कि नूर शाबा खातून बनाम मोहम्मद कासिम के मामले में भी उच्चतम न्यायालय कह चुका है कि एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला को अपने बच्चों के लिए जब तक कि वे बालिग नहीं हो जाते है, पति से भरण-पोषण पाने का अधिकार है। क्या ऐसे में आवश्यक नहीं हो जाता है कि देश को एक यूनिफॉर्म सिविल कोड की जरुरत है।

> एक ओर संविधान की रक्षा की बात करते हैं, संविधान को हाथ में लेकर चलते हैं, बाबा साहब आंबेडकर की दुहाई देते हैं और दूसरी ओर संविधान के प्रावधानों को लागू होने के खिलाफ हैं। जबकि वे अच्छी तरह जानते हैं कि समान नागरिक संहिता एक पंथनिरपेक्ष विधि है जो सभी धर्मों के लोगों के लिए समान रूप से लागू होता है।



**सोशल मीडिया**

मैं अपने भाई व यूएई के प्रेसिडेंट एचएच शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का उनके फोन काल और जन्मदिन की शुभकामनाओं के लिए शुक्र गुजार हूं।

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री.



# चिंतनशील मस्तिष्क

**अंतर्दृष्टि**

मानव मस्तिष्क अति चिंतनशील है। मस्तिष्क हमेशा चिंतन-मनन में लगा रहता है। महापुरुष ईसा ने कहा है- कल की चिंता मत करो। पर इसका वास्तविक मर्म बहुत कम लोग समझते हैं। आप कहेंगे काल की चिंता कैसे न करें? हमारा परिवार है, हमारे बच्चों की शिक्षा, वस्त्र, भोजन, मकान की विषम समस्याएं हैं। कल हमें उनके विवाह करने हैं? क्या रुपया एकत्रित किए बिना काम चलेगा? हमें बीमा पालिसी में रुपया जोड़ना चाहिए? हमारी आज नौकरी लगी है कल छूट भी सकती है, आज हम स्वस्थ हैं कल बीमार पड़ेंगे तो कैसे काम चलेगा? वृद्धावस्था में हमारा क्या होगा? इस प्रकार की बातें ठीक हैं। एक विचारशील मस्तिष्क में ये विचार आने चाहिए। हमारा सुझाव है कि आप कल के लिए अपने आपको शक्तिशाली बनाने के लिए, योग्यतर, स्वस्थ आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न होने के लिए नयी योजनाओं को कार्यान्वित करें। भावी जीवन के लिए जितना संभव हो तैयारी कीजिए। परिश्रम उद्योग मिलनसारी द्वारा समाज में अपना स्थान बनाइये। पर चिंता न कीजिए। योजना बनाकर दूरदर्शिता पूर्ण कार्य करना एक बात है, चिंता करना दूसरी बात है। चिंता से क्या हाथ आवेगा। जो रही सही शक्ति और मानसिक संतुलन है, वह भी नष्ट हो जायेगा। चिंता तो आपको उत्साह, शक्ति और प्रसन्नता से पंगु कर देगी। जिस कठिनाई या प्रतिरोध को आप अपनी वयक्तिगत शक्तियों से बखूबी जीत सकते थे। पर्वत सदृश कठिन प्रतीत होगी। चिंता आपके सामने एक ऐसा अंधकार उत्पन्न करेगी कि आपको उस महान शक्ति केन्द्र का ज्ञान न रह जायेगा। जो आदिकर्ता परमेश्वर ने आपके अंग-प्रत्यंग में छुपा रख है। युद्ध बीमारी दिवाला य दुखद मृत्यु के अंधकार पूर्ण रुदन में, शुभ चिंतन और अशुभ चिंतन में केवल यह अंतर है। अच्छा विस्तार वह है जो कार्य करण के फल को तर्क की कसौटी पर परखता है। दूर की देखता है और किस कार्य में भविष्य में क्या फल होगा, इसका संबंध देखकर भावी उन्नति की योनजाएं निर्माण करता है। सृजनात्मक विचार भवी निर्माण में पुरानी गलतियों की सजा के अनुभवों और संसार की कठोरताओं को देखभाल कर अपनी उन्नति के लिए योजना प्रदान करता है। अच्छे चिंतन में संग्रहित सांसारिक अनुभवों के बल उत्साह और आशा का शुभ आलोक है। कार्यनिष्ठा और साहस का बल है, शक्ति और कुशलता का पावन योग है। कार्य से भागकर नहीं, वरन गुत्थियों को सुलझाकर अपूर्व सहनशक्ति का परिचय देने का विधान है। बुरी विचारधारा का प्रारम्भ ही डर और घबराहट से होता है। कठिनाइयां आ रही हैं। हमें वह कार्य करना ही पड़ेगा, जो साधारणतः हमने नहीं किया है।

# टैरिफ से कब तक डरायेगा अमेरिका

वीना गौतम

आखिरकार अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव ने भी 262-159 मतों से रूस के खिलाफ सेंशन बिल जिसका औपचारिक नाम 'लिंडसे ओ ग्राहम सैंशनिंग रसिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026' है, पास कर दिया। अपर सदन ने इसे पहले ही 86-11 वोट से मंजूरी दे चुकी है। अब इसे ट्रंप के हस्ताक्षर के लिए व्हाइट हाउस भेज दिया गया है, ट्रंप के हस्ताक्षर होते ही यह कानून बन जायेगा। इसके बाद वह उन देशों पर रूस के साथ व्यापार करते हैं 500 फीसदी तक टैरिफ लगा सकते हैं। फिलहाल भारत तथा और कई देशों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाए जाने की धमकी चर्चा में है। हालांकि भारत ने अभी तक इस धमकी पर कोई पलटवार नहीं किया, लगातार चुप्पी बनाये रखी है, लेकिन धीमे से यह स्पष्ट भी कर दिया है कि हम अपनी ऊर्जा सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं करेंगे जहां हमें सस्ता तेल मिलेगा, हम खरीदेंगे। भारत को बेधडक अपने इस स्टैंड पर अड़े रहना चाहिए। हम पर तथाकथित अमेरिकी प्रतिबंध लग भी गया तो क्या हो जायेगा? हम कोई नमक की डली नहीं हैं कि अमेरकी टैरिफ की बूंदों से घुल जायेंगे। आखिर रूस और ईरान वर्षों से अमेरिकी प्रतिबंधों के बीच जी रहे हैं न, तो भारत क्यों घबराए? वास्तव में असली सवाल टैरिफ से ज्यादा उस कूटनीतिक खेल का है, जिसमें व्यापार, तेल और भू-राजनीति एक ही शतरंज की बिसात पर आ गए हैं।

**100 फीसदी टैरिफ का असली भय:** अमेरिका ने भारत पर अभी 100 फीसदी टैरिफ लगा नहीं दिया है, अभी अमेरिकी कांग्रेस ने ऐसा कानून पारित किया है जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की शक्ति देता है। वास्तव में इस टैरिफ हंटर के पीछे छिपा संदेश कुछ और है। वॉशिंगटन केवल यह नहीं चाहता कि 'रूस से तेल मत खरीदिए', अमेरिका यह तय करने की कोशिश भी कर रहा है कि रूस के साथ किसी भी तरह के संबंध रखने की कीमत दुनिया के दूसरे देशों को भी चुकानी पड़े। भारत इस दबाव की सीधी जद में इसलिए आया है, क्योंकि हम रूसी कच्चे तेल के बड़े खरीदार हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी प्रतिबंधों ने वैश्विक तेल व्यापार का नक्शा बदल दिया और भारत ने अपनी ऊर्जा जरूरतों तथा बाजार की परिस्थितियों के आधार पर रूसी तेल खरीदना बढ़ाया। अमेरिका का तर्क है कि रूसी ऊर्जा खरीद से मॉस्को को राजस्व मिलता है और उस राजस्व का इस्तेमाल युद्ध के लिए किया जा सकता है। भारत का तर्क अलग है- भारत को अपने 140 करोड़ लोगों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करनी है और वह तेल खरीद को बाजार की परिस्थितियों तथा अलग-अलग स्त्रोतों के आधार पर तय करेगा।

लेकिन सवाल है भारत अमेरिका के इस रवैय्ये पर खुलकर पलटवार क्यों नहीं करता? क्या हममें अमेरिका को जवाब देने की क्षमता नहीं? ऐसा नहीं है अब भारत ने चुप्पी तोड़ दी है। हमारे विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी विधेयक पर प्रतिक्रिया देते हुए साफ कहा है कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, विविध स्त्रोतों से खरीद जारी रखेगा और अपने व्यापार तथा आर्थिक हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम




100 प्रतिशत टैरिफ लगाने का कानून

उठाएगा। भारत ने यह भी कहा है कि उसने पिछले महीनों में अमेरिकी अधिकारियों के सामने इस मुद्दे के द्विपक्षीय रिश्तों और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार पर संभावित प्रभाव स्पष्ट रूप से रखे हैं। लेकिन दिल्ली ने वॉशिंगटन पर उसी भाषा में हमला नहीं किया, जिस भाषा में अमेरिकी राजनीति में टैरिफ की धमकी दी जा रही है। क्यों? क्योंकि कूटनीति में हर लड़ाई प्रेस कॉन्फ्रेंस में नहीं लड़ी जाती। भारत के सामने एक साथ कई बिसातें हैं- अमेरिका के साथ व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी संबंध; रूस के साथ ऊर्जा और रक्षा संबंध; पश्चिम एशिया की अस्थिरता, चीन के साथ रणनीतिक प्रतिस्पर्धा




और अपनी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए ऊर्जा की जरूरत। ऐसे में दिल्ली शायद सार्वजनिक टकराव के बजाय बातचीत, विकल्प और प्रतिरोध- तीनों को एक साथ चलाने की रणनीति पर काम कर रही है। मगर सवाल है आखिर 100 फीसदी टैरिफ से कितना बड़ा पहाड़ टूटेगा? यदि अमेरिका भारतीय उत्पादों पर वास्तव में 100 फीसदी अतिरिक्त शुल्क लगाता है तो अमेरिकी बाजार में भारतीय सामान की कीमत बढ़ सकती है। इससे निर्यातकों के मार्जिन पर दबाव आ सकता है, कुछ उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता घट सकती है और अमेरिकी आयातक वैकल्पिक आपूर्तिकताओं की तलाश कर सकते हैं। लेकिन इसका दूसरा पहलू भी है। टैरिफ का भुगतान केवल भारत नहीं करता। अमेरिकी आयातक भी ऊंची कीमत चुकाता है। अमेरिकी उपभोक्ता तक उसका असर पहुंच सकता है। जिन उद्योगों को भारतीय उत्पादों की जरूरत है, उनके लिए आपूर्ति श्रृंखला महंगी हो सकती है। कहने का मतलब 100 फीसदी टैरिफ कोई ऐसा हथियार नहीं है जिसे चलाने पर केवल निशाना घायल होता है। यही वजह है कि कानून में शक्ति होना और उसका वास्तविक इस्तेमाल होना- दो अलग-अलग बातें हैं।

**रूस और ईरान:** रूस वर्षों से अमेरिकी और पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच अपनी अर्थव्यवस्था चला रहा है। ईरान भी लंबे समय से अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना करता आया है। लेकिन भारत की स्थिति अलग है। भारत पर प्रतिबंध ज्यादा असर डालेंगे कृये हमारे वित्तीय लेन-देन कठिन कर देंगे, बाजार सीमित कर देंगे, तकनीक और निवेश तक पहुंच प्रभावित हो सकती है और व्यापार की लागत बढ़ सकती है। लेकिन रूस और ईरान का अनुभव एक दूसरा सबक भी देता है, बड़े देश वैकल्पिक बाजार, वैकल्पिक भुगतान व्यवस्था और वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विकसित करके दबाव को पूरी तरह खत्म न सही, लेकिन उसके प्रभाव को कम करने की कोशिश कर सकते हैं। भारत की स्थिति इसलिए थोड़ी अलग है क्योंकि भारत अमेरिकी बाजार से गहराई से जुड़ा है। इसलिए रूस या ईरान के अनुभव को हूबहू भारत पर लागू नहीं किया जा सकता। क्योंकि असली लड़ाई तेल की नहीं, विकल्पों की है। भारत के लिए सबसे बड़ा रणनीतिक सवाल यह नहीं है कि रूसी तेल खरीदा जाए या नहीं। असली सवाल यह है कि अगर किसी एक स्त्रोत पर दबाव आए तो क्या भारत के पास दूसरे स्त्रोत पर्याप्त मात्रा और स्वीकार्य कीमत पर उपलब्ध हैं? यही कारण है कि विदेश मंत्रालय ने विविध स्त्रोतों से ऊर्जा खरीद पर जोर दिया है। भारत यदि रूस, खाड़ी देशों, अमेरिका और अन्य उत्पादकों के बीच अपने ऊर्जा स्त्रोतों को संतुलित करता है तो किसी एक देश के दबाव की क्षमता स्वाभाविक रूप से कम होती है।

**भारत की ताकत:** अमेरिका भारत को केवल एक निर्यातक देश के रूप में नहीं देखता। भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में है और अमेरिकी कंपनियों के लिए भी उसका बाजार महत्वपूर्ण है। इसलिए संबंधों को केवल 'अमेरिका बनाम भारत' की कहानी बनाना दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों की जटिलता को कम करके देखना होगा। इसलिए सवाल है क्या ट्रंप इस हथियार को सचमुच चलाएंगे? वास्तव में यह इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा प्रश्न है। कानून राष्ट्रपति को अधिकार देता है; वह अपने आप भारत पर 100 फीसदी शुल्क नहीं लगा देता। असली कूटनीतिक खेल यहीं से शुरू होगा। वॉशिंगटन के पास दबाव का हथियार है। जबकि नई दिल्ली के पास बातचीत की मेज, विशाल बाजार, ऊर्जा खरीद के विकल्प और अपनी व्यापारिक शक्ति है। अमेरिका चाहेगा कि इस कानून का भय भारत को रूसी ऊर्जा खरीद पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर करे।

भारत की कोशिश स्वाभाविक रूप से यह होगी कि वह अपनी ऊर्जा जरूरतों और अमेरिका के साथ अपने व्यापक रणनीतिक रिश्ते के बीच कोई ऐसा रास्ता निकाले जिसमें किसी एक पक्ष को पूरी तरह पीछे हटना न पड़े। यही कारण है कि भारत की भाषा फिलहाल धमकी की नहीं, दृढ़ता के साथ बातचीत की है। भारत का ह्यकम बोलो, ज्यादा विकल्प रखो वाला दांव कारगर भी हो सकता है क्योंकि कूटनीति में कभी-कभी सबसे तेज जवाब वह होता है जो अखबार की सुर्खी नहीं बनता। भारत के सामने विकल्प हैं- रूसी तेल पर निर्भरता का अनुपात बदलना, अन्य स्त्रोतों से खरीद बढ़ाना, अमेरिकी कंपनियों के साथ व्यापारिक रिश्तों को मजबूत करना, द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत जारी रखना और जरूरत पड़ने पर अपने व्यापारिक हितों की रक्षा के उपाय तलाशना।

## आप की बात

### सामाजिक बदलाव

शिक्षा आर्थिक प्रगति और सामाजिक बदलाव का सबसे बड़ा माध्यम है। शिक्षा होगी वैसा ही समाज भविष्य में बनेगा। इसलिए शिक्षा पर समाज को फोकस बढ़ाना चाहिए। भारत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैंकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकरों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार हरेक बच्चे को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराये।

**प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.**

### रोजगार के आंकड़े

रोजगार को लेकर आरबीआई ने जो डाटा पेश किया है उस पर तमाम तरह के सवाल हैं। आर बी आई की हालिया रिपोर्ट जिसमें कहा गया है कि बीते तीन-चार सालों में आठ करोड़ नौकरियां पैदा हुई हैं, इसके आने के बाद से ही बीजेपी विपक्ष पर हमलावर है। प्रधानमंत्री ने भी इस रिपोर्ट का हवाला देकर मुंबई में विपक्ष पर हमला बोला। पीएम ने कहा है कि बीते 3-4 साल में करीब आठ करोड़ रोजगार दिए गए हैं। उनके मुताबिक, बुनियादी ढांचे की प्रत्येक परियोजना के साथ-साथ रोजगार भी बढ़ता है। इस मुद्दे पर फर्जी आंकड़े और बयान देने वालों की जुबान अब बंद हो जानी चाहिए, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे अब भी प्रधानमंत्री के दावे को झूठ करार दे रहे हैं।

**अनिल कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## मवेशी बचाने में बाइक सवार गिरे, युवक की मौत

**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात सड़क पर अचानक आए मवेशी को बचाने की कोशिश में बुलेट सवार तीन लोग अनियंत्रित होकर गिर गए। अमलोर-पिपरहरी के बीच हुए इस हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने घायलों को जसपुरा सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान 30 वर्षीय प्रभात चतुर्वेदी की मौत हो गई। एजाज और मिराज का इलाज अभी भी चल रहा है। एजाज पुत्र चुन्नू और मिराज बरसड़ाखुर्द, थाना गिरवां के रहने वाले हैं। प्रभात चतुर्वेदी पुत्र नरेंद्र चतुर्वेदी चिल्लाखाम, कोतवाली औरैया के रहने वाले थे। ये तीनों बुलेट से बांदा की ओर आ रहे थे। अमलोर-पिपरहरी के बीच अचानक सड़क पर मवेशी आ गया। उसे बचाने की कोशिश में बुलेट मवेशी से टकरा गई और तीनों घायल हो गए। परिवार वालों ने बताया कि प्रभात करीब छह महीने से बांदा के सिविल लाइन इलाके में किराए के कमरे में रह रहे थे। वह बिजली विभाग में प्राइवेट ठेकेदारी का काम करते थे। पैलानी क्षेत्र में बिजली के काम से गए थे और काम पूरा करने के बाद लौटते समय यह हादसा हुआ। प्रभात के चार साल का बेटा अरनव है। खपटिहा कलां चौकी इंचार्ज केपी सिंह ने मौके पर पहुंचकर जरूरी कार्रवाई की। पुलिस ने प्रभात के शव का शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया है।

## ट्रेन से कटकर सफाईकर्मी ने दी जान

**बांदा।** घर से निकले सफाईकर्मी ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालिंजर थाना क्षेत्र के तरहटी निवासी अजय 38 पुत्र रामबिशाल अपनी पत्नी और बच्चों के साथ नवाब टैंक के पास बसुंधरा नगर में किराये के मकान में रहता था। वह रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात था। गुरुवार शाम वह घर से निकला था। बड़ा बाईपास पल्हरी के नजदीक रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। वहां से गुजर रहे प्वाइंटमैन मनोज कुमार ने शव देखा तो इसकी सूचना अतर्रा चुंगी चौकी पुलिस को दी। चौकी प्रभारी उत्कर्ष सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सोशल मीडिया पर फोटो प्रसारित किए जाने के बाद मृतक की पहचान अजय के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्वाइंटमैन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। शव की पहचान के लिए फोटो सोशल मीडिया पर प्रसारित किए गए, जिसके बाद परिजनों ने मृतक की पहचान की।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

बहराइच 18 सितम्बर। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह सितम्बर के तृतीय शनिवार 19 सितम्बर 2026 को तहसील सदर में जिलाधिकारी तथा तहसील पयागपुर में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

# साइबर ठगी के तीन आरोपी गिरफ्तार

एस पी मिश्रा





- तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार, 3.90 लाख रुपये नकद समेत 25 एटीएम, 14 चेकबुक और नौ मोबाइल बरामद
- लोन का झांसा देकर खुलवाते थे बैंक खाते, साइबर ठगी का पैसा मंगाकर निकालते थे

**बहराइच।** ऑपरेशन' के तहत बहराइच पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपित लोगों को लोन दिलाने का झांसा देकर विभिन्न बैंकों में खाते खुलवाते थे। इन खातों में अपने मोबाइल नंबर लिंक कराने के बाद पासबुक, एटीएम और चेकबुक आदि अपने कब्जे में रख लेते थे। इसके बाद उनके विभिन्न बैंकों में खाते खुलवाए और उनमें अपने मोबाइल नंबर लिंक करा लिए। इसके बाद उनकी पासबुक, एटीएम, चेकबुक और मोबाइल नंबर अपने कब्जे में रखकर खातों का इस्तेमाल किया गया। पुलिस के मुताबिक विरोध करने पर आरोपितों ने दोनों को गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी।

कथित रूप से विभिन्न राज्यों में की गई साइबर ठगी की रकम इन खातों में मंगाकर निकाल लेते थे। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 3.90 लाख रुपये नकद, नौ मोबाइल फोन, 25 एटीएम कार्ड, 14 चेकबुक, सात आधार कार्ड, एक कार समेत विभिन्न बैंकिंग दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार हरदी थाना क्षेत्र के सिसैय्या चूड़ामणि निवासी प्रमुख पुत्र दूजी और सिकन्दरपुर निवासी नारायण वर्मा पुत्र परमेश्वर ने 15/16 सितंबर को तहरीर दी थी। दोनों ने आरोप लगाया कि लोन दिलाने के नाम पर आरोपितों ने कूटरचित तरीके से

आरोप है कि डराकर प्रमुख के खाते से 2.40 लाख रुपये और नारायण वर्मा के खाते से 4,800 रुपये निकलवाए गए। मामले में हरदी थाने में मुकदमा संख्या 319/2026 और 320/2026 दर्ज कर विवेचना शुरू की गई मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर खैरीघाट पुलिस और स्वाट की संयुक्त टीम गठित की गई। पुलिस के अनुसार इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर तीनों वांछित आरोपितों को राजापुर मोहल्ले में हाईवे किनारे से गिरफ्तार किया गया तलाशी के दौरान उनके कब्जे से नौ मोबाइल फोन, सात आधार कार्ड, 25 एटीएम कार्ड, 14 चेकबुक, एक ड्राइविंग लाइसेंस, एक पैन कार्ड, एक पासबुक, 12 विजिटिंग कार्ड, एक बैग, वैगनार कार संख्या यूपी32एचवाई0395 और 3.90 लाख रुपये नकद बरामद हुए। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह, निरीक्षक जयपाल सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक ओम नारायण मिश्रा समेत थाना पुलिस तथा स्वाट टीम के निरीक्षक राकेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक राशिद अली, पूर्णेश नारायण पाण्डेय, अभिषेक सिंह और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# कर्नाटक के संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



**महोबा।** संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी कर्नाटक राघवेंद्र वीने 18 सितंबर 2026 को महोबा में ईवीएम.वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच का निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम.वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए वीवीपैट तथा इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के संबंध में उनकी आशंकाओं को दूर किया। निरीक्षण का उद्देश्य आगामी निर्वाचन के दृष्टिगत ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की कार्यशीलता एवं तकनीकी स्थिति की जांच तथा प्रथम स्तरीय जांच की प्रक्रिया को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा.निर्देशों एवं प्रोटोकॉल के अनुरूप सुनिश्चित करना था। उन्होंने एफएलसी के दौरान मशीनों की जांच की प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों से जांच की प्रगतिए मशीनों के रख.रखावए सुरक्षा व्यवस्था एवं अभिलेखों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रथम स्तरीय जांच की पूरी प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुसार पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई जाए तथा ईवीएम.वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण एवं सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने वेयरहाउस में लाइट की समुचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्थाए सीसीटीवी निगरानी तथा अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी गजल भारद्वाजए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व इन्द्र नंदन सिंहए अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सूर्यकान्त त्रिपाठी सहित संबंधित निर्वाचन अधिकारीए मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# महिला को बेचकर शादी कराने वाला बिचौलिया गिरफ्तार



**बांदा।** थाना एंटी मन ट्रैफिकिंग यूनिट ने महिला को 01 लाख 38 हजार रुपए में बेचने व जबरन विवाह कराने वाले मध्यस्थकर्ता आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना एएचटी प्र0नि0 अनिल कुमार ने बताया कि जनपद चित्रकूट की रहने वाली एक पीड़िता ने थाना में दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसकी मां मुन्नी, भाई जयनारायण ने उसे जनपद बांदा लाकर जबरन हरियाणा के कृष्ण कुमार पुत्र शिवराम नामक एक अनजान व्यक्ति को 1,38,000 रुपये में बेच दिया। उसकी जबरन शादी करा दी जबकि पीड़िता पूर्व से ही शादीशुदा है। पीड़िता ने लगाए गए आरोपों एवं प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट बांदा द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की। विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान, तकनीकी साक्ष्यों, अन्य तथ्यों के आधार पर पुलिस टीम लगातार आरोपितों की तलाश में सक्रिय थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मध्यस्थ प्रेमचंदर पुत्र लल्लू निवासी सोनहुली थाना बबेरू को गिरफ्तार किया है। तीन आरोपितों जगनारायण उर्फ जयनारायण पुत्र मुन्नीलाल निवासी ग्राम डाडी चमरौडी थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट,. कृष्ण कुमार पुत्र शिवराम निवासी ग्राम वासवार थाना हसनपुर तहसील होडल जनपद पलवल ( हरियाणा ), बलराम पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम बडोकी थाना हसनपुर जिला पलवल ( हरियाणा ) को पूर्व में ही जेल भेजा जा चुका है।

# पुलिस पेंशनर्स की बैठक, सुनी समस्याएं किया सम्मानित



**बांदा।** अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने पुलिस लाइन सभागार में पुलिस पेंशनर्स के साथ बैठक की। बैठक में पेंशनर्स की पेंशन, चिकित्सा सुविधा, पारिवारिक पेंशन, लंबित प्रकरणों एवं अन्य विभागीय समस्याओं को सुना गया। संबंधित अधिकारियों, शाखाओं को समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी नौकरी से सेवानिवृत्त होते हैं, सेवा से नहीं उनके लंबे सेवाकाल का अनुभव एवं मार्गदर्शन आज भी विभाग एवं समाज के लिए महत्वपूर्ण है। 75 वर्ष व उससे अधिक आयु के छह वरिष्ठ पुलिस पेंशनर्स, पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान के 12 पदाधिकारियों, संस्थान की सदस्यता ग्रहण करने वाले 6 पुलिस पेंशनर्स को सम्मानित किया।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**बहराइच।** राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने तहसीलदारों को निर्देश दिया कि आई.जी.आर.एस. से सम्बन्धित प्रकरणों का गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रकरणों के निस्तारण में इस बात पर खास तवज्जो दी जाय कि फरियादी की गई कार्यवाही से संतुष्ट हो, जिससे असंतुष्ट प्रकरणों की संख्या में कमी आने से सीएम डैशबोर्ड पर जिले की रैंक प्रभावित न हो। डीएम ने तहसीलों को निर्देश दिया कि जिले में अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश के लिए प्रवर्तन की कार्यवाही की जाय तथा अवैध खनन में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाय तथा खनन में संलिप्त वाहनों को सीज किया जाय।

राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि लम्बे समय से चल रहे वादों को चिन्हित करें तथा अभियान संचालित कर उन्हें निस्तारित कराया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि विभिन्न न्यायालयों पर प्रचलित सीलिंग से सम्बन्धित वादों में प्रभावी पैरवी कर उन्हें निस्तारित कराया जाय। कर-करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान डीएम ने कर-करेत्तर से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि माहवार निर्धारित लक्ष्य तथा गत वर्ष इस माह तक की गई राजस्व वसूली से कम वसूली नहीं होनी चाहिए। डीएम ने सम्बन्धित विभागों को मानक के अनुसार प्रवर्तन की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये। विभागों से कहा गया कि मानक के अनुसार प्रवर्तन की कार्यवाही अधिक से अधिक राजस्व वसूली सुनिश्चित करें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि मण्डल के अन्य जनपदों के सापेक्ष जिले की वसूली कम नहीं होनी चाहिए। बैठक में कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली की मदवार समीक्षा में पाया गया कि माह अगस्त 2026 अन्तर्गत वाणिज्य कर के लिए निर्धारित लक्ष्य रू. 2391.50 लाख के सापेक्ष 1253.86 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 52.43 प्रतिशत, स्टाम्प तथा निबन्धन मद में लक्ष्य रू. 1996.00 लाख के सापेक्ष 1950.77 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 97.73 प्रतिशत, आबकारी मद में लक्ष्य रू. 4821.00 लाख के सापेक्ष 4022.98 लाख की वसूली हुई है।

# गणेश महोत्सव में विधि-विधान से हुआ पूजन, श्रद्धालुओं ने मांगी सुख-समृद्धि

**फतेहपुर।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर शहर के प्रमुख चौराहों और विभिन्न मोहल्लों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। गणेश महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतिदिन पंडालों में भगवान गणेश की पूजा-अर्चना के साथ आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जा रहा है।

चांदियाना राजा सिद्धिविनायक मंडली की ओर से स्थापित गणेश प्रतिमा के पंडाल में शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान गणेश का पूजन किया। श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा से परिवार की सुख-समृद्धि, शांति एवं मंगल की कामना की। पूजा-अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान पंडाल में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश के जयकारे लगाए। कार्यक्रम में विनायक गुप्ता, मानस गुप्ता, आशुतोष सिंह, अनुराग गुप्ता, अभिषेक शुक्ला, आशुतोष गुप्ता, प्रवीण मोदनवाल, विशाल गुप्ता तथा सचिन सेठ उर्फ



बाऊ भाई सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में हजारीलाल फाटक स्थित श्री गणेश महोत्सव समिति की ओर से श्री गणेश महोत्सव के तहत धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पिंटू सोनी जजमान रहे और श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान गणेश का पूजन-अर्चन कर सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जो शुभम कुशवाहा के सौजन्य से संपन्न हुआ। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मयंक सिंह, मोनू सोनी, अजय सोनी, मनीष सोनी, दीपक सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे। शहर के विभिन्न गणेश पंडालों में हो रहे धार्मिक आयोजनों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। सुबह-शाम होने वाली आरती में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है और गणपति बप्पा के जयकारों से पंडाल गूंज रहे हैं।

# लम्पी रोग प्रभावित गोवंश का वैक्सीनेशन कराने के आदेश

**बांदा।** आयुक्त अजीत कुमार ने मंडल के चारों जनपदों के जिलाधिकारियों एवं मुख्य विकास अधिकारियों को लम्पी स्किन डिजीज के प्रसार को रोकने की विशेष प्राथमिकता के साथ कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। बताया कि लम्पी स्किन डिजीज एक विषाणु जनित संक्रामक रोग है जो गोवंश में संक्रमण हुआ है। इसका प्रसार प्रभावित पशुओं से वेक्टर (मच्छर, मक्खी आदि) के माध्यम से अन्य पशुओं में तेजी से फैलता है। निर्देश दिये कि अपने स्तर पर पशुपालन, ग्राम विकास एवं पंचायतीराज विभाग के विकासखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गौशाला संचालकों के साथ जनजागरूकता बैठकें की जायें। एलएसडी वैक्सीन की जनपद में उपलब्धता एवं कोल्डचेन की स्थिति की सतत समीक्षा की जाये। विभिन्न स्रोतों के माध्यम से कुल गोवंश, प्रभावित, उपचारित, उपचाराधीन एवं मृतक गोवंश की सूचना संग्रहित की जाये। पैरावेट एवं पशुमित्रों के अतिरिक्त एसआरएलएम के तहत प्रशिक्षित पशु सखियों को प्रशिक्षण प्रदान कर टीकाकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। पशुपालन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर किसी भी प्रकार का अवकाश स्वीकृत न किया जाये। प्रभावित गोवंश का सघन रिंग वैक्सीनेशन कराते हुए कार्यवाही की जाए।

# गणेश महोत्सव वालीबाल में आदर्श बजरंग का परचम



**बांदा।** नूतन बाल समाज के तत्वावधान में गणेश महोत्सव के अवसर पर आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज के क्रीड़ांगन में वालीबाल प्रतियोगिता का रोमांचक समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज और भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांच से भर दिया। दमदार स्मैश, शानदार ब्लॉक और बेहतरीन तालमेल के बीच आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज ने भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी को 25-22, 25-20 से पराजित कर प्रतियोगिता का विजेता होने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता के प्रथम सेमीफाइनल में आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज ने गोयरा मुगली को 25-22, 25-18 से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी ने परछा हमीरपुर को 25-22, 25-20 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। एक-एक अंक के लिए खिलाड़ियों के बीच जोरदार संघर्ष हुआ। भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी ने कई मौकों पर शानदार वापसी की, लेकिन निर्णायक क्षणों में आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल और सधे हुए खेल का परिचय देते हुए दोनों सेट अपने नाम कर लिए। 25-22 और 25-20 की जीत के साथ आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज ने विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया समापन समारोह के मुख्य अतिथि जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों के साथ निर्णायकों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना और संघर्ष की प्रेरणा देता है तथा ऐसे आयोजन ग्रामीण और स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मेजर मिथिलेश कुमार पांडेय, जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेंद्र शर्मा, अशोक कुमार त्रिपाठी जीतू, पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# विकास प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र




**फतेहपुर।** विकास प्रदर्शनी के दूसरे दिन जन सामान्य की भारी भीड़ उमड़ी। मां रामश्री उदयभान सिंह इंटर कालेज, केशवकुंज आबूनगर के छात्र-छात्राओं ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों और उपलब्धियों से रूबरू हुए।? प्रदर्शनी का उद्देश्य और पृष्ठभूमियह प्रदर्शनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने औरविकसित भारत 2047हृ की साझा दृष्टि को जन-जन तक पहुंचाने के मकसद से लगाई गई है। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस माह-भर के इसबेवा संकल्प अभियानहृ में सेवा, जागरूकता, जनभागीदारी और विकास से जुड़ी गतिविधियों पर जोर दिया जा रहा है दूसरे दिन का मुख्य आकर्षणः छात्रों और आमजन की भागीदारीदूसरे दिन प्रेक्षा गृह में लगी प्रदर्शनी में स्थानीय निवासियों के साथ-साथ स्कूली छात्रों की बड़ी संख्या पहुंची। मां रामश्री उदयभान सिंह इंटर कालेज, केशवकुंज, आबूनगर के छात्र-छात्राओं ने स्टॉलों और पैनलों को बारीकी से देखा और अधिकारियों से योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और लाभ के बारे में पूछताछकी प्रदर्शनी में शामिल प्रमुख थीम और स्टॉलप्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के 25 वर्षों की अविरल जनसेवा को केंद्र में रखते हुए निम्नलिखित थीमों पर विस्तृत चित्रण किया गया है:सेवा, सुशासन और गरीब कल्याणः डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां, गरीबों तक योजनाओं की पहुंच, और सुशासन के मॉडल विकसित तक भारत के विकास के लक्ष्य, बुनियादी ढांचा, रोजगार, कौशल और नवाचार पर जोर। आशीर्वाद का दीया से जनसेवा महाकुंभः 17 सितंबर को शुरू हुए अभियान की रूपरेखा औरजन-सहभागिता के कार्यक्रम मेरे सपनों का भारत, नमो सेवा, आंगन मिलन सेवाः स्कूल आंगनवाड़ी स्तर पर जागरूकता, पोषण, स्वास्थ्य और महिला-बाल कल्याण योजनाएं। सेवा की कहानी, सेवा ज्योति कलश यात्रा, एआई आधारित पहलः डिजिटल सेवाएं, एआई सहायता और स्थानीय स्तर पर सेवा के प्रेरणादायक उदाहरण।

# यूपीआई शुल्क के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



**बांदा।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यूपीआई भुगतान पर नया शुल्क लगाने के विरोध में प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेसी जल शक्ति राज्य मंत्री और विधायक रामकेश निषाद के इंदिरा नगर स्थित आवास पर पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध जताया। उन्होंने यूपीआई टैक्स रोल बैक, रोल बैक और कांग्रेस लाओ, देश बचाओ जैसे नारे लगाए। इसके बाद कांग्रेसियों ने मंत्री रामकेश निषाद को दो हजार रुपये की पूजन सामग्री भेंट कर यूपीआई शुल्क वापस लेने की मांग भी की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि केंद्र सरकार ने यूपीआई भुगतान पर शुल्क लगाने से व्यापारियों और गरीब लोगों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। राजेश दीक्षित ने मांग की कि यूपीआई भुगतान पर लगाया गया नया शुल्क तुरंत वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों और छोटे एवं मध्यम व्यापारियों के हितों का ध्यान रखा जाए। चेतावनी दी कि यदि सरकार इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाती है, तो कांग्रेस पार्टी का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। कांग्रेस कार्यकर्ता इस मुद्दे को लेकर सड़क से संसद तक आवाज उठाएंगे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष सीमा खान, संजय द्विवेदी, सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, शोएब रिजवी, कालीचरण निगम, अमित तिवारी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मोहन साहू, अंसार सिद्दीकी एडवोकेट, जिला सचिव हेमंत वर्मा, बाबूराम यादव, शिवपूजन तिवारी, आरिफ निजामी, सुखलाल वर्मा और लालबाबू राजपूत सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे। उन्होंने बताया कि देश में डिजिटल भुगतान को आसान और सुविधाजनक बनाया गया है। ऐसे में इसमें किसी तरह का अतिरिक्त शुल्क लगाने से छोटे और मध्यम व्यापारियों के साथ ही आम नागरिक भी प्रभावित होंगे।

# पत्नी के आपत्तिजनक फोटो लेकर 5.20 लाख की वसूली, आरोपी गिरफ्तार



**बहराइच।** दरगाह शरीफ थाना पुलिस ने ब्लैकमेलिंग कर जबरन वसूली एवं रंगदारी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने वजन कम करने की बात कहकर एक महिला के आपत्तिजनक फोटो प्राप्त किए और उन्हें वायरल करने तथा उसके बेटे को जान से मारने की धमकी देकर कथित रूप से 5.20 लाख रुपये वसूल लिए। आरोपी पर 10 लाख रुपये अतिरिक्त मांगने का भी आरोप है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे और उसकी निशानदेही पर 2.50 लाख रुपये नकद, वसूली की धनराशि से खरीदी गई मोटरसाइकिल, एसी और एलईडी टीवी बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक 16 सितंबर को पीड़ित की तहरीर पर हिमांशु तायल उर्फ शम्मी पुत्र सुभाष तायल, निवासी फतेहपुरा, निकट डालमियां धर्मशाला, कोतवाली नगर, बहराइच के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी की गिरफ्तारी और कथित रूप से वसूली गई धनराशि की बरामदगी के लिए दो पुलिस टीमों का गठन किया गया।

पुलिस के अनुसार 17 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन बहराइच के पास से आरोपी हिमांशु तायल को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक लाख रुपये नकद और दो मोबाइल फोन बरामद हुए। पुलिस का कहना है कि मोबाइल फोन में संबंधित आपत्तिजनक फोटो भी मिले पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर उसके घर से 1.50 लाख रुपये नकद तथा कथित रूप से वसूली गई रकम से खरीदी गई एचएफ डीलक्स प्लस मोटरसाइकिल, डैकिन 1.5 टनइन्वर्टर एसी और सैमसंग एलईडी टीवी बिल सहित बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि बरामद नकदी समेत सामान को मुकदमे की विवेचना में शामिल किया गया है।


पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ दरगाह शरीफ थाने में वर्ष 2026 का मुकदमा संख्या 418/2026 धारा 308(5)/351(3) बीएनएस तथा कोतवाली नगर में वर्ष 2012 में एनडीपीएस एक्ट और चोरी से संबंधित दो मुकदमे दर्ज हैं।

# पूर्वदशमव दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**बहराइच।** जनपद के समस्त शिक्षण संस्थाओं में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 09 व 10 तथा कक्षा 11 व 12 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं हेतु संचालित पूर्वदशम एवं दशमोत्तर, प्रक्रियात्मक कार्यवाही के लिए समय-सारिणी का निर्धारण कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, कल्याण अधिकारी ने बताया कि नवीन छात्र-छात्राओं के पंजीकरण एवं आनलाइन आवेदन भरने की अन्तिम तिथि 21 सितम्बर 2026 निर्धारित की गयी है।

छात्रों द्वारा फाइनल प्रिंट निकालने की कार्यवाही 30 वांछित अभिलेखों के साथ आवेदन की हार्डकापी शिक्षण संस्थाओं में जमा करने अन्तिम तिथि 05 अक्टूबर निर्धारित की गई है।


# चौराहों पर चालान की कैंची, बाजार में ग्राहकों का टोटा



**बहराइच।** शहर के प्रमुख चौराहों पर सुबह होते ही वाहनों की जांच और चालान की कार्रवाई आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। नागरिकों और व्यापारियों का कहना है कि यातायात नियमों का पालन जरूरी है, लेकिन लगातार चालान की कार्रवाई का असर अब बाजारों की रौनक पर भी दिखाई देने लगा है। लोगों का आरोप है कि चालान के भय से कई लोग वाहन लेकर बाजार आने से बचने लगे हैं व्यापारियों के मुताबिक ऑनलाइन फुटकर कारोबार ने पहले ही स्थानीय बाजार की कमर तोड़ रखी है। अब बाजार आने वाले ग्राहकों को वाहन के चालान का डर सताने लगा है। इससे बाजारों में ग्राहकों की आमद प्रभावित हो रही है।

उनका कहना है कि एक ओर वाहनों के चालान से सरकार को प्रतिदिन राजस्व मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर बाजार में ग्राहकों की संख्या घटने से दुकानदारों के कारोबार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि यह स्थिति छोटे और मध्यम दुकानदारों के लिए किसी दोहरी मार से कम नहीं है ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले भी परेशानग्रामीण क्षेत्रों से शहर खरीदारी करने आने वाले छोटे दुकानदार और आम नागरिक भी कार्रवाई को लेकर चिंतित हैं। लोगों का कहना है कि जरूरी सामान खरीदने अथवा अन्य कार्यों के लिए शहर आना उनकी मजबूरी होती है।

# पीएम का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया



**बहराइच।** भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा में सेवा सुशासन और जनकल्याण समर्पित माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76 वें जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा कार्यालय प्रांगण में सेवा 25 वर्ष एवं आशीर्वाद का दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ दीर्घायु जीवन की कामना की आपको बताते चलें कि लोकप्रिय जनप्रिय यशस्वी चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य का प्रतिनिधित्व कर रहे डॉ अश्विनी वैश्य के कुशल नेतृत्व में आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा के परिसर में 1100 दीप प्रज्वलित कर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 76 वां जन्मदिन मनाया गया ज्ञातव्य हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने अवसर को ध्यान में रखते हुए सेवा 25 वर्ष एवं आशीर्वाद का दीप प्रज्वलित किया गया नगर पंचायत को आकर्षक ढंग से सजाया गया सेवा सुशासन और जन कल्याण को समर्पित यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर दीघायु स्वस्थ जीवन की कामना की गई कार्यालय में दीप प्रज्वलित कर उत्साहित उपस्थित सम्मानित लोगों ने भारत माता की जय वंदे मातरम उद्घोष लगाया इस शुभ अवसर पर विजय कुमार गुप्ता, अजीत शुक्ला, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, समाजसेवी दिनेश अग्रवाल, गोकर्ण सोनी, लीला कश्यप, आद दर्जनों की संख्या में सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### भारत का वेल्थ मैनेजमेंट बाजार 2034 तक 436 अरब डॉलर तक पहुंचने का तैयार

नई दिल्ली। एमके वेल्थ मैनेजमेंट के अनुसार, भारत का वेल्थ-मैनेजमेंट बाजार एक महत्वपूर्ण बदलाव की ओर अग्रसर है। 2025 में उद्योग/इंडस्ट्री के लगभग 171 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2034 तक 436 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो लगभग 10.6प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर को दर्शाता है। इस वृद्धि का कारण बढ़ती आय, घरेलू बचत का वित्तीयकरण और पूंजी बाजारों में बढ़ती भागीदारी है, जो पेशेवर/प्रोफेशनल वेल्थ मैनेजमेंट की मांग को बढ़ावा दे रही है। भारत एक ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जहाँ संपत्ति बनाने के साथ-साथ अब पेशेवर संपत्ति प्रबंधन की भी आवश्यकता बढ़ रही है। जैसे-जैसे वित्तीय संपत्ति परिवारों की कुल संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा बनती जा रही है।

### सैमसंग ने लॉन्च की 2026 बेस्पोक एआई अप्लायंसेज रेंज

नई दिल्ली। सैमसंग इंडिया ने आज अपनी 2026 बेस्पोक एआई अप्लायंसेज रेंज लॉन्च की, जिसे उपभोक्ताओं की जिंदगी आसान और बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है के क्लाइमेट कंट्रोल, लॉन्ड्री, लिविंग रूम और किचन जैसी कैटेगरी अब स्मार्टथिंग्स प्लेटफॉर्म के जरिए एक इकोसिस्टम में जुड़ जाएंगी, जो आदतें सीख सकता है, काम अपने आप कर सकता है और ऊर्जा खपत को बेहतर बना सकता है। 2026 बेस्पोक एआई रेंज में सहज टचस्क्रीन, एडवांस्ड वॉयस इंटेलिजेंस और समावेशी डिजाइन दिया गया है। हमारी 2026 बेस्पोक एआई रेंज अलग-अलग तरह की लाइफस्टाइल को समझने के लिए बनाई गई है, ताकि यह आपके घर की एआई साथी बनकर असल जिंदगी में आपके काम आ सके। हमारा मकसद एक ऐसा एआई होम बनाना है जहां टेक्नोलॉजी आपके जीने के तरीके के हिसाब से ढले, न कि आपको टेक्नोलॉजी के हिसाब से ढलना पड़े। हमारे बेस्पोक एआई अप्लायंस में एआई विजन, सैमसंग नॉक्स सॉल्यूशन और समावेशी डिजाइन दिया गया है, ताकि घर ज्यादा स्मार्ट, सुरक्षित और इंसानों की जरूरतों के हिसाब से बन सकें। गूगल जेमिनी से संचालित फैमिली हब रेफ्रिजरेटर एआई विजन के साथ*: 32-इंच का यह फैमिली हब नोट्स, शेड्यूल और एंटरटेनमेंट के लिए एक सेंट्रल स्पेस की तरह काम करता है।

### हिंदी जी5 ने बकैती सीजन 2 का ट्रेलर किया जारी

नई दिल्ली। हिंदी जी5 ने लोकप्रिय 'बकैती' सीजन 2 का ट्रेलर जारी किया है। यह सीरीज 25 सितंबर 2026 को विशेष रूप से प्लेटफॉर्म पर प्रीमियर होगी। मध्यमवर्गीय परिवार और उसकी रोजमर्रा की परेशानियों को अपनेपन और नए अंदाज में दिखाने वाली इस सीरीज को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था। अब दर्शकों का पसंदीदा कटारिया परिवार लौट आया है—इस बार और भी ज्यादा हंसी, टकराव, अपनापन और दिल को छू लेने वाले पलों के साथ। पुराने गाजियाबाद की जानी-पहचानी गलियों की पृष्ठभूमि में, सीजन 2 में कटारिया परिवार एक बार फिर साथ नजर आएगा। इस बार वे नई चुनौतियों, बदलते पारिवारिक रिश्तों और परिवार के साथ जुड़े उन खूबसूरत, लेकिन उलझे हुए पलों का सामना करेंगे, जो हर घर की कहानी का हिस्सा होते हैं। डाइस मीडिया द्वारा निर्मित और समर चित्रा द्वारा निर्देशित बकैती सीजन 2 में राजेश तैलंग, शीबा चन्ना, तान्या शर्मा और आदित्य शुक्ला एक बार फिर कटारिया परिवार के मुख्य सदस्यों के रूप में नजर आएंगे। उनके साथ देविशी मदान, ऋत्विक नांबियार और अशोक चौहान भी शामिल हैं।

### मैकडॉवेल्स सोडा का नया कैंपेन लॉन्च

नई दिल्ली। हाउस ऑफ मैकडॉवेल्स सोडा ने अपना नया कैंपेन यारी की नई वाइब पेश किया है, जिसमें लंबे समय से ब्रांड के साथ जुड़े ब्रांड एंबेसडर कार्तिक आर्यन नजर आ रहे हैं। दोस्ती के साथ ब्रांड के लंबे जुड़ाव को आगे बढ़ाते हुए यह कैंपेन इस बात को दर्शाता है कि नई पीढ़ी आज यारी को किस तरह जीती है। अब बात सिर्फ दोस्तों के साथ समय बिताने तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसे अनुभव बनाने की है, जो हर मिलना-जुलना और भी यादगार बना दें। हाउस ऑफ मैकडॉवेल्स सोडा के लिए यारी हमेशा से दोस्तों के बीच के उस सहज और स्वाभाविक जुड़ाव का नाम रही है। यारी की नई वाइब के साथ ब्रांड इसी परिचित भावना को एक कदम आगे ले जाता है।

# निफ्टी 76 अंक चढ़ा, सेंसेक्स टूटा




मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद आईटी कंपनियों और टाटा समूह की कंपनियों के शेयरों में कमजोर रुख के कारण मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी शुक्रवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 19.63 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,294.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 413.85 अंक यानी 0.55 प्रतिशत बढ़कर 74,728.44 अंक तक पहुंच गया था। सेंसेक्स ने कारोबार के दौरान हासिल बढ़त को समापन नीलामी सत्र में गंवा दिया। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी लगातार तीसरे सत्र में बढ़त में रहा और 75.80 अंक यानी 0.33 प्रतिशत चढ़कर 23,346.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का शेयर 4.33 प्रतिशत, टाइटन का 2.11 प्रतिशत, एशियन पेंट्स का दो प्रतिशत, मारुति का 1.98 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 1.82 प्रतिशत और टाटा स्टील का 1.73 प्रतिशत टूटा। वहीं लाभ में रहने वाले शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल शामिल हैं। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.56 प्रतिशत और मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.79 प्रतिशत चढ़ा। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 486.8 अंक यानी 0.65 प्रतिशत और निफ्टी 51.7 अंक यानी 0.22 प्रतिशत टूटा। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और एशियाई बाजारों से मिले समर्थन से चुनिंदा शेयरों में लिवाली को बढ़ावा मिला। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत करीब 103.3 डॉलर प्रति बैरल तक आने से मुद्रास्फीति, रुपये और भारत की आयात लागत को लेकर चिंता कुछ कम हुई। आईटी कंपनियों और टाटा समूह की कुछ कंपनियों के शेयर में कमजोर रुख के साथ-साथ कई बड़े आईपीओ में नकदी जाने से बाजार में व्यापक सुधार सीमित रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया के 22,569 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम को शुक्रवार को बोली के दूसरे दिन पूर्ण अभिदान मिला। कच्चे तेल की कीमत और वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल में नरमी से जोखिम लेने की धारणा बेहतर होने के कारण भारतीय शेयर बाजारों में तेजी जारी रही। हालांकि, वैश्विक अनिश्चितता बनी हुई है। प्रमुख केंद्रीय बैंकों के अपेक्षित नीतिगत फैसलों के बाद वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों ने भी निवेशकों के रुख को मजबूती दी। सभी क्षेत्रों में तेजी रही, हालांकि मुनाफावसूली के कारण आईटी कंपनियों के शेयर में गिरावट आई।

# रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 95.89 प्रति डॉलर पर स्थिर

मुंबई। रुपया शुरुआती बढ़त गंवाकर शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.89 (अस्थायी) के स्तर पर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख ने हालांकि भारतीय मुद्रा को समर्थन दिया।

उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की कीमत 104 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल में नरमी से रुपये की गिरावट सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 95.75 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.71 के उच्च स्तर तक गया और अंत में 95.89 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद स्तर के बराबर है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले दो पैसे



मजबूत होकर 95.89 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इससे पहले चार सितंबर को 94.43 के स्तर पर बंद होने के बाद पिछले लगातार आठ कारोबारी सत्रों में इसमें 150 पैसे यानी करीब 1.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी। घरेलू बाजारों में मजबूती और कच्चे तेल में नरमी के कारण रुपया बढ़त के साथ खुला। हालांकि, डॉलर में मजबूती के कारण शुरुआती बढ़त थम गई। कारोबारी अमेरिका के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों से संकेत ले सकते हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर 95.65 से 96.15 रुपये के दायरे में रहने का अनुमान है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.97 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल वायदा कारोबार में 0.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.85 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 19.63 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,294.96 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 75.80 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,346.40 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को शुद्ध आधार पर 3,208.76 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

## फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट लेने के आरोप में लोहा-इस्पात कंपनी का मालिक गिरफ्तार

नयी दिल्ली। केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों ने फर्जी बिल जारी करके धोखाधड़ी से 25.22 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) लेने के आरोप में लोहा और इस्पात उत्पादों के व्यापार में लगी एक कंपनी के मालिक को गिरफ्तार किया है।

केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी), दक्षिण दिल्ली आयुक्त कार्यालय की कर-चोरी रोधी शाखा के अधिकारियों की जांच से पता चला कि फर्म ने कई कंपनियों द्वारा जारी बिलों के आधार पर गलत ढंग से आईटीसी का लाभ उठाया था। इनमें से कुछ कंपनियों का अस्तित्व ही नहीं था, कुछ काम नहीं कर रही थीं, कुछ निलंबित या रद्द पाई गईं। मौके पर जाकर किए गए सत्यापन में यह भी स्थापित हुआ कि कुछ आपूर्तिकर्ताओं के घोषित व्यावसायिक पते पर कोई वास्तविक व्यावसायिक गतिविधि नहीं चल रही थी। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इसके बाद दक्षिण दिल्ली आयुक्त कार्यालय के सीजीएसटी अधिकारियों ने लगभग 140.14 करोड़ रुपये के फर्जी बिलों के जरिये 25.22 करोड़ रुपये से अधिक के अमान्य आईटीसी से लाभ उठाने, उपयोग करने और आगे हस्तांतरित करने से जुड़े मामले में लोहा एवं इस्पात उत्पादों के व्यापार में शामिल कंपनी के मालिक को गिरफ्तार कर लिया।

## सोना 1600 और चांदी 5000 रुपये चमकी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोने की कीमत 1600 रुपये बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से मुद्रास्फीति की चिंताएं कम होने और हाल की बिकवाली के बाद निवेशकों के सर्राफा बाजार में लौटने से सोने के दाम चढ़े।

स्थानीय कारोबारियों के अनुसार 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार के बंद भाव 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम की तुलना में 1,600 रुपये चढ़कर 1,56,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। चांदी में भी जोरदार उछाल देखा गया और यह 5,000 रुपये बढ़कर 2.47 लाख रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी




सत्र में यह धातु 2.42 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर बंद हुई थी। डॉलर और अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिफल में नरमी आने से हाल की बिकवाली के बाद सोने में तेज सुधार हुआ। इसका कारण फेडरल रिजर्व की ब्याज दर वृद्धि के बाद निवेशकों ने अपने सौदों का फिर से मूल्यांकन किया। चांदी का प्रदर्शन सोने से बेहतर रहा, जबकि तेल की कीमतें लगातार तीसरे सत्र में टूटकर 101 डॉलर प्रति बैरल पर आ गईं। सऊदी अरब से आपूर्ति बहाल होने की उम्मीदों और वैकल्पिक शिपिंग मार्गों ने आपूर्ति व्यवधान की आशंकाओं को दूर किया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव अभी भी एक जोखिम बना हुआ है। वैश्विक सर्राफा बाजारों में हाजिर सोना 50.96 डॉलर यानी 1.17 प्रतिशत चढ़कर 4,392.78 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। वहीं चांदी 3.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 67.21 डॉलर पर रही। हाजिर बाजार में सोने ने लगातार दूसरे दिन अप्रत्याशित तेजी दिखाई, क्योंकि तेल की कीमतों में गिरावट ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सख्त मौद्रिक नीति रुख के असर को कुछ हद तक बेअसर कर दिया है।

## आरबीआई ने 2.23 लाख करोड़ की नकदी जुटायी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने परिवर्तनीय दर वाली रिवर्स रेपो (वीआरआरआर) नीलामी के जरिये बैंकिंग प्रणाली से शुक्रवार को 2.23 लाख करोड़ रुपये की नकदी जुटाई। आरबीआई की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, केंद्रीय बैंक को 2.25 लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले 2,22,629 करोड़ रुपये की बोलियां मिलीं। यह राशि 5.24 प्रतिशत की भारित औसत दर पर स्वीकार की गई आरबीआई पिछले महीने से बैंकिंग प्रणाली में अतिरिक्त नकदी को कम करने और एक दिन की मुद्रा बाजार दरों को रेपो दर के अनुरूप करने के लिए विभिन्न वीआरआरआर नीलामियां कर रहा है। बैंकिंग प्रणाली में 17 सितंबर तक करीब 6.94 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी होने का अनुमान है। नकदी समायोजन रणनीति के तहत केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार को खुले बाजार परिचालन (ओएमओ) के जरिये 50,000 करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी प्रतिभूतियां बेचीं। सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री की शेष 25,000-25,000 करोड़ रुपये की दो किस्तें 21 सितंबर और 28 सितंबर को पेश की जाएंगी।

## टीसीआई ने मनाया ड्राइवर डिग्निटी डे 2026

नई दिल्ली। ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई) ने ड्राइवरों के योगदान को सम्मान देते हुए और उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए ड्राइवर डिग्निटी डे 2026 मनाया। भारत की आपूर्ति श्रृंखलाओं (सप्लाई चेन) को सुचारू रूप से बनाए रखने में ड्राइवरों की भूमिका बेहद अहम है। ड्राइवर डिग्निटी डे उनके योगदान को सम्मान देने और उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने का अवसर है। स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच पहलों, ड्राइवर सम्मान और टीसीआई सेफ सफर के माध्यम से हमारा लक्ष्य अपने ड्राइवरों को सहयोग देना और एक अधिक सुरक्षित लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम को बढ़ावा देना है।

## सैमसंग ने शुरू किया वन यूआई 9 का आधिकारिक रोलआउट

नई दिल्ली। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड ने आज वन यूआई 9 को ज्यादा गैलेक्सी डिवाइसों तक पहुंचाने का ऐलान किया। इसका रोलआउट आज से शुरू हो रहा है और सबसे पहले गैलेक्सी एस26, एस26+ और एस26 अल्ट्रा को मिलेगा। गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा, फोल्ड8 और फ्लिप8 में डेब्यू करने के बाद अब वन यूआई 9 अलग-अलग फॉर्म फैक्टर में ज्यादा आसान और सहज मोबाइल अनुभव लेकर आ रहा है। इसमें गैलेक्सी एआई भी बेहतर हुआ है, जो अब पहले से ज्यादा समृद्ध, पर्सनल और मददगार बन गया है। नए फीचर यूजर्स को कैप्चर, पर्सनलाइज और मैनेज करने में मदद करेंगे वन यूआई 9 में लोगों पर फोकस बनाए रखने, हर दिन दिखने वाली जानकारी को अपने हिसाब से तय करने और डिवाइस केयर को आसान बनाने के नए तरीके दिए गए हैं।

## एलजीईई इंडिया को टॉप ऑर्गनाइजेशन विद इनोवेटिव एचआर प्रैक्टिसेज के रूप में किया गया सम्मानित

नई दिल्ली। बेंगलुरु में आयोजित 25वें एशिया पैसिफिक एचआरएम कांग्रेस अवाड्र्स 2026 में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया को दो पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया को टॉप ऑर्गनाइजेशन विद इनोवेटिव एचआर प्रैक्टिसेज के रूप में मान्यता दी गई है। इस पुरस्कार के साथ ही, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के सीएचओ, ज्वा नाम किम को एचआर ट्रांसफॉर्मेशन को आगे बढ़ाने और बिजनेस ग्रोथ में कर्मचारियों को एक रणनीतिक आधार के रूप में स्थापित करने में उनके नेतृत्व के लिए मोस्ट इम्पैक्टफुल एचआर लीडर अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।

## नयी बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज रेंज लॉन्च

नई दिल्ली। बीएमडब्ल्यू इंडिया ने देश में लंबे समय से इंतजार की जा रही नई बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज रेंज लॉन्च की। इसके साथ, बीएमडब्ल्यू की यह फ्लैगशिप सेडान पेट्रोल और ऑल-इलेक्ट्रिक पावरट्रेन में उपलब्ध है। ऑल-इलेक्ट्रिक परफॉर्मेंस मॉडल, बीएमडब्ल्यू आई7 एम70 भी भारत में ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी, जो इसे अब तक की सबसे पावरफुल बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज बनाती है नई बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज हमारी फ्लैगशिप सेडान से कहीं बढ़कर है – यह बीएमडब्ल्यू की आधुनिक लग्जरी की संपूर्ण अभिव्यक्ति है। आज के दौर में भारत के समझदार ग्राहकों के लिए, लग्जरी बेहद व्यक्तिगत होती है। उनकी इसी सोच को ध्यान में रखते हुए यह नई रेंज उन्हें एक विशेष पहचान के साथ आत्मविश्वास देती है।

## टाटा संस की सूचीबद्धता को लेकर टाटा ट्रस्ट और एसपी समूह आये आमने-सामने

नयी दिल्ली। टाटा समूह की प्रमुख कंपनी टाटा संस को शेयर बाजार में सूचीबद्ध किए जाने की योजना और चेयरमैन एन चंद्रशेखरन का कार्यकाल बढ़ाने से जुड़े घटनाक्रम से कंपनी के प्रमुख शेयरधारकों के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं।

टाटा संस में सर्वाधिक हिस्सेदारी रखने वाला टाटा ट्रस्ट जहां कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध किए जाने के खिलाफ है, वहीं दूसरे सबसे बड़े शेयरधारक शापूरजी पालोनजी समूह ने इसका समर्थन किया है। टाटा संस का निदेशक मंडल सूचीबद्धता की दिशा में आगे बढ़ने का फैसला कर चुका है। इस पूरे घटनाक्रम को समझने के लिए टाटा संस के स्वामित्व ढांचे और प्रमुख शेयरधारकों के रुख को देखना जरूरी है। टाटा ट्रस्ट के पास करीब 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है। शापूरजी पालोनजी समूह के पास 18.38 प्रतिशत और टाटा समूह की कंपनियों के पास 12.86 प्रतिशत हिस्सेदारी है। शेष 2.87 प्रतिशत हिस्सेदारी सात व्यक्तियों और अन्य शेयरधारकों के पास है। हालंकि टाटा ट्रस्ट की करीब 66 प्रतिशत हिस्सेदारी किसी एक इकाई के पास नहीं है। इसमें सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट की 27.98 प्रतिशत और सर रतन टाटा ट्रस्ट की 23.56 प्रतिशत हिस्सेदारी है। अन्य ट्रस्टों में जेआरडी टाटा ट्रस्ट, टाटा एजुकेशन ट्रस्ट, टाटा सोशल वेलफेयर ट्रस्ट, एमके टाटा ट्रस्ट और सार्वजनिक सेवा ट्रस्ट शामिल हैं। सूचीबद्धता के मुद्दे पर टाटा ट्रस्ट और शापूरजी पालोनजी (एसपी) समूह का रुख अलग-अलग है। टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल एन टाटा सूचीबद्धता के खिलाफ हैं। उनका तर्क है कि इससे टाटा संस की मौजूदा संरचना और टाटा मॉडल का मौलिक स्वरूप प्रभावित हो सकता है। ट्रस्ट का कहना है कि मार्च, 2024 में रतन टाटा के मार्गदर्शन में टाटा संस के निदेशक मंडल ने कंपनी को गैर-सूचीबद्ध बनाए रखने पर सर्वसम्मति से फैसला किया था। जुलाई, 2025 में सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट ने भी इस रुख की पुष्टि की थी। इसके विपरीत, एसपी समूह के चेयरमैन शापूर मिस्त्री ने सूचीबद्धता का समर्थन किया है। उनका कहना है कि इससे टाटा संस में पारदर्शिता एवं सार्वजनिक जवाबदेही बढ़ेगी।

## पेज एक का शेष

### और मजबूत

का आदान-प्रदान किया। बयान में कहा गया है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने फोन किया। यूएई के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी बृहस्पतिवार को 76 वर्ष के हो गए। बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों पर चर्चा की तथा क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने के प्रयासों में लगातार सहयोग एवं समन्वय बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यूएई के राष्ट्रपति ने भारत की सफल ब्रिक्स अध्यक्षता के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी। मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में यूएई के युवराज शेख खालिद की भागीदारी और भारत की अध्यक्षता में ठोस नतीजे हासिल करने में यूएई के सहयोग और साझेदारी की सराहना की।

### युद्ध की

और हेलीकॉप्टर को सौंपे जाने के समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू की मौजूदगी में इनका प्रदर्शन किया गया और पूजा भी की गई।

अधिकारियों ने बताया कि समारोह स्थल पर प्रदर्शित ध्रुव हेलीकॉप्टर में बैठकर राजनाथ सिंह ने इसका निरीक्षण भी किया। यह एचएएल द्वारा डिजाइन और निर्मित 5.5 टन वजनी, हल्का, दो इंजन वाला बहुउद्देशीय हेलीकॉप्टर है। इसे देश की आत्मनिर्भरता की यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है, क्योंकि इस कार्यक्रम में घरेलू एयरोस्पेस क्षेत्र को मजबूत करने में एचएएल और उसके उद्योग साझेदारों की भूमिका को रेखांकित किया गया।

एचएएल के अधिकारियों के अनुसार, कंपनी ने भारतीय वायुसेना को दो एलसीए एफओसी प्रशिक्षक विमान सौंपे हैं। इसके अलावा पवन हंस लिमिटेड (पीएचएल) को चार ध्रुव नेक्स्ट जेनरेशन हेलीकॉप्टर सौंपे गए। एचटीटी-40 विमान, जिसे शुक्रवार को अंकुर नाम दिया गया, भी भारतीय वायुसेना को सौंपा गया। इसके साथ ही 70 विमानों के अनुबंध के तहत आपूर्ति की शुरुआत हो गई है। एचटीटी-40 (हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर-40) स्वदेश में डिजाइन और विकसित किया गया प्रशिक्षक विमान है, जिसे भारतीय रक्षा सेवाओं की शुरुआती प्रशिक्षण जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है।

एचएएल के एक बयान के अनुसार, एलसीए एफओसी प्रिशक्षु विमान एक हल्का, हर मौसम में काम करने वाला और कई तरह की भूमिकाएं निभाने वाला 4.5-जेनरेशन का विमान है, जिसे मुख्य रूप से वायुसेना की प्रशिक्षण ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। बयान के अनुसार इन तकनीकों ने भारत को एक उन्नत दो-सीट वाला लड़ाकू विमान क्षमता विकसित करने और उसे संचालित करने में सक्षम बनाया है।

### एनसीआर की

मुख्यमंत्रियों के साथ भी बैठक कर प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों को आगे बढ़ाया जाएगा। पराली प्रबंधन को लेकर राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ केंद्रीय कृषि मंत्रालय के स्तर पर भी समन्वय किया जा रहा है। एनसीआर में वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर पिछले दिसंबर से अब तक 30 से अधिक बैठकें हो चुकी हैं। 63 छोटे शहरों के स्थानीय निकायों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान को सफल बनाने में जनता के सहयोग और मीडिया की जागरूकता की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस बैठक में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा तथा उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागीय उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे।

### भूजल स्रोतों

प्रदेश, देश के राज्यों की सूची में पहले स्थान पर है। यूपी जल निगम ग्रामीण प्रबंध निदेशक योगेश कुमार ने कहा कि भूजल स्त्रोतों का नियमित परीक्षण पेयजल की गुणवत्ता और जल स्त्रोतों की स्थिति की निगरानी के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार के स्तर पर भी जल स्त्रोतों की गुणवत्ता, सोर्स सस्टेनेबिलिटी और गहन निगरानी पर जोर दिया जा रहा है। इसमें उत्तर प्रदेश ने सबसे बेहतर परिणाम हासिल किए हैं और भविष्य में भी प्रदेश में सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का प्रयास जारी रहेगा।

**पंजाब और आंध्र प्रदेश को पीछे छोड़ शीर्ष पर यूपी**

भूजल स्त्रोतों के परीक्षण की राज्यवार रैंकिंग में उत्तर प्रदेश के बाद पंजाब दूसरे और आंध्र प्रदेश तीसरे स्थान पर है। पंजाब ने निर्धारित लक्ष्य का 83.46 प्रतिशत और आंध्र प्रदेश ने भी 83.46 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है। वहीं उत्तराखंड 82.30 प्रतिशत उपलब्धि के साथ चौथे और केरल 81.13 प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर है। यूपी जल निगम ग्रामीण अधीक्षण अभियंता एवं राज्य प्रयोगशाला प्रमुख ज्ञानेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि भूजल स्त्रोतों के परीक्षण में उत्तर प्रदेश की 94.39 प्रतिशत उपलब्धि राष्ट्रीय औसत 50.46 प्रतिशत से काफी अधिक है। यानि यूपी ने राष्ट्रीय औसत की तुलना में करीब 44 प्रतिशत अधिक उपलब्धि दर्ज की है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए उत्तर प्रदेश में कुल 48,055 भूजल स्त्रोतों के परीक्षण का लक्ष्य रखा गया था। इसके सापेक्ष 45,361 स्त्रोतों का परीक्षण पूरा हो चुका है। अब निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए 2,694 स्त्रोतों का परीक्षण शेष है। इस तरह प्रदेश ने पहली छमाही में ही निर्धारित लक्ष्य का बड़ा हिस्सा पूरा कर लिया है।

### साइबर ठगी

टेलीकॉलर सहित 23 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। उनके मुताबिक, परिसर 27 लैपटॉप, 28 मोबाइल फोन, राउटर, हेडफोन और कॉल सेंटर के संचालन के लिए उपयोग किए जाने वाले अन्य तकनीकी उपकरण जब्त किए गए। उन्होंने बताया आरोपियों के पास से दो कारें और 79 हजार रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उपकरणों की जांच करने पर उनमें विदेशी कॉल विवरण, विदेशी टेलीफोन नंबरों की सूची, पीड़ित से संबंधित जानकारी, भुगतान के स्क्रीनशॉट, व्हाट्सऐप पर बातचीत और अन्य आपत्तिजनक डिजिटल सामग्री मिली। उनके मुताबिक, जांच में पता चला कि व्हाट्सऐप बिजनेस अकाउंट और कई व्हाट्सऐप समूहों का इस्तेमाल कथित तौर पर समन्वय, टीएफएन (टैक्स फाइल नंबर) से जुड़ी जानकारी साझा करने और धोखाधड़ी से हासिल की गई रकम के प्रबंधन के लिए किया जा रहा था।

डीसीपी ने बताया कि आरोपी फर्जी पहचान का इस्तेमाल कर खुद को एप्पल या आईओएस और माइक्रोसॉफ्ट के तकनीकी सहायता या ग्राहक सेवा कर्मी बताकर इंटरनेट कॉलिंग के जरिए अमेरिका, कनाडा और यूरोपीय देशों के लोगों को निशाना बनाते थे। उनके मुताबिक, अनधिकृत खरीदारी, सदस्यता या सुरक्षा संबंधी समस्याओं से जुड़े फर्जी पॉप-अप और संदेश भेजकर पीड़ितों को ऐसे टोल-फ्री नंबरों पर संपर्क करने के लिए प्रेरित किया जाता था, जिन्हें भारत में इंटरनेट आधारित कॉलिंग एप्लिकेशन के जरिए काम कर रहे टेलीकॉलर संभालते थे।

### पाक की

ने विस्फोटकों से लदी एक गाड़ी को मस्जिद परिसर में घुसा दिया जिसके बाद हथियारबंद आतंकवादियों के साथ गोलीबारी हुई। प्रांतीय पुलिस प्रमुख जुल्फिकार हमीद ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कोहाट पुलिस लाइन की मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान हुए आत्मघाती विस्फोट में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हमले में मारे गये लोगों में पांच पुलिसकर्मी और 11 आम नागरिक शामिल हैं। उन्होंने कहा गाड़ी को गेट से टकराया गया और फिर उसमें विस्फोट हो गया। इसके बाद गोलीबारी भी हुई। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के साथ गोलीबारी के दौरान विशेष शाखा की इमारत में एक और आत्मघाती विस्फोट हुआ। एक आतंकवादी संगठन इत्तेहाद-उल-मुजाहिदीन पाकिस्तान ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। यह संगठन हाफिज गुल बहादुर समूह, हरकत इंकलाब-ए-इस्लामी पाकिस्तान और लश्कर-ए-इस्लाम का गठबंधन है, जिसका गठन अप्रैल 2025 में किया गया था।

समाचार चैनल जियो न्यूज ने जिला मुख्यालय अस्पताल के एमएस ताहिर अली शाह के हवाले से अपनी खबर में बताया कि विस्फोट के बाद अस्पताल में 15 शव लाए गये जबकि 50 से अधिक घायलों को भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि घायलों में से ज्यादातर नमाजी थे। उसने बताया कि विस्फोट से मस्जिद के बाहर गड्ढा हो गया। रेस्क्यू 1122 खैबर पख्तूनख्वा के प्रवक्ता बिलाल अहमद फैजी के अनुसार, सूचना मिलने के तुरंत बाद बचाव दल घटनास्थल पर पहुंच गए और उन्होंने राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया।

### युवा शक्ति

स्वरोजगार, स्टार्टअप तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के अवसर बढ़ाने जैसे विषयों पर विद्यार्थियों ने अपनी प्राथमिकताएं बताईं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राजकीय विद्यालयों के कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए टैब उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि टैब की व्यवस्था के लिए विद्यार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से धनराशि उपलब्ध करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से हो रहे तकनीकी बदलावों के बीच विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों से जोड़ना आवश्यक है। आधुनिक तकनीक तक विद्यार्थियों की पहुंच बढ़ने से उनके सीखने के अवसरों का विस्तार होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार और युवाओं के बीच संवाद केवल औपचारिक कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। युवाओं की अपेक्षाओं, समस्याओं और सुझावों को समझने के लिए निरंतर संवाद जरूरी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री युवा विद्यार्थी मंथन के क्रम में शासन के वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों ने भी विद्यार्थियों के साथ विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन और विद्यार्थियों के बीच इस तरह का संवाद जमीनी अनुभवों को समझने और नीतियों में नई सोच को शामिल करने का माध्यम बन सकता है। मंथन के विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट विचार प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री के साथ संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े अनुभव और विकास संबंधी सुझाव साझा किए। उत्तरकाशी के अनमोल प्रमार, रुद्रपुर की वैष्णवी, कालसी की कसिस और अल्मोड़ा के भरत ने भी अपने विचार मुख्यमंत्री के समक्ष रखे। इस अवसर पर सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, सचिव चन्द्रेश कुमार, अपर सचिव मुख्यमंत्री बंशीधर तिवारी, ज्योति यादव, सचिव धीराज गर्ब्याल, सचिव सी. सविशंकर, अपर सचिव आलोक कुमार पाण्डेय, अपर सचिव संदीप तिवारी, नमामि बंसल, अपर सचिव झरना कमठान, महानिदेशक शिक्षा आकांक्षा कोण्डे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### भारत में धर्म

आगे बढ़े। आरएसएस प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि किसी व्यक्ति की आजीविका दूसरों के लिए कष्ट का कारण नहीं बननी चाहिए। उन्होंने कहा सूरज को ही ले लीजिए, आप इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते। यदि आप इसमें विश्वास नहीं करते, तो भी कोई बात नहीं, फिर भी यह उगेगा और डूबेगा ही। भागवत ने कहा, एक व्यक्ति, अपने अहंकार के कारण, यह मानता है कि सब कुछ उसके अधिकार के अनुसार चलता है और वह सब कुछ नियंत्रित कर सकता है। इस वजह से, वह इस गलतफहमी को पाल लेता है कि ऐसी चीजें भी उसकी इच्छा के अनुसार ही चलनी चाहिए। लेकिन बात ऐसी नहीं है। उन्होंने कहा, हमारे यहां राज्य की परंपरा हमेशा समावेशी रही है। वह अपने लोगों में भेदभाव नहीं करता। हमारे लिए पंथ-निरपेक्षता का यही अर्थ है।






# जापान को हराकर भारत सेमीफाइनल में

## एशियाई खेल महिला क्रिकेट : रन आउट होने से जापान की मुश्किलें और बढ़ गयी



निशिन। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के हरफनमौला प्रदर्शन और बायें हाथ की स्पिनर श्री चरणी की शानदार गेंदबाजी के दम पर पिछली चैम्पियन भारतीय टीम ने अनुभवहीन जापान को शुक्रवार को आठ विकेट से हराकर एशियाई खेलों की महिला क्रिकेट स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। श्री चरणी ने 10 रन देकर चार विकेट लिये जो टी20 क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। शेफाली वर्मा ने 13 रन देकर दो विकेट चटकाये। जापान की टीम 19.5 ओवर में 57 रन पर आउट हो गई। भारत ने यह लक्ष्य पांच ओवर में हासिल कर लिया।

अब भारत का सामना 20 सितंबर को बांग्लादेश से होगा। शेफाली ने 15 गेंद में नाबाद 40 रन बनाये जबकि रिचा घोष ने छह गेंद में 12 रन का योगदान दिया। जापान ने सलामी बल्लेबाज जी कमलिनी और तीसरे नंबर पर उतरी भारती फुलमाली को आउट किया। इससे पहले श्री चरणी की अगुवाई में भारत के अनुभवी स्पिनरों ने जापानी बल्लेबाजों की अनुभवहीनता का पूरा फायदा उठाते हुए उन्हें 57 रन पर आउट कर दिया।

पहले गेंदबाजी का फैसला करने वाली भारतीय टीम ने जापान के बल्लेबाजों को हाथ खोलने ही नहीं दिये और पूरी पारी में सिर्फ तीन चौके लगे। जापान के बल्लेबाजों को शीर्ष टीमों से खेलने या नियमित अभ्यास का मौका नहीं मिलता है और उनके लिये टर्न और उछाल लेती पिच पर भारत के गेंदबाजों का सामना कर पाना काफी मुश्किल था। पावरप्ले में 24 रन ही बने जिसमें दो चौके लगे। श्री चरणी ने सलामी बल्लेबाज हारूना इवासाकी (10) और कप्तान माइ यानागिडा को लगातार दो गेंदों पर पवेलियन भेजा। शेफाली ने 15वें ओवर में अयाका कातो और 17वें ओवर में शिमाको कातो के विकेट लिये। कुछ बल्लेबाज रन आउट भी हुए जिससे जापान की मुश्किलें और बढ़ गई। श्री चरणी की अगुवाई में भारत के अनुभवी स्पिनरों ने जापानी बल्लेबाजों की अनुभवहीनता का पूरा फायदा उठाते हुए एशियाई खेलों की महिला क्रिकेट स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को मेजबान टीम को 57 रन पर आउट कर दिया। पहले गेंदबाजी का फैसला करने वाली भारतीय टीम ने जापान के बल्लेबाजों को हाथ खोलने ही नहीं दिये और पूरी पारी में सिर्फ तीन चौके लगे। जापान के बल्लेबाजों को शीर्ष टीमों से खेलने या नियमित अभ्यास का मौका नहीं मिलता है और उनके लिये टर्न और उछाल लेती पिच पर भारत के गेंदबाजों का सामना कर पाना काफी मुश्किल था। पावरप्ले में 24 रन ही बने जिसमें दो चौके लगे। भारत के लिये बायें हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने 10 रन देकर चार विकेट लिये जो टी20 क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने सलामी बल्लेबाज हारूना इवासाकी (10) और कप्तान माइ यानागिडा को लगातार दो गेंदों पर पवेलियन भेजा। शेफाली वर्मा ने 13 रन देकर दो विकेट चटकाये। उन्होंने 15वें ओवर में अयाका कातो और 17वें ओवर में शिमाको कातो के विकेट लिये। कुछ बल्लेबाज रन आउट भी हुए जिससे जापान की मुश्किलें और बढ़ गई।

जापान महिला : हारूना इवासाकी का शेफाली बो श्रीचरणी 10, अयाका कातो स्टाफोर्ड का कमलिनी बो शेफाली 25, माइ यानागिडा का घोष बो श्रीचरणी 0, एरिका ओडा का पाटिल बो दीप्ति 5, शिमाको कातो का कौर बो शेफाली 3 अकारी निशिमूरा का फुलमाली बो श्रीचरणी 2 हिनासे गोतो रन आउट। अहिल्या चंदेल रन आउट 0, आयुमी फुजीकावा नाबाद 4, एरिका तोगुची किन का शेफाली बो श्रीचरणी 0, नोनोहा यासुमोतो बो पाटिल 0, अतिरिक्त : सात रन

योग : 19.5 ओवर में 57 रन

विकेट पतन : 1-24, 2-24, 3-33, 4-46, 5-51, 6-52, 7-52, 8-56, 9-56

# मनु भाकर और तूर एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक



नागोया। दो ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर और शॉटपुट में गत चैम्पियन तेजिंदर पाल सिंह तूर को शुक्रवार को एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह के लिये भारत का ध्वजवाहक चुना गया।

समारोह शनिवार को होना है। भारत के अभियान प्रमुख सहदेव यादव ने कहा कि मनु भाकर एक ध्वजवाहक होंगी। बाद में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने पुष्टि की कि तूर दूसरे ध्वजवाहक होंगे। भाकर ने पेरिस ओलंपिक 2024 में दो पदक जीते और वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बन गई थी। तूर ने पिछले दो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीते हैं। भाकर और तूर को भारतीय दल का ध्वजवाहक चुना जाना अपेक्षित था क्योंकि एशियाई खेलों में भारत के कुल पदकों में निशानेबाजी और एथलेटिक्स का बड़ा योगदान रहता है। चीन के हांगझोउ में हुए पिछले एशियाई खेलों (2023) में एथलेटिक्स ने भारत को 29 पदक (छह स्वर्ण, 14 रजत और नौ कांस्य) दिलाए थे, जबकि निशानेबाजी से भारत की झोली में 22 पदक (सात स्वर्ण, नौ रजत और छह कांस्य) आए थे। भारत ने पिछले एशियाई खेलों में रिकॉर्ड 107 पदक जीते थे, जिनमें 28 स्वर्ण पदक शामिल थे। तूर तोक्यो के पास स्थित त्सुकुबा विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण ले रहे हैं। भारतीय एथलेटिक्स दल के 74 सदस्य परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के लिए जापान में शिविर के लिए देश से जल्दी रवाना हो गए थे। भारतीय दल सोमवार को नागोया पहुंचेगा, लेकिन उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने के लिए तूर शनिवार को ही यहां पहुंच जाएंगे। तूर ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की ओर से जारी वीडियो संदेश में कहा, मुझे गर्व है कि मैं भारतीय दल के ध्वजवाहकों में से एक रहूंगा। हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह अपने देश का ध्वजवाहक बने। यह सम्मान देने के लिए मैं आईओए का धन्यवाद करता हूं।

उन्होंने कहा, यह मेरे जीवन का बेहद खास पल है कि मैं ओलंपिक पदक विजेता (मनु भाकर) के साथ भारतीय दल का ध्वजवाहक बनने जा रहा हूं।

संक्षेप

## कमरों की कमी से 30.35 भारतीय खिलाड़ी रहे परेशान

नागोया। एशियाई खेलों में भारत के अभियान प्रमुख सहदेव यादव ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें यहां पहुंचकर ही पता चला कि आयोजकों ने 30 से 35 भारतीय खिलाड़ियों को आवास व्यवस्था की सूची से निकाल दिया है जिससे भारत को उनके लिये कमरों का इंतजाम करना पड़ा। कई भारतीय खिलाड़ियों को यहां पहुंचने पर रहने की व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा और कमरों के लिसे घंटों इंतजार भी करना पड़ा। यादव ने यहां ध्वजारोहण समारोह से इतर कहा कि आयोजन समिति ने हमें बताया कि भारत से अपेक्षा से अधिक खिलाड़ी आ गए हैं लेकिन ऐसा नहीं है। हमने उतने ही खिलाड़ी भेजे हैं जितने तय हुए थे। लेकिन उन्होंने कुछ नाम हटा दिया जिनके लिये हमने होटल बुक किये। 30.35 खिलाड़ियों को लेकर परेशानी हुई है। हमारी टीम ने फुर्ती दिखाते हुए कमरे बुक किये। यादव ने कहा कि टीमों के आगमन पर व्यवस्था को लेकर कुप्रबंधन देखने को मिला है लेकिन कहा कि इस स्तर पर आयोजन में ऐसी दिक्कतें आती हैं। कुप्रबंधन तो है लेकिन यह बड़ा आयोजन है और ऐसा होता है। हमें इससे आगे देखना है। हमें अपने खिलाड़ियों की समस्याओं का हल करना है और उन्हें रहने के लिये अच्छी जगह देनी है ताकि वे मानसिक और शारीरिक तौर पर अच्छी स्थिति में रहें और पदक जीत सकें। यादव ने कहा कि सभी भारतीय खिलाड़ियों को अब कमरे मिल चुके हैं और कोई परेशानी नहीं है। कल रात हमारे दो अभियान उप प्रमुख अलकनंदा अशोक और अंजलि भागवत खिलाड़ियों को लेने हवाई अड्डा गए थे। हमने होटल के 18 कमरे बुक किये हैं और आज 10 और करेंगे जिसमें 30 खिलाड़ी आ सकें।

## भारत के पेशेवर रवैये का अनुकरण करे

नागोया। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तैयब इकराम ने शुक्रवार को पिछले कुछ साल में हॉकी में भारत के पेशेवर रवैये की तारीफ करते हुए दूसरे एशियाई देशों से भी वैश्विक स्तर पर उभरने के लिये भारत का अनुकरण करने का आग्रह किया। मॉस्को ओलंपिक में आठवां स्वर्ण जीतने के बाद भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने 2020 और 2024 ओलंपिक में कांस्य पदक जीते। इकराम ने यहां एशियाई खेलों से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस से इतर पीटीआई से कहा, एफआईएच अध्यक्ष होने के नाते सभी देश मेरे लिये समान हैं। सभी महाद्वीप अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन एशियाई हॉकी के लिये कुछ फोकस क्षेत्र हैं और मैं उन्हें इन उपायों को मजबूती से करने के लिये कहता हूं। पेशेवर रवैया अपनाने की जरूरत है।

# बीसीसीआई एजीएम: अजीत अगरकर के भविष्य पर फैसला लेने के लिए पदाधिकारी अधिकृत



मुंबई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में सदस्य इकाइयों ने चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर के कार्यकाल को विस्तार देने या उनके स्थान पर नया अध्यक्ष नियुक्त करने का फैसला बोर्ड के पदाधिकारियों पर छोड़ दिया।

मौजूदा चयन समिति के अध्यक्ष अगरकर का कार्यकाल चार अक्टूबर को समाप्त होने वाला है। ऐसे में बीसीसीआई उनके स्थान पर नए अध्यक्ष की तलाश कर सकता है। बैठक के बाद बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चयन समितियों से जुड़े मामलों पर फैसला लेने के लिए पदाधिकारियों को अधिकृत किया गया है। उन्होंने अगरकर के भविष्य को लेकर कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया। बीसीसीआई की 95वीं एजीएम में बोर्ड से संबद्ध राज्य क्रिकेट संघों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में बंगाल क्रिकेट संघ के प्रतिनिधि और भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली तथा कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के प्रतिनिधि और पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद भी मौजूद रहे। सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष के भविष्य के अलावा बीसीसीआई जूनियर चयन समिति के सभी पांच पदों को भरने की प्रक्रिया पर भी विचार कर रहा है। इस बीच, मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड से अनुरोध किया है कि प्रमुख मुकाबलों के आवंटन में मुंबई को भी ध्यान में रखा जाए। राज्य क्रिकेट संघ के सचिव उन्मेष खानविलकर ने यह जानकारी दी। प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में टेस्ट मैच हुए करीब दो साल हो चुके हैं। यहां पिछला टेस्ट 2024 के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला गया था। शहर में होने वाले आगामी क्रिकेट मुकाबलों में अगले साल की शुरुआत में पहली बार आयोजित होने वाली महिला चैंपियंस लीग और महिला प्रीमियर लीग के कुछ मुकाबले भी शामिल हैं। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के सचिव और भारत के पूर्व क्रिकेटर सौरभ तिवारी ने भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट को रांची से स्थानांतरित किए जाने की जानकारी होने से इनकार किया। यह खबर मेरे लिए नयी है। इस संबंध में अगर बीसीसीआई को किसी को पत्र लिखना है तो वह मुझे ही लिखना होगा। मैंने ऐसा कोई पत्र नहीं लिखा है। एजीएम में इस बारे में बिल्कुल भी चर्चा नहीं हुई। बीसीसीआई की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में हालांकि ज्यादा जानकारी नहीं दी गई, लेकिन इसमें कहा गया कि एजीएम ने 2028 में बीसीसीआई की शताब्दी समारोह के आयोजन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विज्ञप्ति के अनुसार, शताब्दी वर्ष दिसंबर 2027 से शुरू होकर पूरे 2028 तक साल भर चलने वाले कार्यक्रमों के जरिये मनाया जाएगा। यह भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा। एजीएम ने सर्वसम्मति से 2027 में होने वाले आईपीएल के 20वें सत्र को भी भव्य तरीके से मनाने का फैसला किया। बैठक के एजेंडे में शामिल अन्य मुद्दों पर भी फैसले लिए गए। वित्त वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट मंजूर किया गया और मौजूदा वित्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षकों की नियुक्ति की गई।

# एशियाई खेल: भारत की क्विम्सी डिसूजा टेकबॉल में ऐतिहासिक पदक के करीब



जापान। भारत की क्विम्सी जोआकिम डिसूजा ने शुक्रवार को यहां एशियाई खेलों की टेकबॉल प्रतियोगिता के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से वह इस खेल में ऐतिहासिक पदक जीतने के करीब पहुंच गई।

एशियाई खेलों में पदार्पण करते हुए क्विम्सी ने नागोया सिटी हिगाशी स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गए अपने ग्रुप ए के पहले मैच में जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त युइना सकामोटो को 2-1 (10-12 12-11 13-11) से हराकर उलटफेर किया। यह मैच 43 मिनट तक चला।

इस युवा भारतीय खिलाड़ी ने ग्रुप के अपने दूसरे मैच में भी लय बरकरार रखते हुए कंबोडिया की कोएमयेन डीवाई को केवल 24 मिनट में 2-0 (12-9 12-7) से हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने के कारण उन्हें बाइ मिल गई और उन्हें क्वार्टर फाइनल नहीं खेलना पड़ा। वह शनिवार को सेमीफाइनल में इंडोनेशिया की सुमाया से भिड़ेंगी और इस मैच में जीत हासिल करने पर टेकबॉल में भारत का पहला पदक पक्का हो जाएगा। यह 24 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी इस मैच में हार भी जाती है तो उन्हें प्लेऑफ के जरिए पदक हासिल करने का एक और मौका मिलेगा। हालांकि, क्विम्सी और मोहम्मद अनस इमरान बेग की भारतीय जोड़ी मिश्रित युगल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में वियतनाम के होआंग मिन्ह तान गुयेन और जिया नघी त्रिन्ह से 0-2 (7-12 10-12) से हार गई। भारतीय जोड़ी के पास अब भी पदक जीतने का मौका है क्योंकि उसने अपना रिपेचेज मुकाबला जीत लिया है। भारतीय जोड़ी ने ग्रुप ए के अपने पहले मुकाबले में फिलीपींस के जोहाना अबुलेंसिया और प्रिंस ऑगस्टिन को 2-0 (12-10 12-3) से हराकर सकारात्मक शुरुआत की। क्विम्सी और बेग अगले दो मुकाबलों में कंबोडिया के थुओनविरेक बुन और सोफोर्नराक्समे योर्न से 0-2 (3-12 8-12) से और थाईलैंड के फाकपोंग देजारोएन और सुफावादी वोंगखामचान की जोड़ी से 0-2 (3-12 8-12) से हार गए। लेकिन भारतीय जोड़ी ने जोरदार वापसी करते हुए सलमान अलेब्राहीम और हेस्सा अलफैलाकवी पर 2-0 (12-1 12-6) से जीत दर्ज करके क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की की, जहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा। क्विम्सी और बेग ने रिपेचेज राउंड में अबुलेंसिया और ऑगस्टिन को 2-0 (12-3 12-6) से हराया। टेकबॉल को पहली बार एशियाई खेलों में शामिल किया गया है। टेकबॉल फुटबॉल और टेबल टेनिस का मिश्रण है। इस खेल का आविष्कार 2014 में हंगरी में फुटबॉल के शौकीन गैबोर बोरसानी, ज्ञोरगी गैटियन और विक्टर हुस्ज़ार ने किया था। पहली आधिकारिक टेकबॉल विश्व चैंपियनशिप 2017 में बुडापेस्ट में आयोजित की गई थी।

# ऐसा कौन सा खेल आयोजन है जिसमें चुनौतियां नहीं होतीं? एशियाड की अव्यवस्थाओं पर ओसीए

नागोया। एशियाई खेलों की शुरुआत से पहले आयोजन संबंधी अव्यवस्थाओं को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने शुक्रवार को आयोजकों का बचाव करते हुए कहा कि हर बहु-खेल प्रतियोगिता में इस तरह की चुनौतियां आती हैं और सोशल मीडिया पर इन मुद्दों को राजनीतिक रंग देने या उनका फायदा उठाने की किसी भी कोशिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। खेलों के उद्घाटन समारोह की पूर्व संध्या पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में 2026 एशियाई खेल समन्वय समिति के अध्यक्ष तैयब इकराम ने विवादों को अस्थायी समस्याएं बताते हुए उन्हें ज्यादा तवज्जो नहीं देने की कोशिश की।

खेलों में खिलाड़ियों के लिए आवास की कमी का मुद्दा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में है। पंजीकरण और कमरों के आवंटन की प्रक्रिया में लग रहा लंबा समय तथा अभ्यास स्थलों तक पहुंचने के लिए खिलाड़ियों को लंबी यात्रायें करनी पड़ रही है। ये मुद्दे जापान की छवि को भी प्रभावित कर रहे हैं। अलग-अलग मीडिया और विभिन्न माध्यमों से हमें कुछ बातें और प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। हमारे खेल आयोजन खिलाड़ियों के लिए है, हम इन्हें राजनीतिक रंग देने की किसी भी कोशिश को रोकना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि लोग हर चीज में समस्याएं तलाशने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ऐसा कौन सा खेल आयोजन है जिसमें चुनौतियां नहीं होतीं? महत्वपूर्ण यह है कि उनका निपटारा किस तरह किया जाता है। आइची-नागोया एशियाई खेल आयोजन समिति (एएनएजीओसी) ने इस मामले में शानदार काम किया है, लेकिन ओसीए और एएनएजीओसी खेलों को राजनीतिक रंग देने की किसी भी कोशिश को सफल नहीं होने देंगे। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष इकराम ने कहा कि सोशल मीडिया पर कुछ चिंताओं को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि उनके अनुसार इन मुद्दों को राजनीतिक रंग देने के पीछे कौन है। आवास संबंधी समस्याओं से भारतीय खिलाड़ी भी प्रभावित हुए हैं और उन्होंने कम जगह वाले कमरों तथा लंबे इंतजार की शिकायत की है। चीन के विश्व चैंपियन जिम्नास्ट झांग ने शुक्रवार को कहा कि आवास के पंजीकरण की छह घंटे से अधिक लंबी प्रक्रिया के कारण वह पूरी तरह थक चुके हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, 2024 पेरिस ओलंपिक में दो रजत पदक और विश्व चैंपियनशिप के दो खिताब जीत चुके झांग ने बाद में आराम करने के लिए एक होटल में कमरा बुक किया। नागोया स्थित चीनी महावाणिज्य दूतावास के कर्मचारियों ने स्थानीय प्रवासी चीनी समुदाय के संपर्कों के जरिए चीनी बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए चार्टर्ड वाहनों की व्यवस्था करने में मदद की।

# शतरंज ओलंपियाड : भारतीय पुरुष टीम के सामने इटली की चुनौती, लाइव रेटिंग में 2700 से नीचे गुकेश



समरकंद (उज्बेकिस्तान)। गत चैंपियन भारतीय पुरुष टीम ने 46वें शतरंज ओलंपियाड के शुरुआती दो दौर में निचली रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ जीत दर्ज की, लेकिन अब तीसरे दौर में उसके सामने मजबूत इटली की चुनौती है। इटली की टीम के पहले चार बोर्ड पर ग्रैंडमास्टर खिलाड़ी हैं। भारत ने पहले दौर में थाईलैंड को 3-1 से हराया, जबकि दूसरे दौर में इंडोनेशिया के खिलाफ 2.5-1.5 से मामूली जीत दर्ज की। निचली रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ जीत हासिल करने के बावजूद भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन पूरी तरह प्रभावशाली नहीं रहा। विश्व चैंपियन डी. गुकेश दूसरे दौर में ड्रॉ खेलने के बाद लाइव रेटिंग में 2700 अंक से नीचे खिसक गए हैं। गुकेश को दूसरे दौर में इंडोनेशिया के सत्रिया दुटा चहाया ने बराबरी पर रोक दिया। इसके बाद गुकेश की लाइव रेटिंग 2699.5 अंक हो गई है। अक्टूबर 2024 में वह 2794 की सर्वोच्च रेटिंग तक पहुंचे थे। सितंबर 2022 में महज 16 वर्ष की उम्र में गुकेश 2699 से छलांग लगाकर 2726 रेटिंग अंक पर पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और दिसंबर 2024 में 18 वर्ष की उम्र में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। ओलंपियाड में 2700 की विशिष्ट रेटिंग वाले खिलाड़ियों के क्लब से बाहर होना गुकेश के लिए विश्व चैंपियनशिप के मुकाबले से पहले किसी झटके की तरह है। वह हालांकि प्रतियोगिता के बाकी दौर में मजबूत वापसी कर इस स्तर को फिर हासिल करने की कोशिश करेंगे। इससे पहले 2022 और 2024 के पिछले दो ओलंपियाड में गुकेश ने भारत के लिए शीर्ष बोर्ड पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का स्वर्ण पदक जीता था। लेकिन इस बार टीम प्रबंधन ने मौजूदा फॉर्म को ध्यान में रखते हुए उन्हें चौथे बोर्ड पर उतारने का फैसला किया है। तीसरे दौर में भारत की ओर से आर. प्रज्ञानानंदा का मुकाबला लोरेंजो लोदिची से, अर्जुन एरिगैसी का लुका मोरोनी जूनियर से, निहाल सरीन का फ्रांसेस्को सोनिस से और डी. गुकेश का साबिनो ब्रुनेल्लो से होगा।

# लखनऊ वुमन्स प्रीमियर लीग : खिलाड़ियों पर हुई धनवर्षा, रेटिंग वाली खिलाड़ियों के लिए लगी बड़ी बोली





लखनऊ। लखनऊ में पहली बार बेटियों को खेपने के लिए पैसे मिलेंगे। पहली बार हो रही लखनऊ विमेंस प्रीमियर लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी हुई। शुक्रवार को हुई इस नीलामी में करीब दो दर्जन रेटिंग खिलाड़ियों पर फ्रेंचाईजी ने 25-25 हजार रुपये बरसाये। सबसे अधिक बेस प्राइस 10 हजार रुपये रखा गया था और बोली की सीमा अधिकतम 25 हजार रुपये थी।

नीलामी की शुरूआत क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष एवं लीग के चेयरमैन डॉ. नवनीत सहगल, सीएएल के सचिव के एम खान, लीग के कमिश्नर एस पी मिश्रा, डिप्टी कमिश्नर प्रियकनका शैली ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर प्रख्यात पत्रकार वंदना मिश्रा की महिला क्रिकेट पर लिखी गई किताब का विमोचन भी डॉ. नवनीत सहगल ने किया। नीलामी में छह फ्रैंचाईजी टीमों के मलिक, कोच और एक्सपर्ट शकमिल हुए। सभी रेटिंग खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल करने के लिए बोली लगाने के कांटे की होड़ थी। इन खिलाड़ियों को खरीदने के लिए सभी टेकमों ने अधिकतम 25 हजार रुपये की बोली लगाई। ऐसे में टीमों ले लिए लॉटरी निकली गई। इसमें जिस टीम की लाटरी निकली उसे वह खिलाड़ी दिया गया।

**सबसे ज्यादा रेटिंग खिलाड़ी लखनऊ चैलेंजर्स और लखनऊ नवाही क्वीन्स में**

फ्रेंचाइजी के पर्स में पहले दो लाख रुपये रखे गए थे। बाद में चेयरमैन डा. नवनीत सहगल ने इसे बढ़ाकर 2.5 लाख कर दिए। इसके बाद फ्रेंचाइजी खिलाड़ी खरीदने में दिल खोलकर पैसे खर्च किए। करीब दो दर्जन रेटिंग खिलाड़ी 25-25 हजार रुपये में बिके। इनमें अरोमा त्यागी (24.5 हजार) को छोड़कर सभी खिलाड़ियों के लिए इतनी होड़ थी की लाटरी निकाली गई। लखनऊ नवाबी क्वीन्स और आरईपीएल लखनऊ चैलेंजर्स ने सबसे ज्यादा छह-छह रेटिंग वाले खिलाड़ी खरीदे। इसके बाद फोर स्क्वायर वारियर्स ने पांच, लखनऊ शेरनी ने चार, सेज फाल्कन ने तीन, रहीमाबाद रायल्स ने दो रेटिंग वाले खिलाड़ी खरीदे।

इसके अलावा बाकी सभी खिलाड़ियों का बेसप्राइस 3000 रुपये रखा गया है। इनकी अधिकतम बोली 5000 रुपये निर्धारित की गई है। इसमें फ्रेंचाइजी को छूट गई है कि वे अपनी मनपसंद के खिलाड़ी चुन सकते हैं। जिस खिलाड़ी को दो या उससे अधिक फ्रेंचाइजी चाहती होंगी उसके लिए बोली लगाई जाएगी।

# पंजाब के हर कोने तक पहुंचे नशारोधी मुहिम

पठानकोट। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष नितिन नवीन ने शुक्रवार को कहा कि पंजाब को नशे के अभिशाप से मुक्त करना होगा और नशा विरोधी अभियान को राज्य के हर कोने तक पहुंचाया जाना चाहिए। पठानकोट में भाजपा अध्यक्ष ने एकता स्थल से राज्यव्यापी नशा विरोधी चार यात्राओं में से पहली यात्रा को रवाना किया। दूसरी यात्रा 19 सितंबर को फतेहगढ़ साहिब से शुरू होगी, जबकि तीसरी यात्रा 20 सितंबर को फाजिल्का और चौथी यात्रा 21 सितंबर को बठिंडा के तलवंडी साबो से शुरू होगी। भाजपा सूत्रों ने बताया कि 13 दिन चलने वाली ये चारों यात्राएं पंजाब के सभी 117 विधानसभा क्षेत्रों में करीब 4,000 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी और खासकर युवाओं में नशे के खतरे के खिलाफ जागरूकता फैलाएंगी। चारों यात्राओं के समापन के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 30 सितंबर को जालंधर में एक रैली को संबोधित करेंगे। एक जनसभा को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा, मैं पटना से एक संदेश लेकर आया हूं-हमें इस नशा विरोधी अभियान को राज्य के हर कोने तक पहुंचाना है। हमें पंजाब को नशा मुक्त बनाना है। आज हम एक ऐसे दुश्मन का सामना कर रहे हैं, जो चुपचाप हमारे गांवों और घरों में प्रवेश करता है और धीरे-धीरे पूरे परिवार को अपनी चपेट में ले लेता है। यह दुश्मन नशा है और हमें इस अभिशाप को खत्म करना होगा। मैं यहां केवल यात्रा को रवाना करने नहीं आया हूं, बल्कि इस संकल्प के साथ नशे के खिलाफ लड़ाई शुरू करने आया हूं कि हम इस समस्या को जड़ से खत्म करेंगे। नवीन ने भगवंत मान सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह नशे की समस्या खत्म करने के लिए केवल तारीख पर तारीख देती है, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं होता।



इस अवसर पर पंजाब भाजपा के अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों, सतीश पूनिया, तरुण चुग, सुनील जाखड़, मनप्रीत सिंह बादल, सौदान सिंह, राघव चड्ढा और इकबाल सिंह लालपुरा समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। पंजाब में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में भाजपा ने राज्य में नशे और बिगड़ती कानून-व्यवस्था के मुद्दों को अपने चुनावी अभियान का आधार बनाने की योजना बनाई है।

# राष्ट्रपति ट्रंप प्रतिबंध संबंधी विधेयक पर हस्ताक्षर करने की बना रहे योजना



वाशिंगटन। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस और ईरान पर प्रतिबंध लगाने संबंधी अधिनियम पर हस्ताक्षर करने की योजना बना रहे हैं।

यह बयान अमेरिकी प्रतिनिधि सभा द्वारा इस विधेयक को मंजूरी दिए जाने के एक दिन बाद आया है, जिसमें मॉस्को के शीर्ष ऊर्जा खरीदारों पर भारी शुल्क लगाने का भी प्रावधान है। विधेयक पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर कर इसे कानून में बदलने के बारे में पूछे जाने पर व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया, राष्ट्रपति इस विधेयक पर हस्ताक्षर करने की योजना बना रहे हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने रूस पर प्रतिबंध संबंधी अमेरिकी विधेयक पारित होने पर प्रतिक्रिया देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारत अपने 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विविध स्रोतों से ऊर्जा खरीद जारी रखेगा।

## अमेरिका ने ईरान के शीर्ष नेताओं को संयुक्त राष्ट्र की उच्चस्तरीय बैठक के लिए वीजा दिया

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने ईरान के राष्ट्रपति और विदेश मंत्री सहित शीर्ष अधिकारियों को अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्चस्तरीय बैठक में शामिल होने के लिए वीजा प्रदान कर दिया है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है, जब दोनों देशों के बीच युद्ध को लेकर गतिरोध बना हुआ है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने संयुक्त राष्ट्र की बैठकों में शामिल होने के लिए ईरान के मुख्य प्रतिनिधिमंडल और जरूरी कर्मचारियों को वीजा देने की मंजूरी दे दी है। अमेरिकी अधिकारियों ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि जिस ईरानी प्रतिनिधिमंडल को वीजा जारी करने की अनुमति दे दी गई है, उसमें राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान और विदेश मंत्री अब्बास अराघची भी शामिल हैं।

## संक्षेप

### बैंक कर्मचारी से 11 लाख रुपये की लूट में वकील समेत चार लोग गिरफ्तार

चेन्नई। चेन्नई के टी नगर में एक फ्लाईओवर पर बैंक कर्मचारी से 11 लाख रुपये लूटने के मामले में पुलिस ने एक वकील समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना दो दिन पहले हुई थी। उसने बताया कि कुंद्राथुर निवासी बैंक कर्मचारी कार्तिकेयन दोपहिया वाहन से जा रहे थे, तभी मोटरसाइकिल सवार अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। पुलिस ने बताया कि बदमाशों ने चाकू दिखा कर उन्हें धमकाया, 11 लाख रुपये लूट लिए और मौके से फरार हो गए। पोंडी बाजार पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की। पुलिस ने निगरानी फुटेज के आधार पर आनंद सेल्वन, मोहम्मद फैसल, अरुणकुमार और पेशे से वकील बबलू को गिरफ्तार किया तथा आरोपियों के पास से 2.38 लाख रुपये नकद भी बरामद किए। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि कार्तिकेयन ने मलेशिया में रह रहे अपने चाचा से मिली जानकारी के बाद पेरिस कॉर्नर इलाके में एक व्यक्ति से बड़ी मात्रा में नकदी ली थी। आनंद सेल्वन और बबलू के खिलाफ पहले से आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# नंदीग्राम उपचुनाव: ममता बनर्जी खेमे की उम्मीदवार संचिता ने नामांकन वापस लिया

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की गुटीय लड़ाई के बीच नंदीग्राम उपचुनाव के लिए ममता बनर्जी खेमे की उम्मीदवार संचिता प्रधान डे ने शुक्रवार को अपना नामांकन वापस ले लिया। नामांकन वापसी की अंतिम तारीख में एक दिन बाकी रहने के बीच यह घटनाक्रम सामने आया है।

यह घटनाक्रम निर्वाचन आयोग द्वारा छह अक्टूबर को होने वाले उपचुनाव के लिए ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट को नया पार्टी नाम और चुनाव चिह्न आवंटित किए जाने के कुछ घंटे बाद हुआ। पेशे से शिक्षिक प्रधान डे को ममता खेमे ने नंदीग्राम से उम्मीदवार बनाया था। शुक्रवार दोपहर अपने पति सत्यजीत के साथ वह राज्य सचिवालय नबान्न पहुंचीं और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से मुलाकात की।

इसके बाद प्रधान डे ने अपना नामांकन वापस ले लिया, जिससे नंदीग्राम उपचुनाव में ममता खेमे वाली ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस का कोई उम्मीदवार नहीं है।

# नंदीग्राम उपचुनाव : ममता ने कांग्रेस को दिया समर्थन

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नंदीग्राम उपचुनाव में कांग्रेस को अपनी पार्टी का समर्थन देने की शुक्रवार को घोषणा की। उन्होंने यह घोषणा अपनी पार्टी की उम्मीदवार के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से मुलाक़ात के बाद चुनाव से हटने के कुछ घंटों बाद की। कांग्रेस को तृणमूल की करीबी पार्टी बताते हुए बनर्जी ने कहा कि इस कदम का मकसद विपक्षी गठबंधन इंडिया को मज़बूत करना है।

ममता बनर्जी ने अपने कालीघाट स्थित आवास पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके गुट ने पहले ही नंदीग्राम में कांग्रेस का समर्थन करने का फैसला किया था, और यह भविष्य की शुरुआत है। उनकी यह टिप्पणी तृणमूल कांग्रेस के लिए एक बड़ा राजनीतिक यू-टर्न है। राज्य में 15 वर्ष तक सत्तारूढ़ रहने के दौरान तृणमूल का यही रुख रहा है कि वह बंगाल में अकेले ही भाजपा का मुक़ाबला कर सकती है और उसने राज्य में चुनावी समझौते के लिए कांग्रेस के प्रस्तावों को बार-बार ठुकराया है।



ममता बनर्जी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया को मज़बूत करने का संदेश बंगाल से शुरू होने दें। यह घटनाक्रम संचिता प्रधान डे के मैदान से हटने के बाद हुआ, जिन्हें ममता गुट ने नंदीग्राम से मैदान में उतारा था। प्रधान डे ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अधिकारी से मुलाक़ात की और बाद में अपना नामांकन वापस ले लिया, जिससे उपचुनाव वाले क्षेत्र में ममता बनर्जी खेमे का कोई उम्मीदवार नहीं बचा। कांग्रेस ने नंदीग्राम से मिलन प्रधान को मैदान में उतारा है और ममता की घोषणा का मतलब है कि उनका गुट अब कोई दूसरा उम्मीदवार नहीं खड़ा करेगा और कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन देगा। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि ममता बनर्जी घोषणा करने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन कांग्रेस ने उनसे समर्थन नहीं मांगा था। चौधरी ने कहा कि वह एक राजनीतिक नेता हैं। वह जो चाहें कह सकती हैं। लेकिन सच यह है कि उन्होंने एक उम्मीदवार खड़ा किया था और अब जब उम्मीदवार हट गयी हैं, तो वह हमें समर्थन दे रही हैं। हमने उनसे समर्थन नहीं मांगा है। ममता ने रेजीनगर सीट के बारे में फैसला बाद में लेने की बात कहकर उस पर स्थिति साफ नहीं की है। नंदीग्राम की घोषणा बनर्जी के लिए ख़ास राजनीतिक महत्व रखती है। 2007 में इस क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण विरोधी आंदोलन उनके राजनीतिक सफर की अहम लड़ाइयों में से एक बन गया था और इसने वाम मोर्चा के ख़िलाफ तृणमूल कांग्रेस के अभियान को आगे बढ़ाने में मदद की। इसके बाद 2011 में पार्टी पश्चिम बंगाल में सत्ता में आयी। तृणमूल ने 2011 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस के साथ गठबंधन में लड़ा था और राज्य में वाम मोर्चा के 34 साल के शासन को खत्म किया था। ममता ने 15 साल बाद, नंदीग्राम में फिर से कांग्रेस को समर्थन दिया है। लेकिन इस बार विपक्ष की स्थिति बदली हुई है।

# कांग्रेस का दावा, नंदीग्राम के उसके उम्मीदवार को गिरफ्तार किया गया

## 12 से अधिक मामलों में नामजद था प्रधान

एजेंसी

कोलकाता। नंदीग्राम विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार मिलन प्रधान को 2007 के भूमि अधिग्रहण विरोधी आंदोलन में कथित संलिप्तता के मामले में शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने यह दावा किया।

कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी के एक और नेता सुभाशीष भट्टाचार्य को भी प्रधान को गिरफ्तार करने से पुलिस को कथित तौर पर रोकने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। कांग्रेस नेता ने कहा कि नंदीग्राम भूमि आंदोलन से जुड़े 12 से अधिक मामलों में नामजद प्रधान को पूर्व मेदिनीपुर जिले के चांदीपुर स्थित एक होटल से हिरासत में लिया गया। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, यह भाजपा का गंदा खेल है। मिलन 2007 में नंदीग्राम आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे। तब से उनके खिलाफ कम से कम 12 मामले दर्ज हैं। लेकिन आज, क्योंकि उन्होंने सफलतापूर्वक अपना नामांकन दाखिल कर दिया है, पुलिस के जरिए उन्हें गिरफ्तार करा दिया गया। इससे पहले, पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नंदीग्राम सीट पर छह अक्टूबर को होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस को अपनी पार्टी का समर्थन देने की घोषणा की थी। यह घोषणा ममता बनर्जी खेमे की उम्मीदवार के चुनाव मैदान से हटने के कुछ घंटे बाद की गई।

# ईरान में सबसे बड़े प्रदर्शन में हजारों नागरिक हुए जमा

ईरान। ईरान में शुक्रवार को हजारों नागरिकों ने फरवरी में अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद सरकार द्वारा आयोजित अपनी तरह के सबसे बड़े प्रदर्शन में संकल्प जताया कि वे हथियार उठाने को भी तैयार हैं।

ईरान की सरकार ने लोगों को एकजुट करने और राष्ट्रीय एकता पर जोर देने की कोशिश की है, जबकि अमेरिकी नौसेना द्वारा ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी और तेहरान की आर्थिक मुश्किलों को बढ़ाने के लिए लगाए गए नए अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण इस देश की अर्थव्यवस्था खराब हो रही है। सीमित सैन्य प्रशिक्षण लेने और देश की रक्षा करने के लिए स्वेच्छा से आगे आने




वाले लोगों की संख्या के बारे में अलग-अलग अनुमान सामने आए। इस प्रयास को जानफदाये-ए-ईरान या ईरान के लिए अपनी जान कुर्बान करना करार दिया जा रहा है। इसमें लोगों ने लड़ाकू बलों की वर्दी में झंडे लेकर तेहरान के शहर के बीचोंबीच मार्च निकाला और उपस्थित लोग उनका उत्साह बढ़ा रहे थे। कई दिनों से सरकारी मीडिया ईरान वासियों को इस अभियान में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है और कह रहा है कि हथियारों के साथ प्रशिक्षण जल्द ही शुरू होगा। ये कार्यकर्ता शक्तिशाली रिवोल्यूशनरी गार्ड अर्द्धसैनिक बल और उसकी शाखा बासिज के अतिरिक्त सुरक्षा कर्मी होंगे। तेहरान के गार्ड प्रमुख, जनरल हसन हसनजादेह ने सरकारी प्रसारणकर्ता को बताया कि छह लाख से अधिक लोगों ने इसमें भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है, और 10 लाख से अधिक लोगों के प्रशिक्षण में भाग लेने की उम्मीद है। बासिज के नए प्रमुख, होसैन ताएब ने रैली की शुरुआत में एक भाषण में घोषणा की कि स्वयंसेवक पूर्ण रक्षा के लिए तैयार रहेंगे और जल्द ही अन्य शहरों में भी ऐसी ही रैलियां होंगी।

## इंटरटेनमेंट...

# मेरा आकर्षण बढ़ता जा रहा है, क्या करूं

नयी दिल्ली। वह भला कर भी क्या सकते हैं, उनके बालों की तरह ही उनका आकर्षण भी लगातार बढ़ता जा रहा है। शाहरुख खान ने मंगलवार को अचानक शुरू हुए एक हैशटैग आस्क एसआरके (एसआरके से पूछें) सत्र के दौरान मजाकिया लहजे में यह बात कही।

सोशल मीडिया पर आयोजित इस सवाल-जवाब के दौर में गंभीर से लेकर बेहद अजीबोगरीब सवाल-जवाब देखने को मिले। अभिनेता ने इस मौके पर अपने प्रशंसकों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं भी दीं और उनसे अपनी नयी फिल्म किंग की सफलता के लिए प्रार्थना करने का अनुरोध किया, जो 24 दिसंबर को प्रदर्शित होगी। शाहरुख ने सत्र की शुरुआत करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा,' सभी को गणपति की शुभकामनाएं। चारों ओर उत्सव और खुशी का माहौल है, बप्पा आपके जीवन में और खुशियां लाएं। खुशियों को और बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि इसे दोस्तों के साथ साझा किया जाए इसलिए, थोड़ी खुशियां बांटने और हंसी-मजाक के लिए, आइए कुछ देर के लिए शाहरुख से पूछें का सवाल-जवाब सत्र शुरू करते हैं,



बशर्ते आप सभी के पास समय हो। आप सभी को प्यार सोशल मीडिया मंच एक्स पर चार करोड़ से अधिक फॉलोअर्स वाले अभिनेता विभिन्न विषयों पर लोगों से बातचीत करने के लिए इस मंच का उपयोग करते रहे हैं। इस सत्र में प्रशंसकों ने उनसे प्यार पर सलाह मांगी, फिल्म' धुरंधर' पर उनकी राय जानी और एक नए शादीशुदा व्यक्ति ने अपने रिश्ते में ग्रीन फ्लैग (अच्छा व वफादार साथी) बनने के तरीके पूछे। शाहरुख ने तुरंत जवाब दिया, एक दूसरे के रंग में रंग जाओ... थोड़े तालमेल बिठाओ ताकि आप दोनों एक-दूसरे को अधिक खुश रख सकें। एक अन्य प्रशंसक ने कहा कि वह अब कॉलेज के अंतिम वर्ष में है और अभी तक उसकी कोई प्रेमिका नहीं है। अभिनेता ने सलाह देते हुए कहा, चिंता मत करो, कॉलेज का आखिरी साल खत्म होने से पहले तुम्हें वह लड़की मिल जाएगी जिससे तुम प्यार करोगे। तब तक डटकर पढ़ाई करो ताकि जब वह तुम्हें आखिरकार मिल जाए, तो तुम्हारे पास उसके लिए पूरा खाली समय हो, इसके बाद एक प्रशंसक ने पूछा कि जब शाहरुख चकाचौंध से दूर हो जाते हैं और अकेले होते हैं, तो वह क्या करते हैं? इस पर अभिनेता ने पिछले कई वर्षों से लगातार मिल रहे प्रशंसकों के प्यार के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, ईमानदारी से कहूं तो भगवान बहुत कृपालु रहे हैं... मैं इस चकाचौंध से कभी दूर नहीं होता और न ही यह भीड़ कभी कहीं जाती है... इसलिए मेरा सपना हमेशा इस सब के बीच घिरे रहना और खुश रहना है।

### अभिनेता दंपत्ति सूर्या और ज्योतिका ने अपने विवाह के वचन फिर से भरे

चेन्नई। अभिनेता दंपत्ति सूर्या और ज्योतिका ने विवाह के बंधन के 20 वर्ष पूरा होने के अवसर पर विवाह के वचनों को फिर से भरा। इस जोड़ी ने करीबी दोस्तों और परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में एक निजी विवाह समारोह आयोजित कर अपनी शादी की 20वीं सालगिरह मनाई। दोनों ने 11 सितंबर 2006 को शादी की थी और उनके दो बच्चे दिया और देव हैं। वीडियो में ज्योतिका अपने बेटे के साथ समारोह में पहुंचती नजर आ रही हैं, जबकि उनकी बेटी सूर्या के साथ थीं। अभिनेत्री ने पोस्ट में लिखा, दसीक्कल- 20 साल के प्यार और संघर्ष का जश्न मनाते हुए विवाह के वचनों का नवीनीकरण। अरे नहीं, यह एक आदर्श शादी का जश्न नहीं है। यह कमियों, एक-दूसरे के अनुसार ढलने, समझ, त्याग और निस्वार्थ प्रेम का जश्न है।

# फ़िल्म उद्योग हमें अच्छा काम करने से रोकता है : तिग्मांशु




मुंबई। फिल्म निर्माता तिग्मांशु धूलिया का कहना है कि हर फिल्म एक संघर्ष है और उद्योग में परियोजनाओं को हरी झंडी देने वाले लोगों के पास कोई दृष्टि नहीं है, जिसकी वजह से फिल्मकारों को पर्दे पर अच्छा काम करने की कोशिश से रोक दिया जाता है।

हासिल, पान सिंह तोमर एवं साहेब बीवी और गैंगस्टर जैसी फिल्मों तथा क्रिमिनल जस्टिस, द ग्रेट इंडियन मर्डर और गर्मी जैसे ओटीटी शो से चर्चा में आए धूलिया ने एक जैसी कहानियों वाली फिल्मों को लेकर उद्योग के जुनून पर सवाल उठाया और कहा कि इनका प्रदर्शन भी लगातार एक जैसा नहीं रहा है। धूलिया ने पीटीआई-भाषा से कहा, हर फिल्म एक संघर्ष है। अगर आप किसी कहानी को अलग तरीके से कहना चाहते हैं तो यह उद्योग हमें अच्छा काम करने से रोकता है।

# ऋतु आर्य ने शाहरुख खान को बताया ध्रुव तारा

नयी दिल्ली। रेड नोटिस, बार्बी और द अम्ब्रेला एकेडमी जैसी हॉलीवुड फिल्मों एवं सीरीज के लिए पहचानी जाने वाली ब्रिटिश-भारतीय अभिनेत्री ज्तु आर्य का कहना है कि वह हमेशा से बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की प्रशंसक रही हैं और उन्हें अपना ध्रुव तारा (मार्गदर्शक) मानती हैं। ऋतु आर्य (38) का जन्म इंग्लैंड के गिल्डफोर्ड शहर में हुआ था। उनके माता-पिता दोनों भारतीय मूल के हैं। आर्य अपोलो हैज फॉलन में एक बार फिर ब्रिटिश गुप्तचर एजेंसी एमआई-6 की एजेंट की अपनी भूमिका में नजर आएंगी। उन्हों ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में बताया कि ब्रिटेन में अपने बचपन के दिनों में उन्होंने कई बॉलीवुड



फिल्में देखीं।

आर्य ने कहा, मैं बॉलीवुड की बहुत सी फिल्में देखकर बड़ी हुई हूं और शाहरुख खान मेरे ध्रुव तारा रहे हैं... मैं उनकी बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। और मुझे पता है कि यह बात लोगों को थोड़ी अटपटी लग सकती है, क्योंकि यह एक रूढ़िवादी धारणा जैसी लगती है, लेकिन मेरे लिए ऐसा नहीं है, क्योंकि यही मेरी जिंदगी थी। साक्षात्कार में शामिल अपोलो हैज फॉलन में ज्तु आर्य के सह-कलाकार तौफीक जल्लाब (जो इस सीरीज में विंसेंट तालेब की भूमिका निभा रहे हैं) ने याद किया कि कैसे ज्तु आर्य ने एक बार उनसे कहा था कि वह शाहरुख खान जैसे दिखते हैं। साक्षात्कार के दौरान मौजूद अपोलो हैज फॉलन में उनके सह-कलाकार तौफीक जल्लाब ने याद किया कि कैसे ज्तु ने एक बार उनसे कहा था कि वह शाहरुख खान जैसे दिखते हैं, वह इस शृंखला में विंसेंट तालेब की भूमिका निभा रहे हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K